* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

02 जुलाई, 2024
आषाढ़, कृष्ण पक्ष, एकादशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 252







2,3 BHK FLAT AVAILABLE
FOR SALE
At Bootymore & Tatisilwai
(Residential & Commercial)
On Road, Project Near & Smart Point Booty More, Ranchi
Contact Now
8521980977

## सदन में प्रतिपक्ष के नेता ने भाजपा पर साधा निशाना

# जो खुद को हिंदू कहते हैं वही हिंसा करते हैं: राहुल

- लोकसभा में मचा हंगामा, पीएम नरेंद्र मोदी ने किया हस्तक्षेप
- गृह मंत्री अमित शाह ने राहुल को घेरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दो दिनों के अवकाश के बाद सोमवार को फिर से लोकसभा और राज्यसभा का सत्र शुरू हुआ। लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण के लिए धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि जो खुद को हिंदू कहते हैं, वही हिंसा-हिंसा करते हैं। राहुल के बयान पर काफी हंगामा मचा। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राहुल के भाषण के बीच उन्हें टोका। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी राहुल गांधी पर जम कर पलटवार किया। अग्निवीर को लेकर राहुल द्वारा दिये गये बयान पर राजनाथ सिंह ने गलतबयानी का आरोप लगाया, तो किसानों के बारे में कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि राहुल झूठ बोल रहे हैं।




### राहुल ने हिंदू को लेकर क्या कहा

राहुल ने सदन में भगवान शिव की तस्वीर दिखायी। इस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आपत्ति जतायी। राहुल ने सवाल किया कि क्या इस सदन में शिवजी की फोटो दिखाना मना है? आप बस ये बता दीजिए। राहुल ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग अपने आपको हिंदू कहते हैं, वह सिंहसा, हिंसा करते हैं। नफरत-नफरत- नफरत और असत्य-असत्य-असत्य करते रहते हैं। ये हिंदू हैं ही नहीं। आप हिंदू हो ही नहीं। हिंदू धर्म में साफ लिखा है कि सत्य के साथ खड़ा होना चाहिए। सत्य से पीछे नहीं हटना चाहिए। अहिंसा फैलाना चाहिए।

## हिंदू समुदाय को हिंसक कहना गंभीर बात है: प्रधानमंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दौरान बीच में ही उठ कर राहुल गांधी को रोका और कहा कि यह बात बहुत गंभीर है। पूरे हिंदू समुदाय को हिंसक कहना गंभीर विषय है। इस पर राहुल ने जवाब दिया कि मैंने भाजपा को हिंसक कहा, नरेंद्र मोदी पूरा हिंदू समाज नहीं है। भाजपा पूरा हिंदू समाज नहीं है। आरएसएस पूरा हिंदू समाज नहीं है। इस पर मोदी ने कहा कि इस संविधान ने मुझे सिखाया है कि विपक्ष के नेता को गंभीरता से लेना चाहिए।



### राहुल गांधी को माफी मांगनी चाहिए : शाह



राहुल गांधी के बयान पर पलटवार करते हुए अमित शाह ने कहा कि शोर-शराबा कर के इतने बड़े कृत्य को छिपाया नहीं जा सकता। विपक्ष के नेता ने कहा कि जो अपने आप को हिंदू कहते हैं, वह हिंसा करते हैं। हिंसा की बात करते हैं। इनको शायद मालूम नहीं है कि करोड़ों लोग खुद को गर्व से हिंदू कहते हैं। क्या वे सभी लोग हिंसा करते हैं। हिंसा की भावना को किसी धर्म के साथ जोड़ना और वह भी इस सदन में संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा। मुझे लगता है उन्हें इसकी माफी मांगनी चाहिए।

## राहुल गांधी ने अग्निवीर, एमएसपी और नीट को लेकर सरकार पर लगाये आरोप

- राजनाथ सिंह, अमित शाह, शिवराज सिंह ने टोका, कहा: झूठ बोल रहे

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** संसद सत्र के छठे दिन नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मोदी सरकार और भाजपा को 20 से ज्यादा मुद्दों पर घेरा। उन्होंने हिंदू के अलावा अग्निवीर, किसान, मणिपुर, नीट, बेरोजगारी, नोटबंदी, जीएसटी, एमएसपी, हिंसा, भय, धर्म, अयोध्या, गुजरात, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, अडाणी-अंबानी, प्रधानमंत्री और स्पीकर की चर्चा की। राहुल ने 90 मिनट के भाषण की शुरुआत संविधान की कॉपी दिखा कर की। भाषण के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष में जम कर तू-तू, मैं-मैं हुई। राहुल ने अग्निवीर, पीएम मोदी के परमात्मा से डायरेक्ट कनेक्शन और किसानों के एमएसपी कानून की बात कही। इस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो बार, अमित शाह और राजनाथ ने तीन-तीन बार और शिवराज चौहान और भूपेंद्र यादव को एक-एक बार खड़ा होकर टोकना पड़ा। इस दौरान दोनों सदनों में जम कर हंगामा हुआ।

### राहुल गांधी के तीन बयान, जिन पर अमित शाह, राजनाथ समेत तीन मंत्रियों ने जवाब दिये

- राहुल ने कहा कि हिंदू डर नहीं फैला सकता। भाजपा डर फैला रही है। अयोध्या से शुरू करता हूं। राहुल के इतना कहने पर अमित शाह खड़े हुए। उन्होंने कहा कि नियम इन पर लागू नहीं होता क्या। ये पूरी भाजपा को हिंसा फैलाने वाला बता रहे हैं। हाउस ऑर्डर में नहीं है। सदन ऐसे नहीं चलेगा।
- राहुल ने कहा कि किसानों ने ये कहा कि 16 लाख करोड़ उद्योगपतियों का कर्जा माफ हो सकता है, तो हमारा भी थोड़ा सा कर दीजिए। किसान ने एमएसपी मांगी। आपने कहा कि आपको ये नहीं मिलेगी। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान बोले कि ये गलतबयानी कर रहे हैं। एमएसपी पर खरीद जारी है। ये सत्यापित करें कि एमएसपी पर खरीद नहीं हो रही। यह भी बतायें कि यूपीए के शासनकाल में क्या खरीद हुई थी।
- राहुल ने अग्निवीर पर कहा कि पूरा देश जानता है कि ये सेना की स्कीम है। सेना जानती है कि ये स्कीम सेना की नहीं, पीएम का ब्रेन चाइल्ड है। राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने हाल ही में अग्निवीर अजय सिंह के परिवार से बात की। जनवरी में जम्मू-कश्मीर के राजौरी में एक लैंडमाइन विस्फोट में अजय सिंह ने सर्वोच्च बलिदान दिया था। उस घर में तीन बहनें बैठी हुईं रो रही थीं। मैं उसे शहीद कह रहा हूं, लेकिन, नरेंद्र मोदी सरकार उसे शहीद नहीं कहती। नरेंद्र मोदी उसे अग्निवीर कहते हैं। उस घर को पेंशन नहीं मिलेगी। उस घर को मुआवजा नहीं मिलेगा, शहीद का दर्जा नहीं मिलेगा। आम जवान को पेंशन मिलती है और हिंदुस्तान की सरकार आम जवान की मदद करेगी, लेकिन अग्निवीर को जवान नहीं कहा जाता है। अग्निवीर, इस्तेमाल करो और फेंको (यूज एंड थ्रो) मजदूर है।

### शहीद होने पर एक करोड़ की सहायता राशि दी जाती है: राजनाथ सिंह



राहुल गांधी के वार पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पलटवार किया। सदन में राहुल के सवाल का जवाब देते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि राहुल गांधी झूठ बोल कर सदन को गुमराह कर रहे हैं। मैं सदन को अवगत कराना चाहता हूं कि युद्ध के दौरान अथवा देश की सुरक्षा के दौरान अगर कोई अग्निवीर शहीद होता है, तो केंद्र सरकार द्वारा एक करोड़ रुपये की धनराशि उसके परिवार की सहायता के रूप में दी जाती है। अमित शाह ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष द्वारा सदन में गलत तथ्य पेश किये जा रहे हैं। उनको सदन में झूठ बोलने की अनुमति नहीं मिलनी चाहिए।

## सीएम ने जमशेदपुर में अस्पताल का उद्घाटन किया

# बेहतर चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराना प्राथमिकता : चंपाई सोरेन

- मुख्यमंत्री ने कहा, अस्पताल खोलना सराहनीय कदम

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने जमशेदपुर के कागल नगर, सोनारी स्थित ब्रह्मानंदम अस्पताल का सोमवार को उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मनुष्य जीवन में अस्पताल की काफी महत्ता है। अस्पताल का खुलना सराहनीय प्रयास है। बेहतर चिकित्सीय सुविधा मिलेगी तभी लोग स्वस्थ रहेंगे। ब्रह्मानंदम अस्पताल पहले से ही सरायकेला-खरसावां जिले में अपनी सेवा दे रहा है। जमशेदपुर के शहरी क्षेत्र में इस अस्पताल के खुलने से अब यहां के लोग लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर चंपाई सोरेन ने अस्पताल प्रबंधन को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि अस्पताल प्रबंधन गरीब-जरूरतमंद मरीजों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार राज्य में चिकित्सा व्यवस्था के गुणात्मक सुधार हेतु निरंतर प्रयासरत है। यहां के लोगों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा मुहैया करायी जा सके, यह राज्य सरकार की प्राथमिकता है। स्वस्थ एवं निरोगी समाज से ही समृद्ध एवं विकसित राज्य की परिकल्पना पूरी की जा सकेगी। मुख्यमंत्री ने मौके पर नवनिर्मित अस्पताल के ओटी, चाइल्ड केयर यूनिट, महिला-पुरुष वार्ड सहित अन्य चिकित्सीय सुविधाओं का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक सविता महतो और रामदास सोरेन, राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजू गिरी, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।


## नीट री-एग्जाम रिजल्ट जारी, 67 से घट कर 61 हुई टॉपर्स लिस्ट

- नये स्कोर कार्ड भी जारी हुए, 1563 अभ्यर्थियों के लिए हुई थी परीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** एनटीए ने नीट-यूजी री-एग्जाम का रिजल्ट जारी कर दिया है। री-एग्जाम में 813 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। रिजल्ट जारी होने के बाद अब टॉपर्स की गिनती 67 से घट कर 61 हो गयी है। गौरतलब है कि नीट री-एग्जाम उन 1563 अभ्यर्थियों के लिए हुआ था, जिन्हें रिजल्ट में ग्रेस मार्क्स मिले थे। इनका 23 जून को दोबारा एग्जाम कराया गया था। इनमें से सिर्फ 813 ही री-एग्जाम में शामिल हुए थे। 720 में से 720 नंबर पाने वाले छह में से पांच अभ्यर्थी री-एग्जाम में शामिल हुए थे। इनमें से किसी ने भी री-एग्जाम में टॉप नहीं किया है। हालांकि, सभी पांच अभ्यर्थियों ने री-एग्जाम में 680 से ज्यादा स्कोर किया है। छठे अभ्यर्थी को भी ग्रेस मार्क्स हटा कर बने नंबरों की मार्कशीट दी जायेगी। ऐसे में अब टॉपर्स की गिनती छह कम हो गयी है।

नीट-यूजी 2024 काउंसलिंग प्रक्रिया 6 जुलाई 2024 से शुरू होनेवाली है। री-एग्जाम छह शहरों बालोद व्और दंतेवाड़ा (छत्तीसगढ़), सूरत (गुजरात), बहादुरगढ़ (हरियाणा), मेघालय और चंडीगढ़ में लिये गये थे।




### न्यूज रील्स

#### इडी ने इजहार अंसारी की संपत्ति जब्त की

रांची (आजाद सपाही)। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने कोयलाबारी इजहार अंसारी की संपत्ति जब्त कर ली है। इजहार पर मनी लांड्रिंग का आरोप है। इडी ने पिछले वर्ष उनके ठिकानों पर छापा मारा था। इस दौरान 3.5 करोड़ रुपये नगद भी मिले। इडी ने अंसारी की 62 संपत्ति जिसका मूल्य 9.67 करोड़ रुपये है, को एटैच किया है।

#### ओएसिस स्कूल के दो शिक्षकों को समन

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। नीट प्रश्न पत्र लीक मामले में ओएसिस स्कूल के दो शिक्षकों को सीबीआइ ने समन भेजा है और उन्हें पटना सीबीआइ के दफ्तर में हाजिर होने का आदेश जारी किया गया है। सीबीआइ उस चेन की तलाश कर रही है, जिसके जरिये यह जाना जा सके प्रश्न पत्र कैसे और कब लीक हुआ। इसी तलाश में सीबीआइ ने यहां से तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसमें ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल एहसान उल हक, वाइस प्रिंसिपल इम्तियाज आलम और पत्रकार जमालुद्दीन शामिल है।

# लोहरदगा में कांग्रेसी आपस में भिड़े, हाथापाई हुई

## लोकसभा चुनाव परिणाम समिति की समीक्षा बैठक में जम कर हंगामा

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी की जीत के बावजूद, पार्टी में हाय तौबा मची हुई है। लोकसभा चुनाव परिणाम की समीक्षा के दौरान पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच तू-तू मैं-मैं हुई। मामला इतना बढ़ा कि आपसी खींचतान में हाथापाई तक हो गयी। दरअसल कांग्रेस लोकसभा चुनाव परिणाम समीक्षा समिति के अध्यक्ष प्रदीप बालमुचु, सदस्य प्रदीप तुलस्यान, भीम कुमार एवं सुल्तान अहमद की अगुवाई में लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के नगर भवन में समीक्षा की जा रही थी। लोहरदगा और गुमला जिला कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी और प्रखंड अध्यक्ष इसमें मौजूद थे। दोपहर 12:30 बजे नगर भवन में बैठक शुरू होते ही कांग्रेसी खेमा दो गुटों में बंट गया। आरोप-प्रत्यारोप के बाद माहौल गर्मा गया। मामला तू-तू, मैं-मै से हाथापाई तक पहुंच गया। कांग्रेस के दो गुटों में जम कर संघर्ष हुआ। लगभग आधा घंटा तक कांग्रेसजन आपस में भिड़े रहे। समिति के सदस्यों के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ। कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि बैठक की शुरुआत में लोहरदगा कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुखेर भगत, गुमला कांग्रेस जिला अध्यक्ष चैतू उरांव एवं एवं लोहरदगा विधायक सह मंत्री प्रतिनिधि निशिथ जायसवाल मंच पर मौजूद थे। कांग्रेस के एक गुट ने लोकसभा चुनाव के दौरान इन पर भितरघात करने का आरोप लगा कर जम कर हंगामा शुरू किया। मंच से उन्हें नीचे उतारने के लिए कांग्रेसियों का एक गुट आक्रामक होकर नारेबाजी करने लगा। आरोप-प्रत्यारोप के बीच बात बढ़ गयी। दोनों गुटों के बीच खींचतान शुरू हुई। इसके बाद हाथापाई हुई। उल्लेखनीय है कि चंद दिनों पूर्व कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में कांग्रेसजनों ने बैठक आयोजित कर कांग्रेस के वरीय नेताओं और उनके समर्थकों पर लोकसभा चुनाव में भितरघात करने का आरोप लगा कर उनका पुतला फूंका था। जम कर नारेबाजी की गयी थी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 67,600 रु./10 ग्राम
चांदी 93,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 02 जुलाई, 2024
www.azadsipahi.in


# गिरिडीह में पुल नहीं, झारखंड की प्रतिष्ठा धंसी है

## ■ विकास कार्यों में भ्रष्टाचार ने एक बार फिर बेपर्दा किया है राज्य के सिस्टम को

## ■ ऐसे मामलों में जांच के आदेश तो होते हैं, पर नतीजों का कभी पता नहीं चलता

## ■ अब इस तरह की लापरवाही को बर्दाश्त करने से विकास पर लग जायेगा ब्रेक

आजाद सिपाही विशेष

**15 नवंबर 2000 को देश के राजनीतिक नक्शे पर 28वें राज्य के रूप में जब झारखंड का उदय हुआ था, तब किसी को इस बात का आभास नहीं था कि निश्छल और संवेदनशील संस्कृति के समाज वाला यह प्रदेश बहुत जल्द भ्रष्टाचार की नयी परिभाषा गढ़ेगा और देश में इसकी चर्चा इसकी खनिज संपदा के साथ-साथ भ्रष्टाचार के कारण ही होगी। झारखंड को राजनीति के चतुर खिलाड़ियों और पैसा कमाने की अंधाधुंध होड़ में लगे लोगों ने जम कर लूटा और हर दिन यहां भ्रष्टाचार के नये किस्से सामने आने लगे। अभी गिरिडीह जिले में एक निर्माणाधीन पुल के धंसने की घटना के बाद पिछले 24 साल में झारखंड में होनेवाली इस तरह की घटनाओं की सूची अचानक सामने आ जाती है और तब पता चलता है कि विकास योजनाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार ने इस राज्य को बार-बार कलंकित किया है। झारखंड एक ऐसा राज्य है, जहां कभी एक ही रात में सात पुल बह जाते हैं, तो कभी करोड़ों के खर्च से बने बांध को चूहे कुतर कर बर्बाद कर देते हैं। कभी बारिश और आसमानी बिजली गिरने की वजह से पूरा का पूरा मकान ढह जाता है, तो कभी हजारों हेक्टेयर में लगाये गये जंगल को मवेशी चर जाते हैं। कभी 10 करोड़ रुपये खर्च कर महज तीन साल में बनाया गया रांची जिला का सबसे लंबा पुल औपचारिक उद्घाटन से पहले ही बह जाता है और राजधानी की शान माने जानेवाले बिरसा मुंडा राजपथ के ठीक बगल में बनायी गयी पक्की सड़क में दरार पड़ जाती है। भ्रष्टाचार की इन कहानियों में एक बात सामान्य है कि इन सभी का एक पात्र ऐसा है, जिसे कोई कुछ नहीं कर सकता। भारी बारिश, चूहे, मवेशी या आसमानी बिजली के खिलाफ दुनिया का कोई भी कानून कुछ नहीं कर सकता। भ्रष्टाचार की इन कहानियों ने झारखंड को आर्थिक चोट ही नहीं पहुंचायी है, बल्कि पूरी दुनिया में इसकी इज्जत को मिट्टी में मिला दिया है। अब इन कहानियों के 'अदृश्य नायक' का पता लगाना बहुत जरूरी हो गया है। सबसे दुखद यह है कि इन घटनाओं की जांच के आदेश तो होते हैं, लेकिन उसके नतीजों का कभी पता नहीं चलता है। अब झारखंड को इस तरह की लापरवाही बहुत महंगी पड़ने लगी है। क्या है इस भ्रष्टाचार के पीछे का पूरा सिस्टम और इसके कारण कैसे राज्य का भविष्य भी चौपट हो रहा है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

झारखंड में भ्रष्टाचार की एक कहानी फिर दोहरायी गयी है। एक बार फिर राज्य में एक निर्माणाधीन पुल बह गया है। अब लोग कह रहे हैं कि यह पुल नहीं धंसा है, बल्कि झारखंड की प्रतिष्ठा धंसी है। गिरिडीह-जमुई को जोड़ने वाली भेलवाघाटी में अरगा नदी पर बन रहा पुल धंस गया है। हालांकि इस मामले की जांच के आदेश दे दिये गये हैं और संबंधित ठेकेदार को आर्थिक दंड लगाने के साथ उसके खर्च पर दोबारा नया निर्माण करने को कहा गया है, लेकिन मामला यहां खत्म नहीं होता। यहां वही पुराना सवाल उठ रहा है कि आखिर झारखंड में यह घिनौना खेल कब खत्म होगा और इसके खिलाड़ियों को कब बेनकाब किया जायेगा।

झारखंड ही नहीं, पूरी दुनिया के लोग यह जानते और समझते हैं कि गिरिडीह में पुल धंसने की यह घटना न पहली है और न अंतिम, लेकिन इस घटना ने साफ कर दिया है कि झारखंड की विकास योजनाओं में लगा घुन अब बेहद खतरनाक स्थिति में पहुंच चुका है। यह झारखंड की आधारभूत संरचना को खोखला कर रहा है।

इससे पहले 2021 के मई महीने के अंतिम सप्ताह में चक्रवाती तूफान 'यास' के असर से पूरे झारखंड में बारिश हो रही थी, तब एक तरफ कई शहरों और गांवों के लोग घरों में पानी घुसने से परेशान थे, लेकिन कुछ लोग ऐसे भी थे, जो इस बात को लेकर खुश हो रहे थे कि यह बारिश उनके काले कारनामों को भी धो देगी। ऐसे ही लोगों में वह भी शामिल थे, जिन्होंने तीन साल पहले रांची के बुंडू प्रखंड में 10 करोड़ की लागत से कांची नदी पर पुल बनवाया था। इस पुल निर्माण की देखरेख और निगरानी करनेवाले वे अधिकारी और इंजीनियर भी खुशी मना रहे होंगे कि इस भारी बारिश में यदि वह पुल बह जाये, तो उनके काले कारनामे पर हमेशा के लिए पर्दा पड़ जायेगा और सारा दोष बारिश पर मढ़ दिया जायेगा। हुआ भी ऐसा ही और बारिश के देवता ने उन ठेकेदारों, अधिकारियों और इंजीनियरों की कारस्तानी का दोष अपने ऊपर ले लिया। पुल बह गया और तीन प्रखंडों के 30 गांवों की आबादी एक बार फिर परेशानी के दौर में पहुंच गयी। यह वही आबादी है, जिसने इस पुल बनवाने का श्रेय अपने नेता को दिया और उसकी कीमत अपने वोट से अदा की। रांची की शान कहे जानेवाले बिरसा मुंडा राजपथ के ठीक बगल में दो साल पहले पक्की सड़क बनायी गयी और उसके ठेकेदार को भी बारिश से सुकून मिला होगा, क्योंकि उसकी बनायी गयी इस सड़क पर भारी बारिश की वजह से दरार पैदा हो गयी है और यह सड़क इस्तेमाल के लायक नहीं रह गयी है।



झारखंड में न तो पुल बहने की यह पहली घटना है और न ही सड़क में दरार पड़ने की। यहां तो 2010 के मई महीने में गुमला जिले में एक ही रात सात पुल बह गये थे और किसी ठेकेदार या अधिकारी का बाल बांका नहीं हुआ। जामताड़ा में पूरा का पूरा स्कूल भवन ही आसमानी बिजली का शिकार होकर ध्वस्त हो गया और इसे बनानेवाला ठेकेदार कहीं दूसरी जगह ऐसी ही इमारत बनवा कर अपनी तिजोरी भरता रहा। 2019 में हजारीबाग की कोनार सिंचाई नहर परियोजना का उद्घाटन किया गया था। करीब दो हजार करोड़ रुपये की इस परियोजना के उद्घाटन का पूरा श्रेय नेताओं ने लिया, लेकिन महज 13 घंटे में ही यह बह गया, क्योंकि चूहों ने इसे कुतर दिया था। चतरा में हजारों हेक्टेयर जमीन पर जंगल लगाये गये, लेकिन एक भी पौधा पेड़ नहीं बन सका, क्योंकि मवेशियों ने उन्हें अपना ग्रास बना लिया था। इन घटनाओं के कारण ही झारखंड को भ्रष्टाचार का पर्याय माना जाने लगा।

अब समय आ गया है कि ऐसे ठेकेदारों, अधिकारियों और इंजीनियरों को कानून के कठघरे तक लाया जाये। गिरिडीह में पुल बहने की घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि झारखंड में इंजीनियरों की लॉबी इतनी ताकतवर है कि कोई इसका बाल भी बांका नहीं कर सकता है। इस मिथक को तोड़ने की जरूरत है। झारखंड को यह साबित करना ही होगा कि यदि इसके दिल में करुणा, प्रेम और सद्भाव पनपता है, तो इसका संकल्प चट्टान जैसा है और अपने साथ की गयी हर नाइंसाफी का यह हिसाब लेगा।

झारखंड की इज्जत को मिट्टी में मिलानेवाले ऐसे ठेकेदारों, अधिकारियों और इंजीनियरों की पहचान कर उनके खिलाफ ऐसी कार्रवाई करने की जरूरत है कि भविष्य में कोई भी इस तरह का काम करने से पहले सौ बार सोचे। सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रखी है, तो इस तरह के भ्रष्टाचार की कहानियों की जांच बाद में होगी, पहले संबंधित अधिकारियों, इंजीनियरों और ठेकेदारों को सीखचों के पीछे बंद करना जरूरी है। तभी झारखंड विकास की अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ सकेगा।

# अरगा नदी पर पुल के धंसने के मामले में सचिव ने दिया जांच का आदेश

**पथ प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता विनय कुमार को शो कॉज नोटिस, करीब डेढ़ करोड़ के नुकसान का अनुमान**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** गिरिडीह के भेलवाघाटी अरगा नदी पुल टूटने के मामले में पथ निर्माण विभाग के सचिव ने ओम नमः शिवाय एजेंसी के ठेकेदार रंजन गुप्ता को आर्थिक दंड लगाने का निर्देश दिया है। वहीं पथ प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता विनय कुमार को शो कॉज नोटिस जारी कर निर्माणाधीन पुल टूटने का कारण पूछा है। कार्यपालक अभियंता विनय कुमार ने कहा कि सचिव के निर्देश पर ओम नमः शिवाय एजेंसी के ठेकेदार से नुकसान की भरपाई की जानी है। वैसे ठेकेदार पर कार्रवाई अभी होना बाकी है। सचिव के निर्देश का इतंजार है। निर्देश के आधार पर ठेकेदार के खिलाफ केस दर्ज कराया जा सकता है, तो सुरक्षा राशि को सीज करने का भी निर्देश मिल सकता है। फिलहाल, बारिश के बाद नदी में आये तेज बहाव के कारण पुल का एक बड़ा हिस्सा टूटकर बहने की घटना से करीब डेढ़ करोड़ के नुकसान का अनुमान है। सचिव के निर्देश पर ठेकेदार ने गिरिडीह पथ प्रमंडल को सोमवार को एक अंडर टेकिंग लिख कर दिया है, जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई खुद ठेकेदार द्वारा किया जाना है। नुकसान की अतिरिक्त राशि खर्च करने का कोई दावा विभाग पर नहीं किया जायेगा। इस बीच कार्यपालक अभियंता विनय कुमार सोमवार को दूसरी बार टूटे पुल का जायजा लेने पहुंचे।

### संवैधानिक संस्थाओं में रिक्त पदों को लेकर कोर्ट ने की टिप्पणी

# कछुआ चाल चल रही है राज्य सरकार: हाइकोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** हाइकोर्ट ने राज्य में लोकायुक्त, सूचना आयुक्त, मानवाधिकार आयोग सहित अन्य संवैधानिक संस्थानों में पदों को राज्य सरकार द्वारा नहीं भरे जाने पर मौखिक कहा है कि सरकार कछुआ की गति से क्यों चल रही है। लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग, सूचना आयुक्त सहित कई संवैधानिक संस्थाओं के पद तीन से पांच साल से खाली पड़े हैं, लेकिन इन्हें अब तक इसे नहीं भरा जा सका है। शपथ पत्र के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा लोकायुक्त सहित कई संवैधानिक पदों पर नियुक्ति को लेकर एक टाइम फ्रेम दिया जा रहा है, जो एक माह से ज्यादा का समय है। सरकार को टाइम फ्रेम की अवधि कम करनी होगी। कोर्ट ने मामले की सुनवाई मंगलवार निर्धारित करते हुए सरकार को फ्रेश शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट में सरकार को लोकायुक्त सहित अन्य संवैधानिक संस्थाओं में नियुक्ति के लिए निर्धारित किये गये टाइम फ्रेम को कम करने का निर्देश दिया। इससे पहले वरीय अधिवक्ता वीपी सिंह ने कोर्ट को बताया कि सरकार की ओर से सूचना आयुक्त, लोकायुक्त सहित कई संवैधानिक पदों पर नियुक्ति के लिए पहले नेता प्रतिपक्ष नहीं रहने की आपत्ति को लगाया गया था। इसमें करीब डेढ़ साल का समय बीत गया। सरकार अब भी इन पदों पर नियुक्ति के लिए एक माह से अधिक का टाइम फ्रेम निर्धारित कर रही है। सरकार को जल्द से जल्द इन पदों पर नियुक्त प्रक्रिया शुरू की जानी चाहिए थी। इस पर सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि सूचना आयुक्त की नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकाला गया है, जिस पर कोर्ट ने मौखिक कहा कि सिर्फ सूचना आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने से काम नहीं चलेगा। लोकायुक्त, राज्य मानवाधिकार आयोग और अन्य संवैधानिक संस्थाओं में रिक्त पदों को जल्द भरने पर भी फोकस करे।

हाइकोर्ट में सोमवार को राज्य में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित राजकुमार की अवमानना याचिका समेत राज्य के 12 संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों के पद रिक्त रहने को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई हुई। पिछली सुनवाई में कोर्ट को सरकार की ओर से बताया गया था कि राज्य सूचना आयुक्त, लोकायुक्त आदि के नियुक्ति का मामला कैबिनेट के पास विचाराधीन है, नियुक्ति प्रक्रिया जल्द प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी।

# आकस्मिक खाद्यान्न कोष के क्रियान्वयन के लिए मुखिया संग चर्चा करेगा खाद्य आयोग

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड राज्य खाद्य आयोग ने झारखंड राज्य आकस्मिक खाद्यान्न कोष के क्रियान्वयन में अपना बड़ा रोल निभाने की पहल की है। सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में आयोग के अध्यक्ष हिमांशु चौधरी ने बताया कि खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से जून 2018 में आकस्मिक खाद्यान्न कोष का गठन किया गया था। जिन गरीबों के पास राशन कार्ड नहीं है और राशन नहीं मिल पा रहा, उन्हें आकस्मिक खाद्यान्न कोष से 10 किलो अनाज निःशुल्क दिया जाना है। चावल की खरीद के लिए पंचायत एवं वार्ड में इसके लिए उपलब्ध राशि व्यय हो जाये, तो जिले के डीसी द्वारा इसके लिए पैसे दिये जायेंगे। पंचायतों, वार्डों में इस पैसे की उपलब्धता, व्यय की स्थिति की समीक्षा के लिए खाद्य आयोग जिलों में भ्रमण करेगा। बीडीओ से राशि की उपलब्धता की जानकारी ली जायेगी। विशेषकर मुखिया के साथ बैठक कर राशि के समुचित उपयोग के संबंध में चर्चा होगी। इसकी शुरुआत जामताड़ा जिले से होगी। इसके बाद धनबाद, बोकारो और रामगढ़ में यह कार्यक्रम होगा। इसके अलावा देवघर, दुमका, पाकुड़, साहिबगंज और गिरिडीह जिलों के लिए भी डेट फाइनल किया गया है।

# पत्नी की आत्महत्या मामले में फंसे अधिकारी निलंबित

आजाद सिपाही संवाददाता

**निलंबन अवधि में उन्हें प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय रांची में रिपोर्ट करनी होगी**

**रांची।** पत्नी की आत्महत्या के मामले में फंसे तत्कालीन जिला कार्यपालक दंडाधिकारी महुआडांड़ जीतेंद्र कुमार गुप्ता को दोबारा निलंबित कर दिया गया है। लातेहार जिला पंचायती राज पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित जीतेंद्र कुमार गुप्ता गिरफ्तार किये गये हैं।

उपायुक्त लातेहार ने यह सूचना दी थी, यह घटना रांची की है। इसके बाद सरकार ने रांची डीसी और एसएसपी से जांच प्रतिवेदन मांगा था। मामले पर अभी तक जांच रिपोर्ट नहीं मिली है। हालांकि जीतेंद्र गुप्ता ने यह सूचना बाद में दी कि कोतवाली थाना में केस दर्ज है और इस मामले में उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। इस मामले में उन्हें 28 फरवरी 2024 की तिथि से निलंबित किया गया था। जेल से बाहर आने के बाद वापस उन्होंने काम पर योगदान दिया है, जिसे स्वीकृत करने के बाद दोबारा उन्हें निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय रांची में रिपोर्ट करनी होगी।

# हाइकोर्ट के आदेश के बाद भी शिक्षकों को नहीं मिल रही प्रोन्नति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के सभी जिला के मध्य विद्यालयों में प्रधानाध्यापक के पद अब तक रिक्त हैं। हाइकोर्ट के आदेश के बाद भी सालों से कार्यरत शिक्षकों को प्रोन्नति नहीं दी जा रही है। इसमें रांची जिला में 294 प्रधानाध्यापक के पद खाली हैं, जबकि नवंबर 2023 में ही स्कूली शिक्षा साक्षरता विभाग ने राजकीयकृत स्कूलों के शिक्षकों को विभिन्न ग्रेडों में प्रोन्नति के लिए मार्गदर्शन जिला शिक्षा पदाधिकारियों को दिया था। इस संबध में हाइकोर्ट की ओर से भी आदेश दिया गया है। जानकारी हो कि राज्य में साल 2000 से कार्यरत शिक्षकों को अब तक ग्रेड के अनुसार प्रोन्नति नहीं दी गयी है, जबकि डीइओ रांची की ओर से हाइकोर्ट को दिये शपथपत्र में बताया गया है कि विज्ञान प्रशिक्षित स्नातक शिक्षकों का उपलब्ध पद 2014 से है। ग्रेड 4 से प्रोन्नति दी जा सकती है। इसके बाद पांच सालों की सेवा के बाद शिक्षकों को ग्रेड सात में प्रोन्नति देनी होगी।

### क्या है हाइकोर्ट का आदेश

**इस सबंध में झारखंड हाइकोर्ट ने आदेश दिया है कि पदों की उपलब्धता के आधार पर ग्रेड 4 प्राप्त शिक्षकों को पूर्व की तिथि के प्रभाव से प्रोन्नति दी जाये। 1993 नियमावली के अनुसार पांच वर्षों की सेवा के बाद ग्रेड 7 में प्रोन्नति दिये जाने का आदेश दिया गया। इस संबध में कोर्ट ने साल 2022 में आदेश दिया। इसके बाद भी राज्य में आदेश की अवहेलना की गयी। झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा की मानें तो रांची में रिक्त 294 के विरुद्ध मात्र 232 शिक्षकों की सूची जारी की गयी, जिससे प्रोन्नति दिये जाने के पश्चात भी पद रिक्त रह जायेंगे। 1993 नियमावली की अनदेखी करते हुए जिला स्थापना समिति ने मात्र 39 शिक्षकों की ग्रेड 7 में प्रोन्नति की अनुशंसा की।**

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.2 °c | 23.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.38 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.06 बजे | |



# जग में जितना जुल्म नहीं, उतना सहने की ताकत है : हेमंत



**पूर्व सीएम ने भाजपा पर कसा तंज**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स के जरिये भाजपा पर तंज कसा है। उन्होंने पहली लाइन में लिखा है कि इस जग में जितने जुल्म नहीं, उतने सहने की ताकत है। फिर अगली लाइन में लिखा है कि तानों के भी शोर में रहकर सच कहने की आदत है। सोरेन ने लिखा है कि मैं सागर से भी गहरा हूं, तुम कितने कंकड़ फेंकोगे, चुन-चुन कर आगे बढ़ूंगा मैं, तुम मुझको कब तक रोकोगे, तुम मुझको कब तक रोकोगे। हेमंत सोरेन ने इस ट्वीट के जरिये इशारों में ही सारी बातें बयां कर दी है।

# कल्पना सोरेन से मिले झामुमो के कार्यकर्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांके रोड स्थित आवास पर गांडेय विधायक कल्पना सोरेन से राज्य के विभिन्न ज़िलों से आये हुए पार्टी कार्यकर्ताओं ने मुलाकात की। साथ ही गांडेय उपचुनाव में जीत पर बधाई दी।



# राहुल गांधी ने दिया हिंदू विरोधी मानसिकता का परिचय: बाबूलाल

**कहा- राहुल गांधी का यह बयान खतरनाक और सुनियोजित साजिश का हिस्सा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने लोकसभा में राहुल गांधी द्वारा दिये गये हिंदू विरोधी बयान की कड़ी निंदा की। श्री मरांडी ने कहा कि करोड़ों हिंदुओं को झूठा और नफरती बताकर राहुल गांधी ने फिर से हिंदू विरोधी मानसिकता का परिचय दिया है। कहा कि एक



संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति का संसद भवन के अंदर ऐसा वक्तव्य देना बहुत ही गंभीर विषय है। राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी अविलंब इस शर्मनाक हरकत के लिए पूरे देश से माफी मांगे। कहा कि मुस्लिम तुष्टीकरण में अंधे हो चुके राहुल गांधी का यह बयान हिंदू धर्म के खिलाफ खतरनाक और सुनियोजित साजिश का हिस्सा है। कल तक इंडी एलायंस के नेता सड़कों पर हिंदू धर्म को मिटाने की बात करते थे, लेकिन अब संसद के अंदर हिंदू धर्म का अपमान कर राहुल गांधी और इंडी एलायंस की पूरी जमात ने अपनी बबार्दी को निमंत्रण दे दिया है। देश की जनता इसका उचित जबाव देगी।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — कामकाज में अनपेक्षित परिस्थितियों के बावजूद कुछ तात्कालिक समस्याओं का समाधान हो सकेगा।
- **वृष** — मन में विचित्र आशंकाएं और दुर्भावनाएं पैदा होंगी, अप्रत्यक्ष शत्रुओं से मार्मिक पीड़ा होगी।
- **मिथुन** — हर्ष-विषाद की समानता, अनेक विपदाओं का सामना करना होगा, मानसिक चिंता बढ़ेगी।
- **कर्क** — आर्थिक स्थिति सुदृढ़, रोजी-रोजगार के क्षेत्र में विपदायें व मानसिक तनाव कम होगा।
- **सिंह** — नये लोगों से संपर्क, महिला मित्र के माध्यम से लाभ, शुभ समाचार मिलेगा।
- **कन्या** — विपरीत स्थितियों में सुधार, सामयिक-सामाजिक विकास, शत्रुओं पर विजय मिलेगी।
- **तुला** — सरकारी सेवा से जुड़े हैं तो आपको अनुकूल परिस्थितियों का लाभ मिलेगा।
- **वृश्चिक** — कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा, हर काम में अड़चन आयेगी।
- **धनु** — सरकारी उच्चाधिकारियों पर निजी प्रभाव शक्ति बढ़ेगी, नवीन व्यापारिक योजना सफल।
- **मकर** — रोजगार की दिशा में कार्यों की अधिकता रहेगी, निराशा दूर होगी।
- **कुंभ** — धन एवं सुख की प्राप्ति होगी, थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे।
- **मीन** — भूले बिसरे प्रसंग पुनर्जीवित होंगे, परिश्रम से महत्वपूर्ण काम पूरा होगा।

# छवि रंजन सहित नौ की हिरासत अवधि बढ़ी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सेना की कब्जे वाली जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री में शामिल निलंबित आइएएस अधिकारी छवि रंजन सहित नौ आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ा दी गयी है। पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में सोमवार को जेल में बंद आरोपितों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया। अदालत ने अगली पेशी की तारीख आठ जुलाई निर्धारित की है। मामले में छवि रंजन चार मई 2023 से जेल में बंद हैं। मामले में छवि रंजन के साथ बड़गाई अंचल के निलंबित राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, प्रदीप बागची, दलाल रिम्स कर्मी अफसर अली, इम्तियाज अहमद, सद्दाम हुसैन, तल्हा खान, फैयाज अहमद और अमित अग्रवाल न्यायिक हिरासत में हैं।

## नेता प्रतिपक्ष ने प्रेस कांफ्रेंस कर राज्य सरकार पर साधा निशाना

# मंत्रियों, अफसरों की मिलीभगत से जेएसएससी सहित अन्य परीक्षाओं में धांधली : अमर बाउरी

**मामले की सीबीआइ जांच कराये सरकार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा है कि युवाओं को सपने दिखा कर और राज्य की जनता को झुठ बोल कर सत्ता में आयी जेएमएम, कांग्रेस और राजद की सरकार के खिलाफ अब युवा आक्रोशित हैं।

वर्तमान सरकार ने आज तक जो भी परीक्षाएं ली हैं, उन सभी परीक्षाओं में गड़बड़ियां सामने आयी हैं। ऐसे में राज्य सरकार को चाहिए कि वो युवाओं के हित में इन सभी परीक्षाओं के गड़बड़ियों की जांच सीबीआइ से कराये। अमर कुमार बाउरी ने सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बात कर रहे थे।

कहा कि शनिवार को जेएसएससी पीजीटी के अभ्यार्थियों ने उनसे मुलाकात कर बताया कि इस परीक्षा में धांधली हुई है। इसको लेकर अभ्यर्थी पिछले 17 दिनों से धरना कर रहे हैं। अभ्यर्थियों ने अपने आवेदन में बताया कि एक ही सेंटर से 70-80 प्रतिशत अभ्यर्थी पास हुए हैं। बोकारो जिला के श्रेया डिजिटल और रांची जिला के शिवा इनफोटेक से सबसे अधिक अभ्यर्थी पास हुए हैं। सिरिया डिजिटल से 513 अभ्यर्थी, शिवा इनफोटेक से 279 अभ्यर्थी पास हुए। वहीं धनबाद डिजिटल से 273 पास हुए हैं।




### परीक्षा के लिए जिस एजेंसी को नियुक्त किया गया है, वह ब्लैक लिस्टेड है

अमर बाउरी ने कहा कि अभ्यर्थियों ने बताया कि इस परीक्षा में धांधली हुई है। पैसे का खेल हुआ है। परीक्षा आयोजित करने के लिए जिस एजेंसी को नियुक्त किया गया है, वह पहले से ही ब्लैक लिस्टेड है। राज्य सरकार ने एसआइटी गठन कर जांच करवाने का फैसला भी लिया है, लेकिन अभी तक कोई भी गिरफ्तारी नहीं की गयी। जेएसएससी पीजीटी में ऐसे अभ्यर्थियों का भी चयन हुआ है, जो दिव्यांग कोटा से आ गया है। एक बड़ा घोटाला राज्य सरकार ने किया है। पांच लाख नौकरी के नाम पर सत्ता में आयी हुई सरकार ने नौकरी तो नहीं दी, लेकिन नौकरी बेचने का काम जरुर कर रही है। इसका मास्टरमाइंड कौन है। अभी तक नहीं पता चल सका है। यह पूरा मामला सरकार के इशारे पर ही हो रहा है। राज्य के कई अधिकारी और मंत्रियों के मिलीभगत से ही इस तरह का घोटाला हो रहा है जिससे झारखंड के युवाओं का भविष्य खतरे में है। युवाओं को ठगने का काम सरकार और सरकार की एजेंसी ही कर रही है। इन विषयों को लेकर केंद्रीय मंत्री के साथ भी पत्राचार किया जायेगा, ताकि सीबीआइ सभी मामले की जांच एक साथ कर सके।

### ठगा महसूस कर रहे युवा

नेता प्रतिपक्ष ने सरकार से मांग करते कहा कि इस पूरे विषय पर सरकार निष्पक्ष जांच के लिए सीबीआइ को आग्रह करे, जब तक जांच पूर्ण नहीं होती है, तब तक नियुक्ति को रोका जाये। यदि इस मामले पर सरकार कोई ठोस कदम नहीं उठाती है तो जब भाजपा की सरकार राज्य में आयेगी, तो वैसे अभ्यर्थी जो पैसे के बल पर परीक्षा दे रहे हैं और नियुक्ति ले रहे हैं, उनकी नौकरी भी जायेगी और उन्हें जेल भी जाना होगा। 2014-19 तक भाजपा ने जितनी भी नौकरी दी, उसमें कोई भी गड़बड़ी नहीं हुई है। आज की स्थिति बिल्कुल अलग है। छात्र खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। मौके पर भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज, प्रदेश प्रवक्ता अवनेश कुमार सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक भी उपस्थित थे।

# राजेश राय की हाइकोर्ट ने जमानत अर्जी खारिज की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद बिक्री से जुड़े मामले में राजेश राय की जमानत याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने प्रार्थी और इडी का पक्ष सुनने के बाद राजेश राय को राहत नहीं देते हुए उसकी जमानत अर्जी खारिज कर दी।

दरअसल, विष्णु अग्रवाल पर चेशायर होम रोड की एक एकड़ की जमीन गलत ढंग से खरीदने का आरोप है। इस मामले में राजेश राय, प्रेम प्रकाश, अमित कुमार अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल सहित 10 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। इडी ने मामले में इसीआइआर 5-2023 दर्ज किया गया है। इडी ने अपनी जांच में पाया था कि इस जमीन के मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ की गयी थी। कोलकाता रजिस्ट्री कार्यालय में रखे मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ कर रैयत का नाम बदला गया था, जिसके बाद विष्णु अग्रवाल ने यह जमीन खरीदी थी। जालसाजी कर मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ कर गंगाधर राय को इस जमीन का फर्जी मालिक बनाया गया था। बाद में गंगाधर राय के पोते राजेश राय से यह जमीन खरीद बिक्री की गयी थी।

# तल्हा खान की डिस्चार्ज पिटीशन पर फैसला 4 जुलाई को

**रांची (आजाद सिपाही)।** पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में सेना के कब्जेवाली जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री मामले में शामिल आरोपित तल्हा खान की ओर से दाखिल डिस्चार्ज पिटीशन पर सोमवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया है। अदालत अपना सुरक्षित आदेश 4 जुलाई को सुनायेगी। आरोपित ने अपने आप को मामले में निर्दोष बताते हुए 20 मई को डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल की थी। इडी ने बड़ागाई निवासी तल्हा खान को 14 अप्रैल 2023 को गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में है। मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, भानु प्रताप प्रसाद सहित दस आरोपित चार्जशीटेड हैं।

## सिरमटोली-मेकन रेलवे फ्लाइ ओवर ब्लॉक को लेकर समीक्षा

# रेलवे ब्लॉक लेने के लिए दक्षिण पूर्व रेलवे को भेजी जायेगी रिपोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सिरमटोली मेकन फ्लाइ ओवर का काम 60 फीसदी पूरा हो चुका है। काम पूरा करने के लिए सिमरटोली के पास रेलवे ब्लॉक लेने की जरूरत है। फ्लाइ ओवर निर्माण कार्य कर रही कंपनी एलएंडटी इसके लिए लगातार रांची रेल मंडल और पथ निर्माण विभाग के साथ मिल कर काम कर रही है। रेलवे से ब्रिज निर्माण के लिए एनओसी मिलने पर इस कार्य को गति दी जायेगी, जिसके बाद योजना पूरी कर ली जायेगी। रांची रेल मंडल की मानें तो रेलवे के



अधिकारी लगातार रेलवे ब्लॉक लेने की समीक्षा कर रहे हैं। कंपनी एलएंडटी ने पहले ही रेलवे से 119 घंटे ब्लॉक लेने की मांग की है। ये ब्लॉक अलग-अलग दिनों में चार-चार घंटे कर लेने की मांग की गयी है। ऐसे में रेलवे की टीम इसकी समीक्षा कर रही है। रेलवे अधिकारियों की मानें तो रेलवे ने कंपनी को एक फॉर्मेट दिया है, जिसे भर कर देना है। फॉर्मेट मिलने पर रेलवे इसकी फिर समीक्षा करेगा। इसमें स्पष्ट होगा कि कंपनी किस तरह और कैसे ब्लॉक चाहती है और रेलवे को इसके लिए क्या तैयारी करनी है। ब्लॉक लेने के दौरान कैसे समुचित ढंग से ट्रेनों का परिचालन होगा। रांची रेल मंडल की मानें तो इन सभी पहलुओं पर विचार के बाद रिपोर्ट दक्षिण पूर्व रेलवे भेजा जायेगा। सहमति मिलने के बाद इस पर काम आगे किया जा सकता है। बता दें कि फ्लाइओवर के लिए निवारणपुर से पटेल चौक तक केबल स्टे ब्रिज का निर्माण करना है। यह रांची रेलवे क्रॉसिंग के ऊपर बनेगा। ऐसे में रेलवे ब्लॉक जरूरी है।

# आजादी का एक सुंदर उपहार संविधान है: जयशंकर

**रांची विवि के इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज में व्याख्यान**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज में राजीव गांधी नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी पटियाला के कुलपति प्रोफेसर डॉ जयशंकर सिंह के द्वारा संविधान की क्रियाकलापों पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। बताया कि किस तरह भारत का संविधान विश्व के संविधानों से बिलकुल भिन्न है। कई वर्षों तक अंग्रेजों की गुलामी में जकड़े रहे। इसके बाद आजादी मिली और उस आजादी का एक बहुत ही सुंदर उपहार हमारा



संविधान है। संविधान की विशिष्टताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संविधान में मौलिक अधिकारों की चर्चा की गयी है। बताया गया कि नागरिकों के अधिकार को सुरक्षित रखने के लिए संविधान में तीन स्तंभों की व्यवस्था की गयी है। मौके पर निदेशक डॉक्टर एसएन मिश्रा के अलावा निशिकांत प्रसाद, डॉ शालिनी साबू, रिमझिम वैष्णवी, डॉ अजय राज, डॉ अंगिका जयसवाल, अजीत कुमार सिंह, उदय प्रताप सिंह, बिमल मनोहर, डॉ हैपी भाटिया समेत अन्य मौजूद थे।

## बदल रही तस्वीर : फलों का राजा आम घोल रहा है ग्रामीणों के जीवन में मिठास

# बिरसा हरित ग्राम योजना बदल रही है किसानों की जिंदगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरकार की किसी भी योजना को अगर शिद्दत के साथ धरातल पर उतारा जाये, तो इसका असर देखते ज्यादा वक्त नहीं लगता। जी हां, हम बात कर रहे हैं बिरसा हरित ग्राम योजना की। कोविड ने साल 2020 में जब दस्तक दिया, तो झारखंड सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती थी, दूसरे राज्यों से लौटे मजदूरों को उनके पैरों पर खड़ा करने की। इसके लिए मई 2020 में बिरसा हरित ग्राम योजना शुरू की गयी। लॉकडाउन के बीच अभियान चलाकर गांवों में तेजी से फलदार पौधे लगाये गये। मजदूरों को उनके



घर में ही रोजगार मिला और किसानों को फलदार बागान। ग्रामीणों को समझते देर नहीं लगी कि सरकार के सहयोग से लगाये जा रहे फलदार पौधे आने वाले समय में उनकी जिंदगी में मिठास घोलने लगेंगे। अब वही देखने को मिल रहा है। झारखंड में आम्रपाली समेत कई आमों की वेराइटी का उत्पादन बढ़ गया है।

### आंकड़े बता रहे हैं बदलते झारखंड की तस्वीर

ग्रामीण विकास विभाग के आंकड़ों के मुताबिक साल 2020-21 में बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत 25,695 एकड़ में 27,90,319 फलदार पौधे लगाये गये। साल 2021-22 में 20,648 एकड़ में 23,12,556 और 2022-23 में 20,933 एकड़ में 23,44,551 और 2023-24 में 43,388 एकड़ में 44,06,905 फलदार पौधे लगाये गये।

### कौन-कौन सी वेराइटी के हैं आम

आम ही एक ऐसा फल है, जिसकी वेरायटी अनगिनत है। लोकल स्तर पर लोग बिजू आम को अलग-अलग नाम दे देते हैं। कलमी आम में भागलपुरी लंगड़ा और मालदा लंगड़ा का झारखंड में सबसे ज्यादा क्रेज है। लेकिन बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत झारखंड की मिट्टी में आम्रपाली, मल्लिका और गुलाब खस का बेजोड़ उत्पादन हो रहा है। कल तक झारखंड के बाजार में यूपी के बाराबंकी से आम्रपाली, तमिलनाडु और कर्नाटक से मल्लिका और गुलाब खस की आवक थी, जिसकी सप्लाई अब लोकल किसान कर रहे हैं।

### बाजार उपलब्ध कराने की तैयारी

खास बात है कि एक तरफ यह योजना किसानों के लिए वरदान साबित हुई है, तो दूसरी तरफ एक नयी परेशानी भी लेकर आयी है। आम का अच्छा उत्पादन होने की वजह से किसानों को उचित दाम नहीं मिल पा रहा है। फिलहाल शहरों के रिटेल मार्केट में लंगड़ा और गुलाब खस आम 60 रु किलो रिटेल में बिक रहा है। किसानों की इस तकलीफ को देखते हुए ग्रामीण विकास विभाग मार्केट तैयार करने की योजना बना रहा है, ताकि किसानों को उचित दाम मिल सके।

# अवर शिक्षा सेवा के 10 पदाधिकारी हुए इधर से उधर



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** स्कूली शिक्षा विभाग ने अवर शिक्षा सेवा के 10 पदाधिकारियों का तबादला किया है। सोमवार को इसका आदेश जारी कर दिया गया।जारी आदेश में कहा गया है कि जिन पदाधिकारियों का तबादला हुआ है, वे 3 जुलाई तक अपने वर्तमान प्रभार को सौंपते हुए नव पदस्थादपित स्थान पर योगदान कर निश्चित रूप से सूचित करेंगे।

**इनका हुआ तबादला :** मृगेंद्र वायरा को महगामा, वीणा कुमारी-पत्थरगामा, सुमित्रा तिर्की-गुमला, नंद किशोर तिवारी-चैनपुर, डोमन मोची- कटकमसांडी, कल्पना तांती-नामकुम, लक्ष्मी वर्मा-धनबाद, विजय लक्ष्मी-कर्रा, जया देवी- विश्रामपुर और अमिताभ झा को लिट्टीपाड़ा भेजा गया है।

## समस्याओं को लेकर सतगावां में हुआ धरना प्रदर्शन

# जीतने वाले जनता की सुधि नहीं लेते हैं : शालिनी गुप्ता

आजाद सिपाही संवाददाता



**सतगावां।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समीप सोमवार को विभिन्न मांगों को पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। धरना को संबोधित करते हुए पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने कहा कि सतगावां मूलभूत सुविधाओं से वंचित है, जो जीतकर जाते हैं वो कभी भी जनता की समस्या के प्रति ध्यान नहीं देते हैं। जिसके कारण सतगावां में बिजली, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल की समस्या है तो वहीं अंचल व प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार का बोलबाला है। उन्होंने यह भी कहा है कि यहां की जनता के लिए ऐसी बस सेवा होनी चाहिए जो निःशुल्क हो। इलाज के अभाव में कई लोगों ने अपनी जान गवां दी। हाल में मरचोई के 6 माह के नवजात बच्चे को जहरीले सांप डस लिया। लेकिन समय पर इलाज नहीं होने के कारण उसकी मृत्यु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां में हो गई। आवास योजना में घर बनाने वाले को बालू के लिए तरसना पड़ रहा है। सतगावां में उच्च शिक्षा के लिए कोई सटीक व्यवस्था नहीं की गई है। यहां की जनता को बिना मांगे सब कुछ मिलना चाहिए था लेकिन उसके लिए धरना प्रदर्शन करना पड़ रहा है। बहुत अफसोस की बात है यहां के चुने हुए लोग सिर्फ चुनाव के समय ही आते हैं फिर सतगावां को भूल जाते हैं। उन्होंने जनता से अपील की है कि आप हमें साथ दें तो नेतृत्व परिवर्तन करेंगे और आपके मूलभूत सुविधाओं के लिए हर संभव तैयारी रहूंगी। कार्यक्रम का संचालन मंटू गुप्ता ने किया वहीं कार्यक्रम में उपायुक्त कोडरमा के नाम से विभिन्न मांगों को लेकर पत्र सीओ ओमप्रकाश बड़ाइक को दिया गया। मौके पर सीओ ने कहा कि जो समस्या है, हर संभव निदान करने का प्रयास करेंगे। मौके पर अरुण यादव, पंकज गुप्ता, शंभु पासवान, दीपेश अग्रवाल, अमित अग्रवाल, राजेन्द्र साव, महेंद्र साव, उमा साव, अजीत मंडल, आनंद साव, ममता देवी, संगीता देवी, शोभा देवी, शकुन्तला देवी, प्रमिला देवी, गायत्री देवी, सोनम देवी, यशोदा देवी, रेखा देवी, टुन्नी देवी, सुशीला देवी आदि सैकड़ों कार्यकर्ताओं उपस्थित थे।

# त्रिवेणी सैनिक ने कराया वेंडर मीट का आयोजन

## शामिल वेंडरों ने की टीएसएमपीएल की जम कर तारीफ

वेंडरों ने कहा- टीएसएम पीएल प्रबंधन न सिर्फ अपने कर्मचारियों बल्कि अपने हितधारकों को भी परिवार का हिस्सा मानता है

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** त्रिवेणी सैनिक माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड (टीएसएमपीएल) ने हजारीबाग में एक वेंडर मीट का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पैन इंडिया के 200 से अधिक वेंडरों ने भाग लिया और टीएसएमपीएल के कामकाज की सराहना की। वेंडर मीट का उद्देश्य कंपनी और उसके वेंडरों के बीच संवाद को मजबूत करना और सहयोग को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ टीएसएमपीएल के मैनेजिंग डायरेक्टर हिम्मत सिंह बेदला, त्रिवेणी ग्रुप के निदेशक सूर्यनारायण प्रभाकरण और ळरटडछ के डायरेक्टर ऑपरेशन संजय कुमार खटोड़ ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर मैनेजिंग डायरेक्टर हिम्मत सिंह बेदला ने सभी वेंडरों का इस आयोजन में शामिल होने के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यापार का मूल सिद्धांत आपसी सहयोग और विश्वास पर टिका होता है। जीवन में हम सभी तभी आगे बढ़ सकते हैं जब हम कोई भी काम पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ करें। त्रिवेणी ग्रुप के निदेशक सूर्य नारायण प्रभाकरण ने कहा कि हम अपने वेंडरों के साथ सौहार्दपूर्ण एवं पारस्परिक संबंध बनाना चाहते हैं, ताकि जो भी कार्य हों, वह सुचारू रूप से हो सकें। वेंडरों ने इस मीटिंग को बेहद सफल और उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि टीएसएमपीएल के साथ काम करना उनके लिए गर्व की बात है और कंपनी की पेशेवर और पारदर्शी कार्यशैली की जमकर तारीफ की। वेंडरों ने कहा कि टीएसएमपीएल प्रबंधन न सिर्फ अपने कर्मचारियों बल्कि अपने हितधारकों को भी परिवार का हिस्सा मानता है। उन्होंने एक सुर में कहा कि इस आयोजन में शामिल होना उनके लिए सार्थक रहा। टीएसएमपीएल के निदेशक ऑपरेशन, संजय कुमार खटोड़ ने वेंडरों के सहयोग और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि कंपनी हमेशा अपने वेंडरों के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने वेंडरों को भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी कंपनी उनके साथ अपने रिश्तों को मजबूत करती रहेगी। इस वेंडर मीट के सफल आयोजन ने टीएसएमपीएल और उसके वेंडरों के बीच रिश्तों को और भी प्रगाढ़ बना दिया है, जिससे दोनों पक्षों को भविष्य में और भी बेहतर परिणाम प्राप्त होंगे। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए ब्रह्मानंद पांडे अध्यक्ष प्रोक्योरमेंट और उनकी टीम ने पूरा सहयोग दिया। इसके साथ ही एच आर टीम और सुरक्षा विभाग ने कार्यक्रम को सफल बनाने में काफी योगदान दिया।

## जिले में अच्छी प्रेरणा और सुविधा से बच्चे अच्छा प्रदर्शन कर रहे : डीआइजी



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। हजारीबाग डिस्ट्रिक्ट राइफल टूनार्मेंट का समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह सोमवार शाम को संपन्न हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डीआईजी छोटानागपुर सुनील भास्कर और विशिष्ट अतिथि जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम, समाजसेवी मुन्ना सिंह, उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, हरिश श्रीवास्तव, आदर्श कुमार सिंह उपस्थित हुए। अतिथि डीआईजी छोटानगपुर सुनील भास्कर ने विजेताओं को गोल्ड, ब्रांज और सिल्वर मेडल देकर सम्मानित किया। वहीं कार्यक्रम में मौजूद अन्य विशिष्ट अतिथियों ने भी विजेताओं को गोल्ड, ब्रांज और सिल्वर मेडल देकर सम्मानित किया। डीआईजी श्री भास्कर ने कहा कि जिले में हजारीबाग जिला राइफल एसोसिएशन द्वारा अच्छी प्रेरणा, उत्साह व सुविधा से बच्चे अच्छा प्रदर्शन कर रहे है। ब्रिगेडियर राजेश करेल ने कहा कि अपने ही जिला में शूटिंग रेंज होना और लोकल बच्चों का इसमें दिलचस्पी दिखा कर अच्छा प्रदर्शन करना जिले के लिए गर्व की बात है। कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने एक एक बच्चो को चार चार और तीन-तीन मेडल लेते- देखकर बहुत ही गर्व महसूस करने की बात कही। मौके पर मार्गदर्शक बबलू सिंह, सुब्रतो राय, सुनील सिंह, सुनील श्रीवास्तव, तेजबल सिंह, आकाश शूटिंग के संचालक संदीप कुमार, ट्रेनर सह कोच राहुल रविदास, तनवीर, रिद्धि गुप्ता सहित कई अन्य उपस्थित हुए।

## कौटिल्य महिला महाविद्यालय में नामांकन जारी

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। प्रखंड के गुरुचट्टी कुशवाहा धर्मशाला के समय स्थित एक मात्र महिला कॉलेज कौटिल्य महिला महाविद्यालय में सत्र 2024 से 26 में कला, वाणिज्य एवं विज्ञान सहित बीए और बीकॉम की नामांकन शुरू कर दी गयी है। इस संबंध में महाविद्यालय के निदेशक सुधांशु शेखर ने बताया कि बड़कागांव के ग्रामीण लड़कियों को हजारीबाग सहित अन्य शहर जाकर पढ़ाई करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, इसलिए वह उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं कर पा रहे थे। इसलिए ग्रामीण लड़कियों की उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु कौटिल्य महिला महाविद्यालय का स्थापना किया गया है। हमारा एक ही उद्देश्य है कि ग्रामीण महिलाओं को उच्च शिक्षा मिल सके। वहीं प्राचार्य अवध कुमार मेहता ने कहा कि जब से महाविद्यालय का स्थापना हुआ है आज तक महाविद्यालय के हर सत्र में बेहतर रिजल्ट देने का काम करते आया है। आगे उन्होंने कहा कि नामांकन शुरू कर दिया गया है सिम सीमित है जिन्हें भी पढ़ाई करना है वह जल्द से जल्द नामांकन कर ले।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय चांदगढ़ में विधायक ने किया साइकिल का वितरण



बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय चांदगढ़ में विद्यार्थियों के बीच साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापक रैयाजुद्दीन ने की। मौके पर विद्यालय के छात्राओं ने अतिथियों का स्वागत गीत गाकर किया। मौके पर उपस्थित विधायक अमित कुमार यादव ने आठवीं कक्षा के 33 छात्रों के बीच साईकिल वितरण किया। विधायक ने कहा कि सभी विद्यालयों का क्रमशः विकास व उन्नयन कराना हमारा लक्ष्य है। विधानसभा क्षेत्र के विद्यालयों में चारदिवारी, शौचालय, किचेनसेड समेत सभी आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण होगी। उन्होंने विद्यालय में चल रहे उन्नयन कार्य का भी जायजा लिया। इस अवसर पर बेड़ोकला पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि देवेंद्र पांडेय, पंचायत समिति सदस्य रामचंद्र साव, युसूफ अंसारी, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सखावत अंसारी, कामेश्वर पासवान, अरुण, सुनीता यादव समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## केरेडारी पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार युवक को न्यायिक हिरासत में भेजा



केरेडारी (आजाद सिपाही)। केरेडारी पुलिस ने मादक पदार्थ ब्राऊन सुगर के साथ गिरफ्तार किये गये युवक विकास कुमार पिता उमेश महतो जो ग्राम पगार का रहने वाला है। उसे सोमवार को पुलिस ने न्यायिक हिराशत में भेज दिया। पुलिस ने इसे रविवार को 7.5 ब्राऊन सुगर पुड़िया सहित पगार स्थित एक प्रज्ञा केंद्र के समीप से उक्त युवक को पकड़ा था। और तलाशी के बाद इसके पास स्व ब्राऊन सुगर बरामद हुआ था। केरेडारी पुलिस ने केरेडारी थाना कांड संख्या 120/24 दिनांक 30 जून धारा 21(इ) 22/29 एनडीपीएस एक्टबके तहत प्राथमिकी दर्ज किया है।

# मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत योग्य लाभुक कर सकते हैं अपना आवेदन : डीसी

फिट फॉर ट्रैवल सर्टिफिकेट के साथ तीर्थयात्री अपना आवेदन प्रखंड अंचल कार्यालय, अनुमंडल कार्यालय और नगर निगम कार्यालय में जमा कर सकते है

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत बीपीएल श्रेणी के लाभुक तीर्थयात्रियों को जुलाई में तीर्थ दर्शन कराया जायेगा। इसमें ईसाई धर्मावलंबियों को गोवा, हिन्दू धर्मावलंबियों को द्वारिका-सोमनाथ और मुस्लिम धर्मावलंबियों को अजमेर शरीफ-आगरा-फतेहपुर सिकरी तीर्थ दर्शन कराया जायेगा। गरीब वरिष्ठ नागरिक श्रेणी के लाभुकों को योजना का लाभ मिलेगा। इसके लिए हजारीबाग जिले के आवेदकों को आवेदन जमा करना होगा।

**किसे मिलेगा योजना का लाभः** तीर्थयात्री की उम्र 60 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। वह झारखंड राज्य का स्थायी निवासी होना चाहिए। तीर्थयात्री बीपीएल श्रेणी के अंतर्गत आना चाहिए (करदाता नहीं होना चाहिए) तीर्थयात्री द्वारा पहले इस प्रकार का तीर्थदर्शन योजना का लाभ नहीं लिया गया हो, मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के लाभार्थियों (स्वयं/पति/पत्नि और परिवार के सदस्यों) के सहयोग के लिए एक पारिवारिक सदस्य सहयात्री के रूप में उनके साथ जा सकते हैं। इस क्रम में अपने सहयात्री का आवेदन, अपने आवेदन के साथ जमा करना होगा। तीर्थयात्रा में जाने के लिए इच्छुक नागरिक को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए। किसी तरह का संक्रामक रोग (यथा, टीबी, सांस लेने में कठिनाई, हृदय रोग, कुष्ठ रोग आदि) से पीड़ित नहीं होना चाहिए। मूल चिकित्सा प्रमाण-पत्र जिसमें यात्रा प्रमाणपत्र के लिए सर्टिफिकेट होना चाहिए।

**फॉर्म के लिए जरूरी कागजात चाहिए :** आवेदन पत्र में एक फोटो चिपकाया हुआ और एक संलग्न होना चाहिए। निवास प्रमाण-पत्र के रूप में आधार कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, बिजली बिल, मतदाता पहचान पत्र या राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी एक प्रमाण पत्र को निवास प्रमाण पत्र के रूप में स्वीकार किया जायेगा

**मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा के लिए हजारीबाग से कुल 51 नागरिकों का किया जायेगा चयन :** हजारीबाग जिला से हजारीबाग जिला से मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रा के लिए कल 51 नागरिकों का चयन किया जाएगा जिसके अंतर्गत सभी 16 प्रखंडों से तीन-तीन प्रत्येक धर्म के नागरिकों का चयन करने का लक्ष्य रखा गया है। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और सहायक नगर आयुक्त योग्य लाभुको की सूची 1 से 2 जुलाई तक जिला योजना कार्यालय में उपलब्ध करवाने को कहा गया है। साथ ही उक्त कार्यालय से एक नोडल अधिकारी नियुक्त कर उनका नाम और नंबर भी उपलब्ध कराने को कहा गया है।

### कहां करें आवेदन

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत इस योजना का लाभ लेने वाले यात्रियों को अपना आवेदन संबंधित प्रखंड अंचल कार्यालय, संबंधित अनुमंडल कार्यालय व नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग में जमा कर सकते है।

### क्या है चयन प्रक्रिया

तीर्थ यात्रियों का चयन संबंधित जिला स्तरीय प्रबंधन समिति द्वारा किया जायेगा। तीर्थ यात्रियों का चयन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जायेगा। साथ ही तीर्थ यात्रियों को फिट फॉर ट्रैवल सर्टिफिकेट का प्रमाण पत्र भी जमा करना होगा।

# आजसू पार्टी का हल्ला बोल कार्यक्रम 5 को

वर्तमान झारखंड सरकार के व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक आवाज बुलंद करेगी आजसू पार्टी : रोशनलाल चौधरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** आजसू पार्टी ने पूरे प्रदेश में वर्तमान जेएमएम और कांग्रेस सरकार के व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आजसू पार्टी ने मोर्चा खोल रखा है।पूरे प्रदेश में आजसू पार्टी ने सभी प्रखंड मुख्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ हल्ला बोल कार्यक्रम आयोजित कर सरकार और सरकार के शासन प्रशासन को झकझोर दिया है।

इसी क्रम में बड़कागांव आजसू पार्टी की प्रखंड कमेटी ने भी मोर्चा खोल दिया है और बड़कागांव प्रखंड कमेटी के द्वारा 5 जुलाई को हल्ला बोल कार्यक्रम का भी आयोजन किया है। जिसकी तैयारी हेतु आज बड़कागांव स्थित गुरुचट्टी के आवासीय कार्यालय में बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा तथा संचालन सह सचिव घनश्याम दांगी ने किया।हल्ला बोल कार्यक्रम में मुख्य रूप से आजसू पार्टी के बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय के हल्ला बोल कार्यक्रम में शामिल होंगे। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव अनिकेत कुमार, उप प्रमुख वचन देव कुमार, केंद्रीय सदस्य राजा खान, कामेश्वर महतो, संदीप कुशवाहा, जिला सचिव गीरेंद्र प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष शंकर मिश्रा, वीरेंद्र कुमार, अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष सब्बू खान, युवा अध्यक्ष नारायण प्रसाद, युवा सचिव पप्पू प्रसाद, सुनील कुमार, मोहित कुमार, अजीत, अख्तर, राजेंद्र, मुकेश, रघुनाथ, मोहम्मद रफीक इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## श्याम शरण में आजा रे के अरदास कीर्तन में झूमे श्रद्धालु

# कन्हैया तो हमारा साथी है गरीबों का सहारा है..

आजाद सिपाही संवाददाता



**झुमरीतिलैया।** कन्हैया तो हमारा साथी है गरीबों का सहारा है.. हमसे दूर नहीं है करता है रखवाली जिसने किया भरोसा बाबा ने.. जब जब इसे पुकारे बाबा ने दिया सहारा... कीर्तन की है रात बाबा आज थाना आनो है.. पलके ही पलके बिछाएंगे जिस दिन श्याम प्यारे घर आयेंगे.. जैसे भजनों पर श्रद्धालु भक्त माहेश्वरी भवन में आयोजित श्री श्याम अरदास महोत्सव कार्यक्रम में कोलकाता के प्रसिद्ध गायक दया शर्मा के भजनों पर अमृत बर्षा के बीच घंटा झूमते रहे। मालूम हो कि कार्यक्रम स्थल पर हिमालय की कन्द्राओ के बीच बाबा श्याम का दरबार एवं अन्य देवी देवताओं का दरबार आकर्षण का केंद्र बिंदु बना रहा। ज्योत के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई जिसमें पूजा अर्चना पंडित विजयकांत उपाध्याय ने करायी। यजमान के रूप में संजय शारदा सुनीता शारदा मुख्य रूप से शामिल हुए। मौके पर मंच का संचालन करते हुए रवि दाहिमा श्याम शरण में आजा रे का मुख्य उद्देश्य घर-घर जोत प्रज्वलित करना है और इसी के माध्यम से प्रचार प्रसार भी बाबा श्याम का होगा। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालु भक्तों ने गणेश वंदना और सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। भजन गायक मनोज लड्ढा मेरा दिल पुकारे अंखियों की प्यास बुझा जा.. धीरज पांडेय सजाओ घर गुलशन सा मेरा श्याम आए हैं.. प्रदीप कन्दोई ने वृंदावन में हुकुम चले बरसाने वाली का.. तन्मय लड्ढा, जय दाहिमा, सहित इकाई अन्य गायको ने राजस्थानी भोजपुरी क्लासिकल आधारित भजन प्रस्तुत करू भक्तों को खूब झुमाया मौके पर बृजबाला शारदा, कृष्णम शारदा, पप्पू सिंह, विवेक सहल, दीपेश जेठवा, यश बंसल, विपुल चौधरी, संतोष लड्ढा, अरविंद चौधरी, चंद्रशेखर जोशी, विकास बैसखियार, अविनाश कापसिमे, मनोज जोशी, रणधीर कापसिमे, मनीष पेड़ीवाल, उमेश जोशी, हिमांशु केडिया, नवीन संघई, आयुष पोद्दार, संदीप, आशिष शर्मा, संजय, राजू अजमानी, गौरी भगत, साहिल भदानी, रंजीत सिंह, दीपक, शीतल, शेरघाटी और रांची के श्याम शरण के आजा रे सुमित पाठक सहित 21 साल भालू भक्त बाबा श्याम के दरबार में पधारे कार्यक्रम का समापन स्तुति और आरती के साथ संपन्न हुआ कार्यक्रम के दौरान जय श्री श्याम, हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा से कार्यक्रम स्थल गूंजता रहा।

## शेफाली गुप्ता ने हजारीबाग के ओपन जेल परिसर में एक पेड़ मां के नाम के तहत किया पौधरोपण



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी सदर विधानसभा कोर कमेटी सदस्य शेफाली गुप्ता ने हजारीबाग के ओपन जेल परिसर में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधा रोपण किया। उन्होंने कहा कि हमे मां के साथ-साथ पर्यावरण का भी सम्मान करना है। धरती की हरियाली को बनाए रखना हम सभी का कर्तव्य है। इस प्रेरणादायक पल में सभी आगे आये और पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मां के प्रति अपने सम्मान को प्रकट करें। मौके पर हजारीबाग जेल के अधीक्षक जितेंद्र कुमार, जेलर बबलू गोप, भारतीय जनता पार्टी की महिला जिला अध्यक्ष रेणुका साहू, सतभामा, रानी शुक्ला, अमन शुक्ला, विशाल वाल्मीकि, रोहित राम, मुकेश गुप्ता, पंकज कुमार आदि उपस्थित थे।

## डीएवी में ऑल इंडिया 466 रैंक लाने वाले अभिज्ञान सिन्हा हुए सम्मानित



झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरीतिलैया के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह, वरिष्ठ शिक्षक कुमार सतीश सिंह और मनोज कुमार सिंह ने अभिज्ञान सिन्हा के निवास स्थान पर जाकर उन्हें पुष्प गुच्छ और विद्यालय का मेमेंटो देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि अभिज्ञान सिन्हा ने आईआईटी एडवांस्ड में ऑल इंडिया 466 रैंक लाकर कोडरमा जिले का नाम रोशन किया है। यह हम सबके लिए बड़े ही गौरव की बात है। अभिज्ञान सिन्हा दसवीं सीबीएसई में जिला टॉपर हो कर कोडरमा जिले में डीएवी स्कूल का मान बढ़ाया था। प्राचार्य ने कहा कि हम सभी विद्यालय प्रबंधन की तरफ से शुभकामना देते हैं कि आप सफलता के उच्चतम शिखर को प्राप्त कर अपने माता-पिता और शिक्षकों का मान सम्मान बढ़ाएं। आपकी कठिन मेहनत, परिश्रम, समय प्रबंधन अन्य सभी बच्चों के लिए प्रेरणा स्रोत रहेगा। अन्य बच्चे अवश्य इससे अभिप्रेरित होकर लाभान्वित होंगे। अभिज्ञान सिन्हा ने कहा कि आज मैं अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं कि मुझे डीएवी स्कूल में पढ़ने का सौभाग्य एवं शिक्षकों का उचित मार्गदर्शन मिला। मैं इस सफलता का श्रेय अपनी कठिन मेहनत के साथ साथ शिक्षकों के स्नेह, मार्गदर्शन, माता-पिता और बड़े बुर्जुगों के आशीर्वाद और ईश्वर की महती कृपा का प्रतिफल मानता हूं। अभिज्ञान सिन्हा के पिता सुनील कुमार सिन्हा ने प्राचार्य और शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया कि वे घर पर जाकर उनका मान -सम्मान और बच्चे का हौसला बढ़ायें।

## इचाक प्रमुख पति सिकंदर दास झामुमो में हुए शामिल



इचाक (आजाद सिपाही)। इचाक प्रखंड के प्रमुख पार्वती देवी के पति सिकंदर दास रांची पहुंचे और झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी में शामिल हुए। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने उन्हें पार्टी का पट्टा पहना कर पार्टी में शामिल कराया। इस दौरान झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष शंभू लाल यादव, युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष निर्मल राम, जिला संगठन मंत्री संजय राय समेत कई उपस्थित थे।

## 251 छात्रों के बीच निःशुल्क साइकिल का वितरण



कोडरमा (आजाद सिपाही)। कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजना उन्नति का पहिया के तहत आज जिले के जयनगर प्रखंड के विभिन्न 10 सरकारी विद्यालयों में कक्षा आठ में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण किया गया। जिला कल्याण विभाग द्वारा आदर्श मध्य विद्यालय, बालिका मध्य विद्यालय जयनगर, मध्य विद्यालय सदडीहा, मध्य विद्यालय लतबेधवा, मध्य विद्यालय मकतपुर, उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोदखर, उत्क्रमित उच्च विद्यालय नईटाड, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, हिंदी विद्यालय कथाडीह, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सांथ और उत्क्रमित मध्य विद्यालय योगियाटीलह के बच्चों के बीच साइकिल वितरण किया गया। कुल 251 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रमुख और अन्य उपस्थित रहे।

## जरूरतमंदों की नि:स्वार्थ सेवा करना ही लायंस क्लब का उद्देश्य : अरुण किरण




**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब के फाउंडेशन डे पर नए सत्र 2024-25 के पदाधिकारी ने जेपी जैन मेमोरियल में सोमवार को जरूरतमंदों के बीच फूड पैकेट वितरण के साथ शुभारंभ किया। मौके पर क्लब के अध्यक्ष अरुण किरण मुखर्जी ने कहा कि लायंस क्लब का मुख्य उद्देश्य ही जरूरतमंदों को नि:स्वार्थ भाव के साथ सेवा करना है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष समाज सेवा के साथ-साथ क्षेत्र को हरा भरा बनाना है। इसके लिए हम सभी मिलकर विभिन्न क्षेत्रों में पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा। इस अवसर पर सचिव महेश बडेरा, गोविंद लाल अग्रवाल, मनजीत साहनी, कमल बगड़िया, जेके शर्मा, ओंकार मल्होत्रा, विनोद गर्ग, विनोद वर्मा, विजय अग्रवाल, अजीत अग्रवाल, रमन मेहरा, अशोक जैन, जीवन जैन, श्याम सुंदर परशुरामपुरिया, राजेश अग्रवाल, तेजिंदर सिंह सोनी, बलवंत राय मारवाह, एचएन सौंधी आदि शामिल थे।

## पतरातू एसडीपीओ ने भुरकुंडा ओपी में लंबित कांडों की समीक्षा बैठक की



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पतरातू एसडीपीओ बिरेंद्र राम ने सोमवार को भुरकुंडा ओपी में बैठक की। जिसमें उन्होंने लंबित कांडों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कई दिशानिर्देश दिये। साथ ही सभी लंबित कांडों के जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया। इस संबंध में ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि पूर्व से लंबित कई कांडों का निष्पादन किया गया है। अन्य सभी लंबित कांडों का यथाशीघ्र निष्पादन किया जाएगा। बैठक में भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार सहित पुलिस अवर निरीक्षक निर्भय कुमार गुप्ता, अविनाश कुमार, कुणाल कुमार उपस्थित थे।

## रोटरी इंटरनेशनल का नया सत्र डॉक्टर्स डे के साथ शुरू




**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** रोटरी इंटरनेशनल का नया सत्र 1 जुलाई सोमवार को डॉक्टर्स डे के साथ शुरू हुआ। इस अवसर पर आदर्श क्षेत्रीय सीसीएन अस्पताल भुरकुंडा पहुंचकर क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन प्रवीण शर्मा, सचिव रोटेरियन रंजीत गुप्ता व चार्टर अध्यक्ष प्रमजीत सिंह धामी ने डॉक्टरों का स्वागत करते हुए सम्मानित किया। इस दौरान रोटरी क्लब ऑफ भुरकुंडा के पदाधिकारियों ने सीसीएल अस्पताल भुरकुंडा के डॉ अनूप कुमार टोप्पो, डॉ नदीम अनवर, डॉ एम आफताब और डॉ राजेश कुमार को शॉल ओढ़ाकर एवं मोमेंटो देकर स्वागत किया। मौके पर के नये सत्र के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने कहा कि डॉक्टर कठिन परिस्थितियों में भी अपने दायित्व को बेहतरीन जिम्मेदारी के साथ निभाते हैं। आपसबों की जितनी भी सराहना की जाए कम है। उन्होंने कहा कि आगे भी रोटरी भुरकुण्डा की सेवा जारी रहेगी । कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब के रोटेरियन अशोक शर्मा, डॉ एनके सिंह, श्रीकांत गुप्ता, मुख्तार सिंह, राम अवतार प्रसाद, अजय गोयल, राम किशोर प्रसाद, विजय कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

## वृक्ष लगाना हम सभी का परम कर्तव्य : रंजीत सिंह



**कुजू (आजाद सिपाही)।** बाल विद्या मंदिर आरा में सोमवार को पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय प्रांगण में वरिष्ठ शिक्षिका सुनीता कुमारी के निर्देशन में दसवीं के छात्र-छात्राओं ने सीसीएल कुजू क्षेत्र से प्राप्त 50 पौधो का रोपण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय प्राचार्य रंजीत कुमार सिंह ने पर्यावरण की सुरक्षा एवं जीवन की रक्षा के लिए पौधारोपण को सबसे महत्वपूर्ण बताते हुए प्रत्येक व्यक्ति को एक-एक पौधा लगाने एवं उसको संरक्षित करने की बात कही। मौके पर रंजन मिश्रा, कामेश्वर प्रसाद, भागीरथ प्रसाद, कौलेश्वर महतो, सविता कुमारी, बबीता कुमारी, रीता कुमारी, कुलदीप कुमार महतो, भुनेश्वर महतो, बैजनाथ महतो, महमूद आलम,गीता कुमारी, आशा कुमारी सहित विद्यालय की सभी छात्र-छात्राएं, शिक्षक मौजूद रहे।

## लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने वन महोत्सव पर किया पौधरोपण, संरक्षण का लिया संकल्प




**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के तत्वधान में सोमवार को वन महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत क्लब की नवनियुक्त अध्यक्ष रेखा वर्णवाल और सचिव अंजू देवी पटेलनगर स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर, गायत्री माता मंदिर और हाई स्कुल मैदान में के पौधारोपण कर किया गया। इस दौरान दर्जनों फलदार, छायादार पौधे लगाये गये। साथ पौधों की सुरक्षा के लिए जाली भी लगाया गया। पौधारोपण के बाद क्लब के लोगों ने इसके संरक्षण का भी संकल्प लिया। मौके पर अध्यक्ष रेखा वर्णवाल ने कोयलांचल वासियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा हमसबों का दायित्व है। आने वाली पीढ़िया सुरक्षित हो इस संकल्प के साथ सुरक्षित रूप से प्रत्येक लोगो को कम से कम दो-दो पौधा जरूर लगाना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद, पूर्व अध्यक्ष माला शर्मा, वीणा सिंह, एमजेएफ लायन राजेंद्र महतो, अशोक सिन्हा, विजय वर्णवाल, अखिलेश शर्मा, निर्मल अग्रवाल, विजयंत कुमार, संजय सिंह, विनय चन्द्र तिवारी, प्रमोद शर्मा, विमल राय, एचएन यादव, राजेश अग्रवाल, मुमताज, रमेश, संजय सहित स्थानीय लोगों में मुन्ना यादव, जितेन्द्र पांडेय, उत्तम सिन्हा, अशोक सिंह, सत्यानारायण ठाकुर आदि का विशेष योगदान रहा।

### स्टेशन जीर्णोद्धार कार्य करनेवाली कंपनी से मांगी रंगदारी, मामला दर्ज

# पांडेय गिरोह के तीन सक्रिय सदस्य गिरफ्तार

**जेल में बंद गिरोह के सरगना विकास तिवारी पर भी रामगढ़ थाना में मामला दर्ज**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ रेलवे स्टेशन के अंदर और बाहर जीर्णोद्धार का कार्य रही कंपनी से रंगदारी मांगने के मामले में रामगढ़ पुलिस ने पांडेय गिरोह के तीन सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों को सोमवार को जेल भेज दिया है। मामले में जेल में बंद गिरोह के सरगना विकास तिवारी पर भी मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

### क्या है मामला

जानकारी के अनुसार रामगढ़ थाना में पदस्थापित दारोगा मंजेस कुमार सिंह ने रामगढ़ थाना में मामला दर्ज कराया है। दर्ज मामले में कहा है कि 30 जून को वरीय पदाधिकारी को गुप्त सूचना मिली रामगढ़ कैंट रेलवे स्टेशन के अंदर और बाहर जिएस मल्होत्रा इंजीनियर्स एंड कांट्रेकर्स कंपनी द्वारा जीर्णोद्धार का कार्य कर रही है। कंपनी के ठीकेदार को पांडेय गिरोह के सदस्यों के द्वारा रंगदारी की मांग की गयी है। जिसके बाद कंपनी के द्वारा कार्य को बंद कर दिया गया। जिसके बाद दारोगा आशुतोष सिंह सहित सदलबल के साथ घटना स्थल पहुंचकर जांच पड़ताल किया। जांच में पाया कि पांडेय गिरोह के सरगना विकास तिवारी और दीपक साव उर्फ पकौड़िया द्वारा कंपनी के मालिक और ठीकेदार से रंगदारी मांगी जा रही है।



### रंगदारी का पैसा नहीं देने पर दी जान से मारने की धमकी

प्राथमिकी में बताया कि रंगदारी का पैसा नहीं देने पर पांडेय गिरोह के लोकल सदस्य धर्मेंद्र कुमार उर्फ सोनू पांडे उर्फ फुद्दू पांडे पिता विपिन बिहारी पांडे रानी बागी निवासी अपने कुछ साथियों के साथ जीणोर्धार स्थल पहुंच और गाली गलौज कर जान से मारने का धमकी दिया। कंपनी का धमकी मिली है कि जबतक दीपक साव का ऑर्डर नहीं होता है। काम बंद रखो, वरना अंजाम बुरा होगा।

**पुलिस ने मामले में तीन सदस्यों को किया गिरफ्तार :** पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरोह के सदस्य धर्मेंद्र कुमार उर्फ सोनू पांडे उर्फ फुद्दू पांडे पिता विपिन बिहारी पांडे रानी बागी निवासी, सिल्टू कुमार पिता उमेश दांगी जगदीश नगर सिद्धू कान्हू मैदान, इलू रजक उर्फ सूरज पिता इंद्रदेव रजक शिबू कॉलोनी नेहरू रोड निवासी को गिरफ्तार कर पूछताछ किया। जिसके बाद सभी को जेल भेज दिया है।

# सुनीता चौधरी ने डीएमएफटी फंड से निर्मित किचन शेड और स्टोर रूम का उद्घाटन किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रजरप्पा।** रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत कुंदरु कला पंचायत के राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय में मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी के द्वारा विद्यालय परिसर में नवनिर्मित किचन सेड व स्टोर रूम का सिलपत अनावरण कर विधिवत रूप से उद्घाटन किया, डीएमएफटी फंड से सेड का निर्माण किया गया।

इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं द्वारा विधायक सुनीता को माला पहनाकर एवं बुके देकर भव्य रूप से स्वागत किया इस दौरान विद्यालय के नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं द्वारा गीत और नृत्य प्रस्तुत कर स्वागत किया गया। मौके पर उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं की उपस्थिति शत प्रतिशत विद्यालय में नियमित हो, तथा गुणवत्ता पूर्ण पठन पाठन पर सभी शिक्षक विशेष ध्यान दे, कक्षा 1 से लेकर उच्च विद्यालय तक बच्चों का उज्जवल भविष्य बनाने में शिक्षक शिक्षिकाओं की अहम भूमिका होती है, किचन सेड एवं स्टोर रूम की नया निर्माण होने से मध्यान भोजन का रखरखाव ठीक ढंग से हो पाएगा तथा बच्चों को इसका बेहतर लाभ मिलेगा। विधायक ने कहा कि शिक्षा का विकास के लिए विद्यालय को हर संभव मदद किया जाएगा, पर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए, स्वच्छ वातावरण में शिक्षा देना बहुत महत्वपूर्ण बात है, मौके पर विशिष्ट अतिथि रामगढ़ जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो ने कहा कि बेहतर शिक्षा के लिए विद्यालय को हर तरह के सुविधा दी जाएगी, इस मौके पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुलोचना कुमारी पंचायत के मुखिया किसुन राम मुंडा, उप मुखिया मोहराय महतो, प्रधानाध्यापक विधायक रुचि बरहपूरिया,बारलोंग मुखिया रेखा देवी, प्रबंधन समिति अध्यक्ष अंसार अंसारी, शिक्षक स्वीकृति खलखो,ओहमती पूनम टोप्पो, बैजनाथ शर्मा,आदित्य पांडेय, उत्पल मुर्मू,प्रकाश महतो, सतीश श्रीवास्तव, गीता देवी, उर्मिला देवी डलेश्वरी देवी, नागेश्वर रविदास, गीता देवी, बसंत नारायण राम, उमेश रवि के अलावे छात्र-छात्राएं मौजूद थे



## रोटरी क्लब रामगढ़ ने नारायण सेवा का किया शुभारंभ




आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** शहर के मेन रोड स्थित माता विघ्नेश्वरी मंदिर परिसर में रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़ के तत्वावधान में सोमवार को रोटरी नारायण सेवा का शुभारंभ किया गया। इससे पूर्व क्लब के सदस्यों ने माता विघ्नेश्वरी मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर मां के चरणों में भोग चढ़ाया। पूजा-अर्चना के बाद राहगीरों के बीच रोटेरियनों ने खिचड़ी का वितरण किया। मौके पर क्लब के अध्यक्ष राजेंद्र जैन व सचिव नीलांजन दत्ता ने बताया कि प्रत्येक सप्ताह में दो दिन मंगलवार और गुरुवार को रोटरी नारायण सेवा के तहत निःशुल्क भोजन कराया जाएगा। आज के भोग का वितरण सुमन दत्ता के सहयोग से किया गया है। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन संतु भाई मानिक और प्रदीप कुमार सिंह हैं। इस अवसर पर ,सुरेश पी अग्रवाल, अनमोल सिंह, विनोद जैन, राहुल जैन, संजय जैन, संजय शर्मा, कमलेश्वर सिंह, कांता सोबती, खुशबू जैन, सुमन दत्ता, जेपी सिंह, ललीत जैन, रंजीत सिंह सहित कई रोटेरियन शामिल थे।

## पीएम श्री के 14 विद्यालयों के 70 प्राचार्य और शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत पूरे भारत में 14500 विद्यालयों को पीएम श्री विद्यालय के रूप में चिन्हित करने के क्रम में चतरा जिले से चिन्हित 14 विद्यालयों , जिसमें उत्क्रमित उच्च विद्यालय मोकतमा, मध्य विद्यालय दिवानखाना, मध्य विद्यालय गिद्धौर, उत्क्रमित उच्च विद्यालय तेतरिया, मध्य विद्यालय इटखोरी, उत्क्रमित उच्च विद्यालय टोनाटांड, उत्क्रमित मध्य विद्यालय राजपुर, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय साहपुर, उत्क्रमित उच्च विद्यालय लावालौंग, उत्क्रमित मध्य विद्यालय हुसिया, उत्क्रमित मध्य विद्यालय नोंनगांव, उत्क्रमित उच्च विद्यालय जोगियारा, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सिमरिया, उत्क्रमित उच्च विद्यालय खधैया के कुल 70 प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों का पांच दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण झारखंड शिक्षा परियोजना चतरा द्वारा सोमवार 1 जुलाई 2024 को उत्सव पैलेस चतरा में दिया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला शिक्षा अधीक्षक चतरा अभिषेक बड़ाइक द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। जिला शिक्षा अधीक्षक चतरा ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए शुभकामनाएं दी और मन से प्रशिक्षण प्राप्त करने की सलाह दी। एडीपीओ मनोज सिंह के द्वारा प्रशिक्षण में पीएम श्री स्कूलों को मिलने वाले विभिन्न प्रकार के भौतिक सुविधाओं, इंफ्रास्ट्रक्चर आदि पर चर्चा किया। प्रशिक्षकों द्वारा इन स्कूलों के 6 पिलर्स पर भी विस्तार से चर्चा किया गया। पीएम श्री योजना का उद्देश्य की जानकारी देते हुए बताया गया कि विद्यालयों में भौतिक और शैक्षणिक संसाधनों के अतिरिक्त विद्यालय के प्रति बच्चों और अभिभावकों का रुझान पैदा करना गुणवत्त शिक्षा सभी बच्चों को प्राप्त हो, साथ ही नई शिक्षा नीति के सभी आयामों को लागू करना है।



# डॉक्टर्स डे पर इनरव्हील क्लब ने डॉ अशोक बेरलिया को किया सम्मानित

**अच्छे स्वास्थ्य और शरीर को निरोग रखने में डॉक्टर की अहम भूमिका है : पिंकी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** डॉक्टर्स डे पर इनरव्हील क्लब के तत्वाधान में सोमवार को शहर के प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ अशोक बेरलिया को सम्मानित किया गया। मौके पर क्लब के अध्यक्ष पिंकी पोद्दार ने कहा धरती में अगर कोई भगवान का स्वरूप है तो वह डॉक्टर है। इनका सम्मान करना हम सभी की जिम्मेदारी है। इसलिए प्रत्येक वर्ष डॉक्टरों के सम्मान में इनरव्हील क्लब के द्वारा सम्मानित किया जाता है। उन्होंने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य और शरीर को निरोग रखने में डॉक्टर की अहम भूमिका है। हमारे स्वास्थ्य के लिए डॉक्टरों की इसी भूमिका को देखते हुए उन्हें पृथ्वी के भगवान का दर्जा दिया गया है।



**विनसेंट पब्लिक स्कूल में किया पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षित करने का लिया संकल्प**

इनर व्हील क्लब के सत्र 2024-25 के नए अध्यक्ष पिंकी पोद्दार, सचिव नवलजीत कौर और कोषाध्यक्ष पिंकी गांधी ने अपने नए सत्र का आगाज करते हुए विनसेंट पब्लिक स्कूल में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षित रखने का लिया संकल्प। पिंकी गांधी ने कहा कि प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए और अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पौधरोपण जरूरी है। पेड़ पौधे हमें छाया प्रदान करते हैं। फल फूलों की प्राप्ति भी हमें पेड़ पौधे से ही होती है। इस दौरान क्लब की सदस्यों ने 50 से अधिक हालदार और छायादार पौधारोपण किया।

**ये थे शामिल :** अनुराधा सर्राफ, जसमीत कौर सोनी, डॉ मनवीर कौर, नमिता सर्राफ, प्रियंका जैन, निधि चौधरी, मधु बेरलिया, रंजू अरोड़ा, परमजीत भुसरी सहित कई क्लब की कई सदस्य शामिल थी।

# विधायक अंबा प्रसाद ने सड़क निर्माण का किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**पतरातू।** तालाताड़ पंचायत के नलकारी पुल से सुथारपुर भाया हरिहरपुर व विचा तक सड़क निर्माण का शिलान्यास विधायक अंबा प्रसाद में सोमवार को किया। बताया जाता है कि सड़क का निर्माण झारखंड सरकार ग्रामीण कार्य विभाग के द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुंदरीकरण योजना के तहत किया जा रहा है। विधायक अंबा प्रसाद में बताया कि मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत लगभग 15 किलोमीटर लम्बी सड़क का विशेष मरम्मती का कार्य किया जाना है. उन्होंने बताया कि सड़क पूरी तरह खराब हो चुकी थी। आसपास गांव के लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अब आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। मौके पर जेई युनुस अंसारी, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि सीताराम मुंडा, झामुमो नेता सह पूर्व मुखिया चरेन्दर बेदिया, विधायक प्रतिनिधि कृष्ण सिंह, योगेंदर खरवार,असगर अली, मुस्तफा अंसारी, रमेश बेदिया, मो सफीक अंसारी, संवेदक समेत भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



## सत्यानंद भोगता एक दिवसीय दौरे पर कुंदा पहुंचे



**कुंदा/ चतरा (आजाद सिपाही)।** मंत्री सत्यानन्द भोगता सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर कुंदा प्रखंड कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्य अतिथि सत्यानंद भोगता को प्रखंड विकास पदाधिकारी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री सत्यानंद भोगता ने कहा कि झारखंड सरकार बेहद संवेदनशील है गरीबों के लिए सैकड़ों जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार हरेक क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है। योग्य लाभुकों के बीच मुख्यमंत्री बहन बेटी स्वावलंबन योजना के तहत जिनकी उम्र 25 से 49 वर्ष है , उन्हें 1हजार रुपए प्रतिमाह पेंशन दिया जाएगा । इस मौके मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने पर अबुवा आवास, महिला समूह ऋण वितरण,सर्वजन पेंशन योजना, श्रम विभाग निबंधन कार्ड, जॉब कार्ड, छात्रवृत्ति योजना, साइकिल वितरण योजना, समेत अन्य कई जनकल्याणकारी योजनाओं का स्वीकृति पत्र, तथा परिसंपत्तियों का वितरण किया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव,प्रखंड विकास पदाधिकारी विवेक कुमार, बीपीओ अजय सिन्हा, अंचल अधिकारी शंभूनाथ सिन्हा, प्रमुख प्रतिनिधि जपयराम भारती, कुंदा पंचायत रोजगार सेवक मुसाफिर यादव, प्रखंड कर्मी समेत कई गणमान्य मौजूद थे।

## युवक ने की फांसी लगाकर आत्महत्या

**चतरा (आजाद सिपाही)।** कान्हाचट्टी प्रखंड में 20 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के कारणों की पता नहीं चल पाया है। प्रखंड के चिरिदिरी पंचायत के सिमराडीह गांव का बताया जा रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## तीसरे दिन भी आर्थिक नाकेबंदी का रहा असर

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** उतरी कर्णपुरा एनटीपीसी से टंडवा प्रखंड क्षेत्र में जीरो कट बिजली व नौ इंट्री को लेकर तीसरे दिन तक भाजपा का आर्थिक नाके बंदी जारी है।सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास अनिश्चित कालीन आर्थिक नाके बंदी का नेतृत्त्व कर रहे है।आर्थिक नाके बंदी का आपार जन समर्थन मिल रहा है।जहाँ भाजपा कार्यकर्ता तीसरे दिन भी डटे रहे है।कोयला ढुलाई तीसरे दिन भी ठप है,धरना में बैठे विधायक श्री दास ने कहा की आंदोलन सही दिशा में जा रहा है। बिजली कैसे मिले इस पर वर्कआउट किया जा रहा है। निश्चित रूप से आंदोलन सफल होगी। ज्यादा नही दो मांगो पर आंदोलन छेड़ा गया है जो जनहित में है।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**निविदा सूचना संख्या: डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-25-32-2024, दिनांक: 01.07.2024।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक/अभियांत्रिकी/दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834003 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्रम संख्या: 1। सूचना संख्या: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-25-2024। कार्य का नाम:** लोधमा, कर्रा, बकसपुर, पोकला, पकरा, कुरकुरा, महाबुआंग, कानारोआं, टाटी और परबाटोनिया स्टेशनों पर पीएफ शेल्टर अडॉप्टिंग सेल्फ सपोर्टिंग रूफिंग सिस्टम का निर्माण। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,83,17,065.97 । **जमा बयाना राशि का मूल्य:** ₹ 2,41,600। **क्रम संख्या: 2। सूचना संख्या: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-26-2024। कार्य का नाम:** रांची मंडल : एडीईएन/साउथ/एचटीई के अधिकार क्षेत्र के अधीन आरडीएसओ की तकनीकी स्पेसिफिकेशन के अनुसार 60 किग्रा. रेल के लिए ट्रैक आधारित रेल गेज फेस लुब्रिकेटर 9 अदद (1 किमी. के लिए इलेक्ट्रॉनिक टाइप) कॉम्पलीट सिस्टम की आपूर्ति, स्थापना, शुरुआत एवं परिचालन (5 वर्षों के लिए)। **निविदा मूल्य:** ₹ 66,97,638। **जमा बयाना राशि का मूल्य:** ₹ 1,34,000। **क्रम संख्या: 3। सूचना संख्या: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-27-2024। कार्य का नाम:** रांची मंडल: एडीईएन/सेटलमेंट/एचटीई के अधिकार क्षेत्र के अधीन आरडीएसओ की तकनीकी स्पेसिफिकेशन के अनुसार 60 किग्रा. रेल के लिए ट्रैक आधारित रेल गेज फेस लुब्रिकेटर 32 अदद (1 किमी. के लिए हाइड्रोलिक टाइप) कॉम्पलीट सिस्टम की आपूर्ति, स्थापना, शुरुआत एवं परिचालन (5 वर्षों के लिए)। **निविदा मूल्य:** ₹ 2,38,13,824। **जमा बयाना राशि का मूल्य:** ₹ 2,69,100। **क्रम संख्या: 4। सूचना संख्या: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-28-2024। कार्य का नाम:** रांची मंडल: एडीईएन/साउथ/एचटीई के अधिकार क्षेत्र के अधीन आरडीएसओ की तकनीकी स्पेसिफिकेशन के अनुसार 60 किग्रा. रेल के लिए ट्रैक आधारित रेल गेज फेस लुब्रिकेटर 39 अदद (1 किमी. के लिए हाइड्रोलिक टाइप) कॉम्पलीट सिस्टम की आपूर्ति, स्थापना, शुरुआत एवं परिचालन (5 वर्षों के लिए)। **निविदा मूल्य:** ₹ 2,90,23,098। **जमा बयाना राशि का मूल्य:** ₹ 2,95,100। **क्रम संख्या: 5। सूचना संख्या: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-29-2024। कार्य का नाम:** रांची मंडल: एडीईएन/रांची के अधिकार क्षेत्र के अधीन आरडीएसओ की तकनीकी स्पेसिफिकेशन के अनुसार 60 किग्रा. रेल के लिए ट्रैक आधारित रेल गेज फेस लुब्रिकेटर 101 अदद (1 किमी. के लिए हाइड्रोलिक टाइप) कॉम्पलीट सिस्टम की आपूर्ति, स्थापना, शुरुआत एवं परिचालन (5 वर्षों के लिए)। **निविदा मूल्य:** ₹ 7,51,62,382। **जमा बयाना राशि का मूल्य:** ₹ 5,25,800। **क्रम संख्या: 6। सूचना संख्या: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-30-2024। कार्य का नाम:** रांची मंडल: एडीईएन/मूरी के अधिकार क्षेत्र के अधीन आरडीएसओ की तकनीकी स्पेसिफिकेशन के अनुसार 60 किग्रा. रेल के लिए ट्रैक आधारित रेल गेज फेस लुब्रिकेटर 49 अदद (1 किमी. के लिए हाइड्रोलिक टाइप) कॉम्पलीट सिस्टम की आपूर्ति, स्थापना, शुरुआत एवं परिचालन (5 वर्षों के लिए)। **निविदा मूल्य:** ₹ 3,64,64,918 । **जमा बयाना राशि का मूल्य:** ₹ 3,32,300। **क्रम संख्या: 7। सूचना संख्या: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-31-2024। कार्य का नाम:** रांची मंडल: रांची मंडल में आरडीएसओ की तकनीकी स्पेसिफिकेशन के अनुसार 60 किग्रा. रेल के लिए ट्रैक आधारित रेल गेज फेस लुब्रिकेटर 06 अदद (2 किमी. के लिए हाइड्रोलिक टाइप) कॉम्पलीट सिस्टम की आपूर्ति, स्थापना, शुरुआत एवं परिचालन (5 वर्षों के लिए)। **निविदा मूल्य:** ₹ 44,65,092। **जमा बयाना राशि का मूल्य:** ₹ 89,300। **क्रम संख्या: 8। सूचना संख्या: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-32-2024। कार्य का नाम:** रांची मंडल: ऑटो टैपिंग थिंबल के साथ फिट किये गए सिंगल शॉट क्रूसिबल सहित 3442 अदद 60 किग्रा. 90यूटीएस एवं 500 अदद 60 किग्रा./60ईआई-आर260 ग्रेड रेल वेल्डिंग पोर्शन इन सीटू की आपूर्ति सहित निरीक्षण (कुल: 3942 जॉइंट्स)। **निविदा मूल्य:** ₹ 89,02,412.68। **जमा बयाना राशि का मूल्य:** ₹ 1,78,100। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 24.07.2024 को अपराह्न 3.00 बजे (क्रम संख्या 1 से 7 प्रत्येक के लिए) तथा 25.07.2024 को अपराह्न 3.00 बजे (क्रम संख्या 8 के लिए)। ऑनलाइन निविदा के लिए निविदादाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। **(PR-329)**

# संतुलित हो विकास

जदयू ने शनिवार को नयी दिल्ली में हुई अपनी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में जिस तरह से बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की अपनी मांग दोहराई है, वह बदले राजनीतिक माहौल में खासी अहमियत रखता है। लोकसभा चुनावों के बाद केंद्र में बनी एनडीए सरकार की जदयू पर निर्भरता को देखते हुए स्वाभाविक ही इस बात की पड़ताल शुरू हो गयी है कि इस मांग पर जोर देने के पीछे जदयू नेतृत्व की मंशा क्या हो सकती है। वैसे बिहार के लिए विशेष दर्जे की मांग कोई नयी नहीं है। मौजूदा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार खुद भी काफी पहले से यह मांग करते रहे हैं। पिछले साल बिहार विधानसभा इस मांग के पक्ष में प्रस्ताव भी पारित कर चुकी है। खास बात यह कि 14वां वित्त आयोग विशेष राज्य के इस दर्जे को समाप्त कर चुका है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) ने अभी ऐसा कोई प्रस्ताव भले पास न किया हो, अपने राज्य के लिए वह भी ऐसी मांग करते रहे हैं। मौजूदा राजनीतिक समीकरण की बात की जाए तो उनकी पार्टी का समर्थन भी केंद्र की एनडीए सरकार के लिए उतना ही अहम है। बल्कि, जदयू के 12 सांसदों के मुकाबले 16 सांसद होने के नाते उनकी ज्यादा अहमियत मानी जायेगी, लेकिन समीकरण चाहे जो भी हो, अभी यह मानने की कोई वजह नहीं है कि ये दल अपनी विशेष राज्य के दर्जे की या किसी भी दूसरी मांग को लेकर ज्यादा आगे बढ़ेंगे। जदयू की ताजा बैठक पर गौर करें, तो उसमें भी जोर टकराव के बजाय सरकार से सही तालमेल बनाये रखने पर ही दिखता है। इस बात का संकेत भाजपा नेताओं से करीबी रिश्तों के लिए जाने जाने वाले संजय झा को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाने से भी मिलता है। बैठक में खुद नीतीश कुमार का भी यह दोहराना अहम है कि वह अब एनडीए छोड़कर कही नहीं जाने वाले। राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा पारित प्रस्ताव में भी विशेष राज्य के दर्जे के साथ विशेष पैकेज के जिक्र को इस मायने में अहम माना जा रहा है। कुछ हलकों में तो इसे पार्टी के विशेष राज्य के दर्जे की मांग से पीछे हटने की कोशिश तक बतायी जा रही है। हालांकि जदयू की ओर से कहा गया है कि यह पीछे हटना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि मांग तकनीकी उलझनों में न फंस जाये। बहरहाल चुनावी और राजनीतिक प्राथमिकताएं अपनी जगह हैं, लेकिन लोकसभा चुनाव के बाद अब सभी पक्षों के लिए उचित यही है कि जनादेश को उपयुक्त सम्मान देते हुए राजनीतिक स्थिरता कायम रखें और पूरे देश के संतुलित विकास की प्रक्रिया आगे बढ़ाने में सहयोग करें।

**बहरहाल चुनावी और राजनीतिक प्राथमिकताएं अपनी जगह हैं, लेकिन लोकसभा चुनाव के बाद अब सभी पक्षों के लिए उचित यही है कि जनादेश को उपयुक्त सम्मान देते हुए राजनीतिक स्थिरता कायम रखें और पूरे देश के संतुलित विकास की प्रक्रिया आगे बढ़ाने में सहयोग करें।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**आज हमें शरीर में कोई व्याधि या रुग्णता दिखती है, तो सीधे डाक्टर ही याद आते हैं। दवा और दुआ का यही अनोखा संगम डाक्टर को धरती का भगवान बनाता है। शायद इसीलिए चाहे आम हो या खास हर कोई डाक्टर को धरती का साक्षात भगवान कहते हैं। भारत में तो इनका महत्व वैद्य के रूप में चिर काल से है। हमारे अनेकों धार्मिक ग्रंथों में इस बात का वर्णन भी है। इन्हीं समर्पण और त्याग को याद करते हुए 1 जुलाई का दिन भारत में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस यानी डॉक्टर्स डे के रूप में मनाया जाता है।**

# डॉक्टर्स डे खूबसूरत परिकल्पना को साकार करने की प्रेरणा

ऋतुपर्ण दवे



जन्म से लेकर उम्र के आखिरी पड़ाव तक चिकित्सक ही इंसान के रूप में वो भगवान होता है, जो बार-बार बहुमूल्य जीवन को बचाता है। भगवान बस एक बार खूबसूरत जिंदगी देता है। लेकिन उसे तमाम अशक्तता और बीमारियों से छुटकारा देकर सुंदर डाक्टर ही बनाता है। दूसरे शब्दों में कहें तो भगवान का दूसरा रूप यदि इस धरती पर कोई है, तो वह डाक्टर ही है। विश्व में न जाने ऐसे कितने उदाहरण मिल जायेंगे जब धरती के इस भगवान ने एक से एक वह काम किए जिसे देख कर हर कोई हैरान रह जाता है।

आज हमें शरीर में कोई व्याधि या रुग्णता दिखती है, तो सीधे डाक्टर ही याद आते हैं। दवा और दुआ का यही अनोखा संगम डाक्टर को धरती का भगवान बनाता है। शायद इसीलिए चाहे आम हो या खास हर कोई डाक्टर को धरती का साक्षात भगवान कहते हैं। भारत में तो इनका महत्व वैद्य के रूप में चिर काल से है। हमारे अनेकों धार्मिक ग्रंथों में इस बात का वर्णन भी है। इन्हीं समर्पण और त्याग को याद करते हुए 1 जुलाई का दिन भारत में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस यानी डॉक्टर्स डे के रूप में मनाया जाता है। देश के प्रख्यात चिकित्सक, स्वतंत्रता सेनानी, समाज सेवी भारत रत्न डॉ. बिधान चन्द्र रॉय की याद में मनाने की परंपरा वर्ष 1991 से 1 जुलाई को शुरू हुई। इसी दिन इस महान विभूति का जन्मदिन और पुण्य तिथि दोनों हैं। इसके पीछे श्रेष्ठ और नेक मकसद यह भी कि सभी चिकित्सक अपनी जिम्मेदारियों को समझें और लोगों के स्वास्थ्य से संबंधित दुख, तकलीफ और रोगों के प्रति सजग रहें।

**देश के प्रख्यात चिकित्सक, स्वतंत्रता सेनानी, समाज सेवी भारत रत्न डॉ. बिधान चन्द्र रॉय की याद में मनाने की परंपरा वर्ष 1991 से 1 जुलाई को शुरू हुई।**

1 जुलाई, 1882 को जन्मे बिधान चन्द्र रॉय भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के भी अहम सिपाही थे। वह 14 साल तक पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री भी रहे। राज्य के स्वास्थ्य सेवा ढांचे और सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कई अस्पताल, मेडिकल कॉलेज की स्थापना के साथ स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण बदलावों के समर्थन के साथ सभी तक स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने के प्रबल पक्षधर रहे। स्वतंत्रता के बाद इन्होंने सारा जीवन चिकित्सा सेवा को समर्पित कर दिया। पश्चिम बंगाल में अपने मुख्यमंत्रित्व काल के दौरान कई अहम विकास कार्य किए। उनके अथक प्रयासों और समाज कल्याण कार्यों के लिए वर्ष 1961 में भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से भी सम्मानित किया गया। 1 जुलाई, 1962 को उनका निधन हुआ।

डॉ रॉय के प्रति सम्मान और जनसामान्य में चिकित्सकों के विश्वास की डोर को बनाये रखने और बढ़ाने के उद्देश्य से भरे इस दिवस को मनाने के पीछे उनकी सच्ची याद के साथ चिकित्सकीय पेशे की पवित्रता की निरंतर याद दिलाना भी है।

बढ़ती जनसंख्या और प्रतिस्पर्धा के नये दौर में सबकी चिकित्सा और निरोगी काया अपरिहार्य है। यह एक ऐसा व्यवसाय है, जिस पर लोग विश्वास करते हैं। बस यही बनाये रखने और चिकित्सकों को भी भान कराने की खातिर दुनिया भर में डॉक्टर्स डे को अलग-अलग दिनों में मनाये जाने की परंपरा है। यह दिन चिकित्सकों के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि उन्हें अपनी चिकित्सकीय शिक्षा, प्रशिक्षण और शपथ को याद करने के साथ ही जितना किया उससे भी श्रेष्ठ करने की प्रेरणा देता है।

निश्चित रूप से चिकित्सक जब अपने चिकित्सकीय जीवन की शुरुआत करते हैं, तो उनके मन में नैतिकता और जरूरतमंदों की सहायता का एक जज्बा होता है। यही मिशन भी है। इस पवित्र व्यवसाय से जुड़े कई लोग इतनी नेक मंशा से आने के बाद भी पथ भ्रष्ट होकर अनैतिकता की राह पर निकल पड़ते हैं। लेकिन यह दिन चिकित्सकों को बार-बार याद दिलाता है कि वो अपने भीतर झांके। अपनी जिम्मेदारियों और समाज की उम्मीदों को समझें। यह भी समझें कि उनके लिए पैसा भगवान नहीं है बल्कि वह चिकित्सक के रूप में समाज के भगवान हैं।

भगवान किसी से कुछ लेते नहीं बल्कि जितना भी बन पड़ता है, देते ही हैं। बस इसी भाव को जगाने का असल उद्देश्य ही चिकित्सक दिवस है, जो डॉ बिधान रॉय में कूट-कूट कर भरा था।

विडंबना देखिए चिकित्सकीय पेशा भी प्रतिस्पर्धी हो गया है। नीट जैसी परीक्षाओं में पैसे देकर पास होने की कोशिशों का अभी सामने आया जुगाड़ पीड़ादायक है। भला ऐसे लोग इस पवित्र पेशे के साथ कैसे न्याय कर पायेंगे? ऐसे लोगों का बैक डोर से घुसना चिंताजनक है। यकीनन बढ़ता भ्रष्टाचार और नैतिक मूल्यों में आयी गिरावट के कारण ही मान, सम्मान कमतर हुआ है।

जिस चिकित्सक का दर्जा भगवान के तुल्य हो, वह पैसे में लिप्त हो जाये, तो कतई न्याय संगत नहीं कहलाता। वहीं अब तो नयी तकनीक, उद्योग और पूंजीवाद के आगोश में जकड़ा चिकित्सकीय व्यवसाय कार्पोरेट श्रेणी में ढल कर आम आदमी की पहुंच से दूर होता जा रहा है।

बड़े पूंजीनिवेश और महंगे इलाज ने चिकित्सक और मरीज के मानवीय संबंधों को काफी कमजोर किया है। बावजूद इन सबके अब भी हर कहीं वह भगवान मिल ही जाते हैं, जो सच्चे और अच्छे सेवक होते हैं। लेकिन इस सच्चाई को भी मानना होगा कि ग्रामीण चिकित्सा व्यवस्था बद से बदतर है। कोई भी चिकित्सक उन गांवों में पदस्थ होना नहीं चाहता जहां देश की आबादी का बड़ा हिस्सा रहता है।

यकीनन यह पेशा कुलीन है, लेकिन सेवा मलीन की भी करनी होती है। बस इसी लक्ष्य और शपथ के लिए हर साल भारत में 1 जुलाई को भारत रत्न डॉ बिधान रॉय को याद करते हुए चिकित्सक दिवस मनाया जाता है। निष्काम कर्मयोगी डॉ बिधान रॉय को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी, जब चिकित्सक रुग्ण, निःशक्त इंसान के लिए भगवान बन कर उस योद्धा-सा काम करें, जिनका उद्देश्य केवल लक्ष्य को ही ध्यान रखना है। कितना अच्छा होता कि चिकित्सकीय पेशा भी अपने असली उद्देश्य पर एकाग्र हो मानव के लिए साक्षात भगवान ही बना रहता।

**यकीनन बढ़ता भ्रष्टाचार और नैतिक मूल्यों में आयी गिरावट के कारण ही मान, सम्मान कमतर हुआ है। जिस चिकित्सक का दर्जा भगवान के तुल्य हो, वह पैसे में लिप्त हो जाये, तो कतई न्याय संगत नहीं कहलाता। वहीं अब तो नयी तकनीक, उद्योग और पूंजीवाद के आगोश में जकड़ा चिकित्सकीय व्यवसाय कार्पोरेट श्रेणी में ढल कर आम आदमी की पहुंच से दूर होता जा रहा है।**

## जमशेदपुर की खबरें

# विद्युत सब स्टेशन में काम करने के दौरान बिजली मिस्त्री की मौत, लापरवाही का लगाया आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर विद्युत सब स्टेशन- 1 के मिरूडीह में काम करने के दौरान बिजली मित्र सोनू महतो की करंट लगने से मौत हो गई। सोमवार को घटना के बाद से ही परिजनों में काफी आक्रोश देखा गया। वहीं परिजनों ने बिजली विभाग की लापरवाही बताते हुए शव को लेने से इनकार कर दिया। परिजनों ने 25 लाख की मुआवजा के लिए मांग को लेकर अड़े रहे। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए विभाग के एसडीओ प्रियंकर पांडे ने बताया मृतक विभाग का सबसे अनुभवी कामगार था। जांच के क्रम में पता चला उसने ऑपरेटर से एलटी लाइन में काम करने के लिए शटडाउन लिया था। अचानक से उसमें विद्युत प्रवाह होने से वह झुलस गया। आनन फानन में अस्पताल पहुचाया गया जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतक आईपीएसपीजी मैनपॉवर सप्लाई एजेंसी का कर्मचारी था। उन्होंने बताया एजेंसी वाले उचित मुआवजा देने की बात कर रहे हैं। लेकिन परिजन नहीं मान रहे हैं। वही परिजनों का आरोप हैं विभागीय लापरवाही की वजह से सोनू महतो की मौत हुई है। परिजन 25 लाख की मुआवजा और आश्रित को नौकरी देने की मांग कर रहे है। उधर बिजली विभाग के कार्य मे अक्सर इलेक्ट्रिक सेफ्टी किट की मांग उठती रहती हैं। लेकिन उन मांगों को दरकिनार कर लापरवाही से क्षेत्र के हर कोने में कार्य किया जाता है। सेफ्टी कीट नहीं होने से कर्मचारी की जान जा रही है। फिलहाल परिजन घटना को विभागीय अधिकारियों की लापरवाही मान रहे है।

# भाजपा के षड्यंत्र के तहत इडी ने हेमंत सोरेन पर की कार्रवाई : मंगल कालिंदी



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी के नेतृत में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को जमानत मिलने की खुशी मनाया गया। सोमवार को विधायक ने स्टेशन चौक से जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र के बाटा चौक तक झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं संग सड़क से गुजर रहे राहगीरों के बीच लड्डू का वितरण कर खुशी जाहिर की। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा झांरखण्ड बीके पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के द्वारा लगातार जनता की विकास के लिए कार्य किये जा रहे थे। राज्य वासियों के लिए विभिन्न योजनाएं लाई जा रही थी, जिससे घबराकर केंद्र की भाजपा सरकार ने षड्यंत्र के तहत बिना किसी सबूत के मुकदमा दायर कर हेमंत सोरेन को जेल भेजने का काम किया। माननीय उच्च न्यायालय ने जमानत दे दी। पूर्व सीएम को जमानत मिलने पर झांरखंड में झामुमो नेता और कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। आज आम लोगो को लड्डू से मुंह मीठा कराया गया। मौके पर समाजसेवी रंजीत साव,मानिक मल्लिक, मोहम्मद जमील, समसाद, मुकेश शर्मा, शमशेर आलम, मोनू तिवारी, नरेश लाल, सोनू सिंह सहित सैकड़ो झामुमो कार्यकर्ता शामिल रहे।

# झामुमो ने की लोकसभा चुनाव परिणाम की समीक्षा



**पोटका(आजाद सिपाही)। संवाददाता झामुमों चाकड़ी पंचायत कमिटि की बैठक पंचायत अध्यक्ष सतीश सरदार की अध्यक्षता में किसानडीह फुटबॉल मैदान में संपन्न हुआ। बैठक में मुख्य अतिथि विधायक संजीव सरदार उपस्थित थें। विगत लोक सभा चुनाव की समीक्षा एवं पंचायत बूथ कमिटि का प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न हुआ। विभिन्न गांव से उपस्थित महिलाओं ने पानी की समस्या को विधायक के समक्ष रखा। विधायक ने सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को बताया। विधायक ने बुथ कमेटी से जुड़ने तथा संगठन के मजबूती पर जोड़ दिया। बैठक में विधायक संजीव सरदार ,सुनील महतो, चंद्रावती महतो, सुधीर सोरेन , भुवनेश्वर सरदार , हितेश भकत ,पंचायत अध्यक्ष सतीश सरदार ,मुखिया संगीता सरदार, श्याम चरण मुर्मू ,गोपीनाथ सरदार, बीरबल सरदार, सरदार ,गणपति सरदार ,भारत सरदार, बिगने महाकुड़ू, रविंद्र सरदार ,योगेश्वर सरदार ,दिनेश महतो ,रायसेन सरदार, भारत पात्रो, जुगल सरदार ,महिला वार्ड सदस्य टीनी सरदार ,उल्लासी सरदार और काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।**

# झारखंड सरकार क्षेत्रीय भाषा के साथ कर रही है भेदभाव : लक्ष्मण टुडू

**घाटशीला(आजाद सिपाही)। आदिवासी हो समाज महासभा अनुमंडल समिति के नेतृत्व में और घाटशिला के पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू के मुख्य उपस्थिति में पूर्वी सिंहभूम जिलों में जनजाति और क्षेत्रीय भाषावार शिक्षक नियुक्ति में त्रुटि के संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी के अनुपस्थिति में कार्यालय अधीक्षक डोमन मरांडी को ज्ञापन सौंपा गया। लक्ष्मण ने कहा कि क्षेत्रीय भाषा के लिए शिक्षकों के नियुक्ति की प्रकिया और संख्या दोनो के माध्यम से जनजातीय समाज के साथ भद्दा मजाक करने का काम किया है। पूर्वी सिंहभूम जैसे बड़े जिले में मुंडा समाज के लिए सिर्फ 1 शिक्षक संथाल समाज के लिए 11 शिक्षक क्या पूरे जिले को ये शिक्षकों की ये संख्या पढ़ा पायेगी । जहां एक ओर 10 बच्चों पर एक शिक्षक देने का प्रावधान है वहां राज्य सरकार नोट और वोट के लिए इस तरह का घिनौना कृत्य कर रही है। हम सब इस कृत्य का घोर निंदा करते है। मौके पर मानकी,मुंडा संघ के जिलाध्यक्ष रोशन पूर्ति,जिला पार्षद सुभाष सिंह,जिला पार्षद देवयानी मुर्मू,प्रखंड प्रमुख रामदेव हेंब्रम,पूर्व पार्षद सुखलाल हेंब्रम,पूर्व प्रमुख श्रुति देवगम,पूर्व प्रमुख हीरामणि मुर्मू, पूर्व पंसस बुद्धेश्वर मार्डी,भाजपा नेत्री गीता मुर्मू, पूर्व शिक्षक रूद्र नारायण सिंह, पूर्व मुखिया पोल्टु सरदार,गोविंद बेहरा, सुरेश माहली,रंगलाल महतो,संजय तिवारी,साकेत अग्रवाल,विजय पांडेय, परमीत पूर्ति, भोक्तु मार्डी,विशाल पूर्ति, संध्या रानी हेंब्रम,प्रीति सुंडी, ज्योति हेंब्रम, किसन पूर्ति,कबीर बोदरा,अजय टुडू,शिव चरण सामाद सत्या ऋषि सामद,साहू गगराई सहित कई लोग उपस्थित थे।**

# 286 लोगों को मिला निःशुल्क स्वास्थ्य जांच का लाभ

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के द्वारा भालूबासा मुखी बस्ती में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अथिति पूर्व सांसद डॉ अजय कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर 286 जरूरतमंद लोगों ने स्वास्थ्य जांच का लाभ उटाया। डॉक्टर अजय कुमार ने कहा कि बस्तियों में इस प्रकार के निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाना सरानीय कार्य है। इससे आम जनता को स्वास्थ्य सुविधाओं से निजात मिलेगी। मौके पर पूर्व मुखिया और जिला सचिव परेश मुखी और राकेश साहू ने कई रोगियों का निःशुल्क ऑपरेशन अगले सप्ताह दया अस्पताल में कराने की बात कही। शिविर में दया हॉस्पिटल के प्रोपराइटर मुमताज अहमद, सदर अस्पताल के डॉ राशिद इकबाल, फिजिशियन डॉ मुमताज, फेफड़ा जांच डॉ राहुल सिंह,ब्रह्मनंद नारायण अस्पताल से दंत डॉ नाज परवीन,ब्लड प्रेशर डॉक्टर अंकित, शुगर जांच डॉक्टर निशा, वेट जांच डॉ जुलेखा और अन्य डाक्टर ने जरूरतमंद लोगों का जांच किया। इस अवसर पर कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष रविंद्र कुमार झा, नगर कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर,ओड़िसा लोकसभा के ऑब्जर्वर अभिजीत सिंह, ओबीसी सेल के नगर अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, युवा कांग्रेस के जिला महासचिव कमलेश साहू, ओबीसी सेल के प्रदेश सचिव भूषण यादव, मनीष चंद्रवंशी, युवा कांग्रेस के जिला सचिव मुकेश यादव, जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा के उपाध्यक्ष गौतम साहू, राजकुमार शर्मा, दुर्गा प्रसाद, जसपाल सिंह,मेरनोटी सेल के प्रदेश उपाध्यक्ष राईस छबन को साहू समाज के जिला पदाधिकारी ने अंग वस्त्र भेटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में साहू समाज के जिला कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार,वरीय उपाध्यक्ष शिवलोचन शाह,बागबेड़ा थाना क्षेत्रीय अध्यक्ष संतोष गुप्ता, इंद्र नारायण साहू जिला सचिव अशोक साहू प्रमोद साहू लाल साह गोलू साहू मनीष गुप्ता भुइयांडीह नंदनगर अध्यक्ष सागर साहू, कल्याण नगर अध्यक्ष प्रवीण साहू, वेदांत साहू, कमलेश साहू सरवन साहू सहित अन्य समाज के नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गढ़वा में घिनौनी कुकृत्य

**आखिर किसने की सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश**

**आक्रोशित लोग कर रहे कार्रवाई की मांग**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** शहर के मझिआंव मोड़ के पास देर रात्रि एक विशेष समुदाय के लोगों ने पशु पर तलवार से हमला कर दिया। जिसके बाद मौके पर मौजूद कुछ स्थानीय युवकों ने इसका विरोध किया, तो उनके साथ कुछ लोगों ने मारपीट किया। जिसके बाद से युवक सदर अस्पताल में भर्ती है। जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस देर रात्रि से ही घटना पर नजर बनायी हुई है और मामले की छानबीन में जुट गयी है।

बताते चलें कि गढ़वा शहर के पुरानी बाजार स्थित हजरत मलंग शाहदाता का कल 30 जून को सालाना उर्स कार्यक्रम था। इसके मद्देनजर एक जुलूस निकाला गया था। उसी जुलूस में मौजूद कुछ शरारती तत्वों द्वारा मझिआंव मोड़ पर खड़े एक बैल पर तलवार और बोतल से हमला कर जख्मी कर दिया। मौके पर मौजूद कुछ युवकों ने जब बेजुबान जानवर के चीखने की आवाज सुनी तो देखा कि पशु घायल है। उसे इलाज की जरूरत है। वह युवक प्राथमिक इलाज कर ही रहा था कि भीड़ से निकल कर आये कुछ युवकों द्वारा इलाज कर रहे, युवकों पर हमला कर दिया। इस घटना में तीन युवक तो किसी तरह बच निकले। लेकिन एक युवक पर सभी झपट पड़े और उसके साथ मारपीट की गयी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस हरकत में आयी और घायल युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टर ने कहा कि युवक घायल है जिसका इलाज किया जा रहा है। उधर घटना की जानकारी मिलते ही शहर के लोग आक्रोशित हैं। मझिआंव मोड़ पर जमा होकर जहां एक ओर उनके द्वारा आक्रोश व्यक्त किया जा रहा है, तो वहीं दूसरी ओर आरोपी के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की मांग की जा रही है। घटना के विरोध में शहरवासियों ने मझिआंव की सभी दुकाने भी बंद रखी।

## शिक्षक की वापसी की मांग को लेकर दो घंटे तक सड़क जाम

श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। स्थानीय अंबालाल बालिका उच्च विद्यालय के छात्राओं ने विद्यालय गेट के समीप एनएच 75 को दूसरे विद्यालय में प्रतिनियुक्ति किये गये शिक्षक प्रकाश चंद्र सोनी के वापसी की मांग को लेकर लगभग 2 घंटे तक सड़क को जाम किया। सड़क जाम में शामिल छात्रायें शिक्षक प्रकाश चंद्र सोनी को वापस बुलाओ, प्रकाश चंद्र सोनी पर आरोप लगाये गये आरोप झूठे है का नारा लगा रहे थे। वहां पर उपस्थित छात्राओं ने बताया कि प्रकाश चंद्र सोनी अच्छे टीचर हैं वेअच्छे ढंग से हम लोगों को पढ़ाते थे उन पर लगाये गये सारे आरोप गलत है। वहीं मामले की जानकारी मिलने के बाद में थाना प्रभारी ,आदित्य नायक, बीडीओ अदिति गुप्ता, सीईओ विकास कुमार घटना स्तर पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली और जाम लगा रहे छात्राओं को समझ कर जाम को मुक्त कराया।

# सांसद ने संसद में गढ़वा-पलामू में सोलर पार्क बनाने की मांग उठायी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** सोमवार को लोकसभा में सांसद पलामू विष्णु दयाल राम ने नियम 377 के तहत झारखंड राज्य में विकास कार्यो के लिए भूमि उपल्बध नही होने के कारण केंद्र सरकार द्वारा दो वर्ष पहले पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत दोनों जिला पलामू एवं गढ़वा में 20-20 मेगावाट का सोलर पार्क बनाने की स्वीकृत योजना का निर्माण नही होने से संबंधित अति महत्वपूर्ण मामले को उठाया। सांसद ने कहा कि झारखंड का 33 प्रतिशत भू-भाग वनों से अच्छादित है। फलस्वरूप विकास कार्यो के लिए भूमि की उपलब्धता नगण्य है। अधिकांश भूमि 1930 के सर्वे के अनुसार जंगल या झाड़ी के रूप में चिन्हित हैं। 100 वर्ष पूर्व के सर्वे के आधार पर वह भूमि आज भी जंगल-झाड़ से अच्छादित दिखायी जा रही है परंतु उक्त जमीन पर वर्तमान में एक भी पेड़ नहीं है। विकास की योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए वैसी भूमि के लिए भी फोरेस्ट क्लियरेंस की सारी प्रक्रिया अपनानी होती है। आज करीब दो वर्ष पूर्व केन्द्र सरकार के ऊर्जा मंत्रालय ने पलामू एवं गढ़वा जिला में 20-20 मेगावाट का सोलर पार्क बनाने की स्वीकृति प्रदान की थी और उसके लिए 100-100 एकड़ भूमि की आवश्कता बतलायी थी परंतु जिला प्रषासन ने जिस भूमि को चिन्हित किया वह जंगल-झाड़ वाली भूमि निकल गयी। परिणामस्वरूप सोलर पार्क बनाने की योजना अधर में लटक कर रह गयी है।

सांसद ने कहा कि आपके माध्यम से केंद्र सरकार के वन और पर्यावरण मंत्रालय से अनुरोध है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश को संषोधित करने के लिए भारत सरकार पुनर्विचार याचिका दाखिल करने पर विचार करें या वन अधिनियम 1980 के प्रावधानों में परिवर्तन कर ऐसी जमीन जिसकी प्रकृति बदल गयी है उसे जंगल झाड़ की परिधि से बाहर निकाल दें। इस बीच राज्य सरकार को यह एडवाइजरी निर्गत किया जाय कि वही फोरेस्ट क्लियरेंस की सारी प्रक्रिया पूरी कर 100-100 एकड़ पलामू जिला एवं गढ़वा जिला में उपलब्ध करायें ताकि वहां पर सोलर पार्क स्थापित हो सके।

## नहर विभाग के पुराने सर्वे पर उठायेंगे विधानसभा में आवाज : रामचंद्र चंद्रवंशी

मझिआंव (आजाद सिपाही)। नगर पंचायत कार्यालय में पार्क उद्घाटन के अवसर पर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में लोगों ने नहर विभाग के द्वारा शहरी क्षेत्र में व्यवसायिक भूमि को सिंचित करने के लिए बनाये जा रहे बांध और कलवर्ट पर विधायक से शिकायत की और कहा कि तीस-चालीस साल पहले जब नहर परियोजना द्वारा सर्वे कराया जा रहा था, उस समय मझिआंव नगर पालिका नहीं बना था। इसके बाद बारह वर्ष पहले जब नगर पालिका बना और बाजार क्षेत्र की भूमि व्यवसायिक हो गयी, और आस-पास घर बनने लगे लोगों ने कहा कि नहर विभाग द्वारा पुनः सर्वे नहीं कर व्यवसायिक भूमि पर बांध और कलवर्ट बनाकर परेशान किया जा रहा है, जिसे व्यवसायिक वर्ग कभी नहीं होने देगा। इस पर विधायक ने कहा कि यह गलत हो रहा है, अखबार में निकलने पर वे इस विषय को विधानसभा के समक्ष रखेंगे।

## डिजनी 11 भवनाथपुर की टीम को हरा विजेता बनी लोहरगड़ा



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। युवा शक्ति क्लब के तत्वधान में टेन प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में आयोजित युवा शक्ति अंतराज्यीय कॉस्को नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच रविवार कि रात खेले गये। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा, श्रीबंशीधर नगर डीएपी सत्येंद्र नारायण सिंह, दीपक देव ने सयुंक्त रूप से फीता काटकर मैच का उद्घाटन किया। फाइनल मैच डिजनी इलेवन भवनाथपुर क्रिकेट क्लब और लोहरगड़ा क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। टॉस जीतकर डिजनी इलेवन भवनाथपुर टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर मे 5 विकेट खोकर 50 रन बनायी। वहीं लोहरगड़ा टीम 5 ओवर में 2 विकेट खोकर 54 रन बना कर मैच जीत लिया। लोहरगड़ा टीम 8 विकेट से जीतकर फाइनल मैच के विजेता बनी। मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार लोहरगड़ा टीम के वासिक को दिया गया। टूर्नामेंट के विजेता लोहरगड़ा टीम को नगद 41 हजार रुपय और ट्रॉफी हीरो शो रूम के मालिक मनीष कुमार द्वारा दिया गया। उपविजेता डिजनी इलेवन भवनाथपुर टीम 21 हजार रुपये और ट्रॉफी क्लब के अध्यक्ष दीपक वर्मा ने कैप्टन को दिया। मैच में अंपायर की भूमिका चंचल कुमार और प्रदीप विश्वकर्मा स्कोरर नीतीश कुमार, कमेंटेटर सिद्धार्थ सिंह, रमेश कुमार, निशांक मिश्रा ने निभायी। इस मौके पर पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष ब्रजेश सिंह, क्लब सचिव उप प्रमुख पिंटू टोपो, सुधीर कुमार, सोमनाथ यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## डैम में नहाने के दौरान 12 वर्षीय बालक की मौत



मझिआंव (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत खरसोता गांव के स्थानीय निवासी शेषनाथ यादव के 12 वर्षीय पुत्र रितेश यादव अपने गांव के पास के ही डैम में नहाने गया हुआ था। इस दौरान नहाने के क्रम में गहरे पानी में डूब जाने से 12 वर्षीय रितेश यादव को मृत्यु हो गई। सूचना के आलोक में स्थानीय थाना प्रभारी आकाश कुमार के द्वारा पंचनामा करने हेतु पुलिस बल को घटनास्थल पर भेजा गया। पंचनामा प्रक्रिया पूरा होने के पश्चात अंतः परीक्षण हेतु गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया गया। वहीं इस घटना की जानकारी मिलते ही गांव में आग की तरह फैल गयी। वहीं गांव में मातम पसरा हुआ है, तो परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# गढ़वा के गांव भी होंगे आधुनिक सुविधाओं से लैसः मंत्री

**मंत्री मिथिलेश ने किया 82 हाई मास्ट लाइट का उद्घाटन, जगमग हुआ गढ़वा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा ।** गढ़वा के ग्रामीण क्षेत्र भी अब हाई मास्ट लाइट से जगमग हो गए हैं। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता और उत्पाद और मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने ग्रामीण क्षेत्रों में लगे 82 हाई मास्ट लाइट का पूजा अर्चना कर, नारियल फोड़ कर व स्विच ऑन कर उद्घाटन किया। गढ़वा प्रखंड के कोरवाडीह गांव स्थित ओलायत मोड़ पर आयोजित कार्यक्रम में मंत्री श्री ठाकुर ने विधायक निधि से गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों गढ़वा, मेराल, रंका, चिनियां व रमकंडा के विभिन्न गांवों में लगे हाई मास्ट लाइट का उद्घाटन किया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा के सभी गांव भी अब मूलभूत सुविधाओं सहित आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होंगे। सभी गांव में मूलभूत सुविधाएं बिजली, पानी, सड़क आदि उपलब्ध हो गई है। अब ग्रामीण क्षेत्रों का भी आधुनिकीकरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में 82 हाई मास्ट लाइट लगाया गया है। शेष बचे गांवों में भी यथाशीघ्र आवश्यकतानुसार हाई मास्ट लाइट लगाया जायेगा। इसकी प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षों में उन्होंने गढ़वा के चप्पे-चप्पे में विकास की रोशनी पहुंचा दिया है। आज से साढ़े वर्ष पूर्व गढ़वा की स्थिति काफी बदतर थी। उन्होंने कहा कि शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है। पूरे गढ़वा का ब्लू प्रिंट तैयार कर सुनियोजित तरीके से विकास कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि उनका एकमात्र उद्देश्य है कि गढ़वा का कोई भी गांव, कोई भी टोला मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहे। इसके लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से ही गढ़वा लागातर अपेक्षित रहा है। पिछले साढ़े चार वर्ष पूर्व तक गढ़वा की गिनती सबसे पिछड़े जिले में की जाती थी। परंतु अब गढ़वा की तस्वीर पुरी तरह से बदल गई है। गढ़वा विकास का उदाहरण बन चुका है। पुरे गढ़वा में अभी बहुत सारी योजनाएं पाइप लाइन में हैं। इन्हें पूर्ण हो जाने के बाद गढ़वा और भी बेहतर बन जायेगा। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, दीपमाला, कोरवाडीह मुखिया शरीफ अंसारी, नवीन तिवारी, फुजैल अहमद, दिलीप गुप्ता, अंकित पांडेय सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मझिआंव में बस स्टैंड की भूमि चिह्नित



मझिआंव (आजाद सिपाही)। पार्क का उद्घाटन कार्यक्रम में कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार ने कहा कि मझिआंव में बस स्टैंड एवं खेल के मैदान के लिए भूमि चिन्हित कर ली गयी है। उन्होंने कहा कि कोयल नदी तट पर कई स्थानों पर और छठ घाट, श्मसान सेड, अंबेडकर चौक के पास पार्क का जीर्णोद्धार और लाइब्रेरी निर्माण कार्य भी जल्द ही किया जायेगा।


कार्यालय
जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हजारीबाग

(शुद्धि पत्र)

विज्ञापन सं0 PR 327743 Fish (24-25) D के द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना हेतु वित्तीय वर्ष 2024–25 के स्थान पर टंकन भूलवस 2025–26 विज्ञापन प्रकाशित की गई थी। उक्त के स्थान पर सिर्फ वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए शंसोधित किया जाता है। शेष यथावत रहेगी।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
हजारीबाग।

PR.NO.328241 Fish(24-25):D


# हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज के मरीजों को लकवा का अधिक खतरा : डॉ पीके वर्मा

**चौधरी जेनरल हॉस्पिटल में दिया गया विभिन्न बीमारियों का सुझाव**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** पटना के सुप्रसिद्ध हृदय, मधुमेह, नस और लकवा रोग विशेषज्ञ डॉ पी के वर्मा ने 40 मरीजों को परामर्श दिया और बताया कि पैरालिसिस जिसे सामान्य भाषा में लकवा कहा जाता है। यह तेजी से बढ़ती बीमारी है जिसके होने का प्रमुख कारण बीपी, शुगर, दिल की बीमारियां और कोलेस्ट्रॉल का बढ़ना है। इन बीमारियों से ग्रसित मरीजों को पैरालिसिस से बचने के लिए विशेष सावधानी रखने की जरूरत है। जो मरीज उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर) और डायबिटीज (ब्लड शुगर) से पीड़ित हैं, अक्सर उन्हें लकवा का खतरा हमेशा बना रहता है। खून गाढ़ा हो जाने के कारण ब्लड प्रेशर की समस्या बढ़ जाती है, जिससे पैरालिसिस के खतरा बढ़ जाता है। पैरालिसिस सबसे अधिक ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर और दिल की बीमारी के मरीजों को होता है। जरूरी है कि अपने दिनचर्या और खान-पान में सुधार लाएं। प्रतिदिन व्यायाम कर ऐसी बीमारियों से बचा जा सकता है। पैरालिसिस के लक्षण नजर आते ही 3 घंटे के भीतर यदि योग्य चिकित्सक को दिखाया जाये, तो पैरालिसिस को ठीक किया जा सकता है। डॉ वर्मा ने बताया कि लकवा में शरीर के एक हिस्से में कमजोरी आना, चलने में लडखडाना और ठीक से शब्दों को नहीं बोल पाना, आंखों में धुंधलापन होना, चीजें दो-दो नजर आना, हाथों और पैरों का सुन्न रहना, चेहरे का टेढ़ा हो जाना आदि लक्षण हो सकते हैं। लकवा के मरीजों का आहार में हरी सब्जियां खाएं, सप्ताह में दो बार मछली खाएं, साबुत अनाज और दालें खानी चाहिए। दो से तीन बार ताजे फलों का सेवन करें, ब्लड प्रेशर और शुगर को नियंत्रित रखें। मोटापा कम करें। प्रतिदिन कम से कम आधा घंटा टहलें। शराब का अधिक सेवन न करें, धूम्रपान न करें। कोलेस्ट्रॉल बढ़ने वाली चीज जैसे समोसा, पकौड़ी, बर्गर, मोमोज, पिज्जा आदि खाने से बचें।

**पंचकर्म की भी हुई शुरूआत :** प्राचीन पद्धति आयुर्वेद के काफी प्रभावशाली चिकित्सा पंचकर्म की भी शुरूआत कर दी गयी है। इसके विशेषज्ञ दिल्ली से अर्जुन सिंह और माही ने योगदान दिया है। वे काफी अनुभवी हैं, जो विशेषकर कमर में दर्द, घुटनों और जोड़ों में दर्द, लंबर स्पांडिलाइटिस, सरवाइकल स्पांडिलाइटिस, सिर दर्द में तुरंत लाभ पहुंचता है। मौके पर हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ कुलदेव चौधरी, अधिवक्ता सह मैनेजर बचनदेव चौधरी, फार्मासिस्ट राहुल चौधरी, फैयाज अंसारी, रिसेप्शनिस्ट बॉबी कुमारी, निशा कुमारी, लैब टेक्नीशियन पंकज गुप्ता, काजल, राहुल आदि उपस्थित थे।

## राम बाबू ने रक्तदान कर गरीब दलित की बचायी जान



रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल प्रखण्ड मुख्यालय के ग्राम कंचनपुर निवासी झामुमो के युवा नेता राम बाबू ठाकुर ने चिनियां प्रखंड बरवाडीह पंचायत के ग्राम चफला निवासी बिगन राम के पुत्र विकास कुमार रवि को एक यूनिट ब्लड दान कर जान बचाने का काम किया है। ज्ञात हो कि विकास कुमार रवि के बिमारी का ऑपरेशन में ब्लड की कमी के कारण नहीं हो रहा था। जिसकी जानकारी मिलते ही राम बाबू ठाकुर ने रक्तदान कर पुण्य का कार्य किया है। इनकी सराहना लोगों ने की है। इनके साथ झामुमो के युवा नेता किशोर कुमार ओझा और भाई लोग मौजूद थे।

## ग्रेंडर मशीन की चपेट में आने से बुजुर्ग मौत

धुरकी (आजाद सिपाही)। ग्रेडर मशीन के चपेट में आने से एक बुजुर्ग की दर्दनाक मौत हो गया। एनजी प्रोडक्ट लिमिटेड द्वारा बनने वाले अंबाखोरेया धुरकी नगर उंटारी मुख्य मार्ग सड़क पर प्रखंड मुख्यालय के समीप सोमवार को टाटीदीरी गांव निवासी 65 वर्षीय महेश साह उर्फ चटपटी साह की ग्रेडर मशीन के चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गयी।


हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग

शुद्धि पत्र

हजारीबाग नगर निगम कार्यालय द्वारा प्रकाशित निविदा सूचना संख्या UDD/HMC/HZB/01/2024-25, जिसका PR No. 326379 हैं, में निम्नलिखित रूप से संशोधन किया जाता है।

| Sl. No. | Last Date of | Dates as per NIT | Amended Dates |
|---|---|---|---|
| 1. | Last Date/Time for receipt of online bids | 01.07.2024 at 05:00 P.M. | 08.07.2024 up to 05:00 PM |
| 2. | Date/Time of Opening bids | 02.07.2024 at 11:00 A.M. | 10.07.2024 at to 11:00 AM |

शेष सभी शर्ते पूर्ववत् रहेंगी।

ह०/–
कार्यपालक अभियंता
नगर निगम, हजारीबाग

PR 328306 Urban Development and Housing(24-25)#D



OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, HAZARIBAG.

Short e-Procurement Tender Notice, 2nd Call

Tender Reference No. :- WRD/MID/HAZARIBAG/F2-08/2024-25

Letter no - 723 Date:- 01.07.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Renovation of Nawa M.I. Scheme, Block- Barhi, District- Hazaribag |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs.- 85,15,862.91 |
| 3. | Time of Completion | 11 Months |
| 4. | Date of Publication of e-Tender on website | 08.07.2024 at 3:00 P.M (e-Procurement Portal- http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 5. | Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online | 16.07.2024 up to 5:00 P.M |
| 6. | Last Date for Online Submission of Tender Fee and EMD | 16.07.2024 up to 5:00 P.M |
| 7. | Date of opening of e-Tender | 18.07.2024 at 03:00 P.M |
| 8. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag |
| 9. | Contact no. of e-Procurement officer | 06546-270485 |
| 10. | E-mail of e- Procurement officer | eemidhbg-cemr-jhr@nic.in |

Note:- 1). Published Estimated Cost May be Increased or Decreased.
2). Mode of Submission of Online Tender/Tender Fee/EMD Through http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division,
Hazaribag.

PR 328347 Minor Irrigation(24-25)#D


## बीडीओ ने डीलरों के साथ की समीक्षा बैठक

रंका(आजाद सिपाही)। रंका प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी सह अंचल पदाधिकारी शिव पूजन तिवारी ने चावल दिवस के अवसर पर गुरूवार को प्रखण्ड सभागार में जनवितरण प्रणाली दुकानदारों (डीलरों) के साथ समीक्षा बैठक की। इस बैठक में उन्होंने सभी डीलरों को अपना अपना वितरण स्टॉक रजिस्टर अपडेट तैयार रखने का निर्देश दिया। ताकि जांच पड़ताल में कभी भी दिखा सकें। साथ ही जो डीलर खाद्यान्न का वितरण नहीं कर पाए हैं उन्हें चावल दिवस के मौके पर अविलंब वितरण करने का निर्देश दिया। वही सोना सोबरन धोती साड़ी लूंगी वितरण भी करने का निर्देश दिए। इस मौके पर रंका डीलर संघ के अध्यक्ष अनिरूद्ध सिंह, उपाध्यक्ष परशु ठाकुर, महेंद्र कुमार, पारसनाथ ओझा, राजेंद्र उरांव, असदुद्दीन, निशांत ओझा, सहित काफी संख्या में डीलर मौजूद थे।

# भवनाथपुर में प्रतिबंध के बाद भी धड़ल्ले से उपयोग हो रहा सिंगल यूज प्लास्टिक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भवनाथपुर।** सिंगल यूज प्लास्टिक देश में पूरी तरह प्रतिबंधित होने के बाद भी लोग इसका उपयोग करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। आलम यह है, कि भवनाथपुर में रोजाना बड़ी मात्रा में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग हो रहा है। सरकार द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक पॉलिथीन के उत्पादन, भंडारण, वितरण, विक्रय और उपयोग पर रोक होने के बावजूद धरातल में नजर नहीं आ रहा है। जिसकी वजह से यह सिंगल यूज प्लास्टिक का कचरा घरों से निकलकर बाजार के मुख्य क्षेत्रों में तथा सार्वजनिक स्थलों पर कूड़े के ढेर में तब्दील होते जा रहा है। जानते चले कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग को पर अभी भी पूरी तरह से रोक नहीं लग पाया है, जिससे चारों तरफ सिंगल यूज प्लास्टिक नजर आ रहा है। साथ ही इसकी बिक्री भी धड़ल्ले से हो रही है और आम लोगों मे इसका डिमांड भी अधिक है, जबकि कागज का उत्पाद इसके तुलना में महंगा व स्तरहीन होने के कारण सब्जी और फल खरीदने वाले अमानक पॉलीथिन का ही उपयोग करते नजर आ रहे हैं, साथ ही किराना सामान व दूसरी सामग्री की पैकिंग में भी इसका उपयोग किया जा रहा है। हालांकि इस पर रोक लगाना स्थानीय प्रशासन की जिम्मेदारी है, लेकिन सुस्त रवैये के चलते कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति हो रही है। जिससे नदी, नाली से लेकर भवनाथपुर के अन्य सार्वजनिक क्षेत्र पूरी तरह से प्लास्टि से भरा पड़ा है। जिसके बदबू से आमजन व राहगीर भी परेशान हो रहे हैं। साथ ही इन दिनों भवनाथपुर बाजारों के दुकानों से हर दिन बड़ी मात्रा में सिंगल यूज प्लास्टिक निकल रहा है, लेकिन इस पर प्रतिबंध लगाने में विभाग उदासीनता बरत रही है।


झारखण्ड सरकार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग)
कार्यालय-सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ , राँची अंचल, राँची
(चतुर्थ तल, पशुपालन भवन, हेसाग, हटिया, राँची, 834003)

प्रेस विज्ञप्ति
सूचना

झारखण्ड सहकारी समितियाँ अधिनियम, 1935 (यथा संशोधित) के अन्तर्गत निबंधित सभी विशेष प्रकार की सहकारी समितियाँ जो राँची अंचल के अन्तर्गत निबंधित है, का विशेष आमसभा–सह–निर्वाचन कार्यक्रम निर्गत करने हेतु समिति का प्रस्ताव, अंतिम निर्वाचन प्रमाण–पत्र एंव मतदाता सूची निर्वाचन की देय तिथि से कम से कम 03 (तीन) माह पूर्व कार्यालय, सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ, राँची अंचल, राँची (चतुर्थ तल, पशुपालन भवन, हेसाग, हटिया, राँची, 834003) को निश्चित रूप से उपलब्ध करायें। सहकारी समितियों का निर्वाचन 5 (पांच) वर्षो के लिए होता है एंव समय की गणना निर्वाचन तिथि से की जाती है। समितियों का प्रस्ताव ससमय प्राप्त नहीं होने की स्थिति में समिति के अवक्रमण की सारी जवाबदेही समिति के अंतिम कार्यकारिणी की होगी।

सहायक निबंधक,
सहयोग समितियाँ, राँची अंचल, राँची।

PR.NO.328269 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(24-25):D

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 02 जुलाई, 2024
www.azadsipahi.in


# मेधा छात्रवृत्ति योजना परीक्षा से साल्वे और चुंबा के छात्र वंचित

आजाद सिपाही संवाददाता

**बारियातू।** मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति परिक्षा मे दो विद्यालय राजकिय मध्य विद्यालय साल्वे, व चुंबा के शिक्षकों की लापरवाही के कारण रविवार को आयोजित परीक्षा से सभी 91 परिक्षार्थी वंचित रह गये। सरकारी स्कूलों के आठवीं पास प्रतिभाशाली बच्चों को यह परीक्षा पास करने से कक्षा नौ से बारह तक प्रतिवर्ष 12 हजार रूपए छात्रवृत्ति के रूप में सीधा छात्र छात्राएं के खाता मे सरकार के द्वारा भेजा जाता है। आठवीं बोर्ड के साथ ही प्रखंड के सभी मध्य विद्यालय मे पढ़ने वाले बच्चों को संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक व शिक्षक के माध्यम से मेधा छात्रवृत्ति का आवेदन फार्म भराया गया था। जिसमें मध्य विद्यालय साल्वे से 62 और मध्य विद्यालय चुंबा से 29 छात्र छात्राओं को परीक्षा मे शामिल होना था। बच्चों का तमाम तैयारियां धरी की धरी रह गयी। प्रधानाध्यापकों व शिक्षकों की लापरवाही व गैरजिम्मेदाराना रवैये के कारण दोनों विद्यालयों के सभी छात्र-छात्राएं सूचना व समुचित जानकारी के अभाव के कारण परीक्षा में शामिल नहीं हो सके। वहीं प्रखंड के चारों परीक्षा केंद्र से 298 परिक्षार्थी परीक्षा से वंचित रह गये। अब सवाल यह उठता है कि मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना जैसी महत्वपूर्ण योजना से वंचित छात्रों का जिम्मेदार कौन। राज्य सरकार मेधावी छात्र छात्राओं का परीक्षा लेकर वर्ग 9 से वर्ग 12 वीं तक प्रति वर्ष 12 हजार रुपये छात्रवृत्ति प्रदान करतीं हैं।

इस संबंध मे प्रभारी बीइइओ नागेंद्र सिंह ने कहा कि परीक्षा के संबंध में विभाग द्वारा संचालित सभी वाट्सएप ग्रुप में जानकारी डाल दी गई थी। साथ ही परीक्षा के दिन रविवार को भी सभी एचएम को सभी बच्चों को परीक्षा मे शामिल कराने की बात कही गयी थी। बावजूद इसके छात्र परिक्षा से वंचित रहे हैं।

# जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के चार लोग गिरफ्तार, एक फरार

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार पुलिस को उग्रवादियों के खिलाफ एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को मिली थी गुप्त सूचना, पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार जेजेएमपी के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। इसे लेकर सोमवार को बरवाडीह एसडीपीओ वेंकटेश कुमार ने एक प्रेस वार्ता की।

प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया की हमें गुप्त सूचना मिली थी की जेजेएमपी उग्रवादी संगठन से जुड़े कुछ सदस्य हथियार से लैस होकर छिपादोहर के किसी कारोबारी को धमका कर लेवी वसूली करने आ रहे है। जिसके बाद हमारे नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए बाघ टोला मोड़ पर एन्टीक्रईम चेकिंग लगाकर प्रतिबंधित जेजेएमपी उग्रवादी संगठन से जुड़े चार सदस्यों को हिरासत में लिया। उसके बाद इन चारों की जांच की गयी तो इनके पास से हथियार, जिंदा कारतुस एवं मोबाईल फोन बरामद हुआ। आगे एसडीपीओ ने बताया कि अभियुक्तो ने यह बताया है की गारु, छिपादोहर और बरवाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत कई छोटे- बड़े कारोबारियों से हथियार का भय दिखाकर एवं जान मारने की धमकी देकर लेवी के रुप में अच्छी खासी रकम की वसुली किया गया है। अग्रिम करवाई करते हुए उक्त प्रतिबंधित जेजेएमपी उग्रवादी संगठन से जुड़े चारों सदस्यो को उनके पास से बरामद हथियार, गोली, धमकी देने में उपयोग किये जाने वाले मोबाइल फोन एवं लेवी वसूली करने में उपयोग किये जाने वाला बाइक को विधिवत जब्त किया गया एवं उन्हे विधिवत गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार उग्रवादी अभियुक्त बितन लोहरा उम्र 19 वर्ष पिता जागेश्वर लोहरा थाना छिपादोहर, लखन लोहरा उम्र 32 वर्ष पे. स्व० रुपण लोहरा सा० गणेशपुर थाना छिपादोहर, गुड्डु उर्फ मछेन्दर लोहरा उम्र 19 वर्ष पे० रामवृक्ष लोहरा सा० गणेशपुर थाना छिपादोहर, बिरेन्द्र सिंह उम्र 35 वर्ष पिता महेश्वर सिंह। पांच उग्रवादी में से चार उग्रवादी पकड़ कर गिरफ्तार किया और एक भाग कर फरार हो गया। पुलिस उनकी छानबीन कर रही है। छिपादोहर थाना प्रभारी के छापामारी की दाल एवं कर्मी धीरज कुमार सिंह रितेश कुमर राव, राजेश कुमार, सचिदानन्द सिंह, अन्नत सिंह, और रिजर्व गार्ड सहित आईआरबी व सैट के जवान शामिल थे।

# भंडरा में सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल





**भंडरा (आजाद सिपाही)।** रांची लोहरदगा मुख्य पथ के कुंदो गांव के समीप सोमवार को सड़क दुर्घटना में दो लोग बुरी तरह घायल हो गए। घायलों को स्थानीय ग्रामीणों ने भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां दोनो घायलों का इलाज की जा रही है। बताया जाता है कि बेड़ो थाना क्षेत्र के चनकोपी गांव निवासी विजय गोप चनकोपी से अपनी बाइक से लोहरदगा जा रहा था। इसी बीच कुंदो गांव के समीप साइकिल से सड़क पार कर रही जमगाई गांव निवासी पुष्पा लकड़ा को विजय ने ठोकर मार दिया। जिससे बाइक सवार व साइकिल सवार दोनों पूरी तरह घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों ने दोनों घायलों को भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया । इस घटना में विजय को सर में गंभीर चोट लगी है जबकि पुष्पा लकड़ा नाक व चेहरे में काफी चोट लगी है। इधर भंडरा पुलिस मामले की पड़ताल में जुट गयी है।

# सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में निबंधन कराने के लिए दी जानकारी



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** श्रम अधीक्षक दीप्ती लॉरी तिर्की के निर्देशानुसार हरमू पंचायत भवन में सोमवार को कैम्प लगाकर लोगों को जागरूक किया गया एवं झारखंड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में निबंधन कराने हेतु जानकारी दी गयी। बताया गया कि झारखंड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में निबन्धित प्रबंधन के बाद पर्यवेक्षक को विभिन्न यथा; निर्माण श्रमिक सुरक्षा किट योजना, श्रमिक औजार सहायता योजना, मेधावी पुत्र/ पुत्री छात्रावृति योजना, मातृत्व प्रसुविधा योजना, विवाह सहायता योजना, चिकित्सा सहायता योजना, श्रमिक मृत्यु/ दुर्घटना सहायता योजना, अंत्येष्टि सहायता योजना, पेंशन योजना पारिवारिक पेंशन योजना के अंतर्गत उपलब्ध योजनाओं की जानकारी दी गयी। हरमू पंचायत भवन में श्रम अधीक्षक कार्यालय, लोहरदगा के कार्यालय कर्मीगण उपस्थित थे।

# सड़क सुरक्षा के नियमों का हर हाल में अनुपालन कराना सुनिश्चित करें : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** उपायुक्त वाघमारे प्रसाद की अध्यक्षता जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने अधिकारियों से कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का हर हाल में अनुपालन कराना सुनिश्चित करें। शहरी क्षेत्र समेत हर प्रखंड में नियमित रूप से हेलमेट जांच अभियान चलाया जाए। लोगो को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जाये। स्कूल कॉलेज स्तर पर सड़क सुरक्षा पर जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है।

वहीं पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां द्वारा बताया गया कि बीते दो माह में 1443 लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा चुका है। पुलिस विभाग द्वारा नियमित रूप से जांच अभियान चलाया जा रहा है। बैठक में किशोर वर्ग को दोपहिया वाहन चलाने से रोकने के लिए विद्यालय स्तर शिक्षक, छात्र व उनके अभिभावकों के साथ एक बैठक कर जागरूकता कार्यक्रम किये जाने का निर्देश दिया गया। आईरैड मैनेजर को जिला में अत्यधिक सड़क दुर्घटना वाले क्षेत्र को चिंहित किये जाने का निदेश दिया गया। इसके बाद राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल को एनएच में ऐसे एक्सीडेंट जोन में साइनेज और रम्बल स्ट्रिप लगाये जाने का निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के प्रगति पर चर्चा हुई। बैठक में एसपी हारिस बिन जमा, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, आइटीडीए परियोजना निदेशक, जिला परिवहन पदाधिकारी, सिविल सर्जन समेत अन्य उपस्थित थे।

### झारखंड विधानसभा आवास समिति के सभापति ग्लेन जोसेफ गॉलस्टेन पहुंचे लोहरदगा

# जर्जर विद्यालय भवन की मरम्मत का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** झारखंड विधानसभा आवास समिति के सभापति व विधानसभा सदस्य ग्लेन जोसेफ गॉलस्टेन की अध्यक्षता में सोमवार को लोहरदगा परिसदन में जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की गयी। बैठक में सर्वप्रथम अबुआ आवास योजना में प्राप्त आवेदन, स्वीकृत आवास व प्रथम किश्त के भुगतान की स्थिति की समीक्षा की गयी। शिक्षा विभाग की समीक्षा में जिला में जर्जर विद्यालय भवन की मरम्मती के कार्य की समीक्षा की गयी। कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में अतिरिक्त शौचालय के लिए विभाग को पुनः पत्राचार करने का निदेश दिया गया। ऊर्जा विभाग की समीक्षा में जर्जर भवनों की मरम्मती के लिए विभाग को पुनः स्मार भेजे जाने का निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में सदर अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में विभिन्न टीका व दवाइयों की स्थिति, आवश्यक उपकरण की समीक्षा की गई और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को सुदृढ़ किये जाने का निदेश दिया गया। आपदा प्रबंधन विभाग की समीक्षा में सड़क दुर्घटना, वज्रपात से मृत्यु आदि मामलों में कृत कार्रवाई पर चर्चा की गयी व निर्देश दिये गये। आपूर्ति विभाग अंतर्गत कम राशन व अन्य शिकायत के मामलों में त्वरित कार्रवाई किये जाने का निर्देश दिया गया।

पेयजल एवं स्वच्छ्ता विभाग अंतर्गत शौचालय निर्माण, चापाकल मरम्मती, भवन प्रमंडल अंतर्गत जिला निमार्णाधीन समाहरणालय भवन, एसडीओ भवन, कोर्ट परिसर में निमार्णाधीन भवन, एकलव्य आवासीय विद्यालय कुजरा में निमार्णाधीन छात्रावास आदि की समीक्षा की गयी। बैठक में अन्य सभी विभागों की समीक्षा की गई व आवश्यक निर्देश दिये गये।

# सांप के काटने से बच्ची की हालत गंभीर



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के गढ़गांव सेमर टोली में विषैला सांप के काटने से बच्ची की हालत गम्भीर हो गयी। परिजनों द्वारा इलाज के लिये सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार सेन्हा थाना क्षेत्र के अलौदी पंचायत अंतर्गत गढ़गांव सेमरटोली निवासी लक्ष्मण उरांव का लगभग तीन वर्षीय पुत्री मनीषा कुमारी को विषैला सांप काट दिया। जिससे बच्ची की तबियत बिगड़ने लगा तो परिजनों ने बच्ची को इलाज के लिये सदर अस्पताल लोहरदगा में भर्ती कराया गया। जहां बच्ची का इलाज चल रहा है। बच्ची का हालत में सुधार बताया जा रहा है। वही बच्ची के पिताजी लक्ष्मण उरांव ने बताया कि रविवार को हम लोग अरु बाजार गये थे। उसी दौरान मेरी बड़ी बच्ची कविता कुमारी के साथ छोटी बच्ची मनीषा कुमारी थी। जिसे घर के समीप कुछ दूर पर विषैला सांप काट दिया। वही बाजार से घर वापस लौटने पर बच्ची को सांप काटने की जानकारी मिली तो निजी वाहन से बच्ची को इलाज के लिये सदर अस्पताल लोहरदगा ले जाकर भर्ती कराया। वही बच्ची का इलाज चल रहा है। जिसे बच्ची का स्थित में सुधार है।

# शराब के नशे में राजस्व कर्मचारी ने रैयत के साथ किया अभद्र व्यवहार

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा/ लोहरदगा।** अलौदी पंचायत क्षेत्र के आरा ग्राम का राजस्व कर्मचारी द्वारा रैयत के साथ दुर्व्यवहार का मामला प्रकाश में आते ही अंचलाधिकारी से संपर्क कर लिया गया जायजा राजस्व कर्मचारी के कार्य का अवहेलना करते हुए रैयत परेशान है। यह मामला सेन्हा अंचल का है। अंचल कार्यालय में कार्यरत राजस्व कर्मचारी प्रदीप नेल्सन टोप्पो के द्वारा रैयत के साथ अपशब्द का प्रयोग करते हुए आरा ग्राम के रैयत को कार्यालय से भागने का आरोप कहा गया है। विदित हो कि आरा निवासी स्वर्गीय हनीफ मृदाहा का पुत्र जबीर मृदाहा अपनी जमीन समस्या को लेकर अंचल कार्यालय सेन्हा आया हुआ था। जो राजस्व कर्मचारी को नही पहचानने पर अंचल क्षेत्र के डांडू निवासी मोहमद मोगले आजम से जबीर मृदाहा पूछा तो उसने राजस्व कर्मचारी के कार्यलय ले गया और शिष्टचार स्वरूप प्रणाम करते हुए आरा के रैयत को बताया। इतने में राजस्व कर्मचारी प्रदीप लेंसन टोप्पो ने अपशब्द और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए कार्यालय से बाहर धक्का मार निकाल दिया। जिसको लेकर अंचल परिसर में शोर गुल होने लगा तभी पत्रकार पहुंचते है। तो सारी घटना को बताते हुए जबीर मृदहा ने कहा की रैयत के कार्य के लिए पदस्थापित राजस्व कर्मचारी का व्यवहार अच्छा नही है। बताया गया कि राजस्व कर्मचारी नित्य दिन शराब का सेवन कर कार्यालय आते है। इस तरह का व्यवहार अन्य लोगो के साथ करते है।

इस संदर्भ में अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी से जायजा लेने पर उन्होंने कहा कि प्रदीप लेन्सन टोप्पो का रैयत के साथ व्यवहार अच्छा नही रहता है। इसके व्यवहार से हम भी हारे हुए है। वहीं रैयत इसकी शिकायत उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण से करने की बात कही है।

### तीन बेटियों के साथ डीसी ऑफिस के पास आमरण अनशन पर बैठी निर्मला देवी, कहा

# उर्सुलाइन कॉन्वेंट प्रबंधन की तानाशाही की शिकार हुईं बेटियां

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा ।** लोहरदगा जिले के सेन्हा प्रखंड अंतर्गत सेरेंगहातु गांव निवासी महिला निर्मला देवी अपनी तीन बेटियों के साथ लोहरदगा समाहरणालय के समक्ष आमरण अनशन पर बैठ गयी है। उनसे पूछने पर उन्होंने बताया की विगत वर्ष से उर्सुलाइन विद्यालय प्रबंधन मुझे परेशान कर रहा है और मेरी बेटियों का नामांकन नहीं लेकर भविष्य बर्बाद कर रहा है। इस मामले को लेकर मैने उपायुक्त, डीएसई डीईओ के पास आवेदन देकर थक गई बावजूद कोई सकारात्मक कार्रवाई नही किया गया है। उपायुक्त ने समुचित कार्रवाई के लिए डीईओ को पत्र प्रेषित किया था लेकिन डीइओ ने इसपर कोई कार्रवाई नही किया बल्कि उसुर्लाइन विद्यालय प्रबंधन का पक्ष ली। डीईओ का यह रवैया सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को घात पहुचाता है। उन्होंने बताया कि मेरी गलती इतनी है की मैंने मेरी बड़ी बेटी का फीस के एवज में उसकी रसीद मैने विद्यालय प्रबंधन से मांगा था। यह रसीद मांगना मेरी अन्य दो बेटियों को उसुर्लाइन विद्यालय से नामांकन से वंचित करा दिया है। इसके बाद मैंने सुचना के अधिकार के तहत जरूरी मांग की। जिसकी सजा मेरी बेटियों को दिया जा रहा है, जो सरासर अन्याय है। सरकार का बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा सिर्फ दीवाल लेखन तक ही सीमित है, यह मात्र एक दिखावा है। उसुर्लाइन विद्यालय पर सरकार की कोई अंकुश नहीं है। मामले में विद्यालय की प्रिंसिपल से वार्ता करने का प्रयास किया गया तो फोन नहीं उठाई। वही जिला शिक्षा पदाधिकारी भी फोन नहीं उठाई। जिसके कारण उनका पक्ष नहीं लिया जा सका है।

# जिप सदस्य ने दो योजनाओं का किया शिलान्यास




**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड के पश्चिमी क्षेत्र की जिला परिषद सदस्य संतोषी कुमारी के द्वारा अपने 15 वी वित्त के मद से सोमवार को पीसीसी पथ और नाली निर्माण कार्य योजना का शिलान्यास किया गया। जिला परिषद मद के माध्यम से प्रखंड मुख्यालय के बाजार अंतर्गत खोखा दादा मार्ग से शांति निकेतन पब्लिक स्कूल तक 1 लाख 99 हजार की लागत से पीसीसी पथ और बरवाडीह आदर्श नगर में राम प्रसाद के घर से नंन्दलाल प्रसाद के घर तक दो लाख 18 हजार की लागत से नाली निर्माण योजना का पुरे विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए शिलान्यास किया गया। योजनाओं की शिलान्यास के जाने के बाद संतोषी कुमारी ने कहा की सरकार के माध्यम से एक न्यूनतम राशि जिला परिषद सदस्यों को उपलब्ध कराई जाती है जिस पर काफी कठिनाइयों का सामना करते हुए छोटी-छोटी योजनाओं का चयन करते हुए जिला परिषद अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं का चयन कर उसे धरातल पर उतरने का प्रयास किया जा रहा हैं। मौके पर पूर्व सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, भाजपा उपाध्यक्ष सुनील सिंह, पंचायत समिति सदस्य प्रवीण कुमार, भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष मनोज यादव, शुभम दुबे, केशव यादव, विजय यादव, गोपी सिंह, सोनू, शुभम नाथ समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# डॉक्टर्स डे पर सदर अस्पताल में मरीजों के बीच फल वितरित और ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** डॉक्टर्स डे के अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के तत्वावधान में सदर अस्पताल लोहरदगा में इलाजरत पचास से अधिक मरीजों के बीच फल वितरण किया गया। साथ हीं नियमित इलाज कराकर डॉक्टर के नुस्खे का पालन कर शीघ्र स्वास्थ्य होने की कामना की गयी। वहीं ब्लड बैंक में ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन भी किया गया। जिसमें प्रवीण कुमार, देशराज गोयल, पंकज साहू, धनराज साहू, निखिल बर्मन सहित आठ रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

इस अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद ने विचार व्यक्त करते हुए बतलाया कि डॉक्टर का पेशा सेवा करना होता है और समाज सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं होता है। सेवा भाव से किये गये कार्य में संतुष्टि मिलती है। रक्तदान जैसे पुनीत कार्य समाज के लिए एक संदेश है। रक्तवीर देशराज गोयल ने बेरासीवां रक्तदान कर लोहरदगा जिला में कीर्तिमान स्थापित किया है जो प्रेरणादायक है।

एसोशिएशन के उपाध्यक्ष डॉ शम्भूनाथ चौधरी, डॉ सिस्टर आइलीन कुजूर, सचिव डॉ संजय प्रसाद, सिविल सर्जन डॉक्टर राजमोहन खलखो ने संबोधित किया। एसोसिएशन के सदस्यों ने उपायुक्त डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण से मिलकर एसोसिएशन के गतिविधियों पर चर्चा किया और आगे की रणनीति बनाया। जिसके तहत एम एल ए कॉलेज में संध्या आठ बजे बैठक रखी गयी है। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद, उपाध्यक्ष डॉ एस एन चौधरी, डॉ सिस्टर आइलीन कुजूर, सचिव डॉ संजय प्रसाद, डॉ सनल शानू बरवार, डॉ रीता चौधरी, डॉ अंजना लकड़ा, डॉ रश्मि, इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव अरुण राम, ब्लड बैंक के कर्मी उमेश प्रसाद विकास कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

# हल्ला बोल कार्यक्रम में आजसू पार्टी खनन कार्यालय का करेगी घेराव : अमित पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता




**लातेहार।** लातेहार आजसू पार्टी जिला कार्यालय में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जिलाध्यक्ष अमित पाण्डेय ने कहा कि जिला में विभिन्न तरह कि योजनाएं चल रही है जिसमे बालू कि प्रमुख आवश्यकता है। सभी पदाधिकारियों एवं सरकार को पता है कि बालू पे हर साल एनजीटी कि रोक लगती है।अभी जिले में चंदवा प्रखंड के मरमर में एकमात्र बालू का स्टोक्स है जिसमे केवल बड़ी गाडियों से बालू कि बुकिंग होती है अगर किसी को महुआडांड़, बरवाडीह में अबुवा आवास में बालू चाहिए तो लाखो का बालू की खपत हो जायेगा तो आम आदमी बालू कहा से लायेगा जिले में रोज ट्रेक्टर पकड़े जा रहे है जिससे लोकल बालू भी मिलना भी मुस्किल हो गया है और मिल भी रहा है तो महंगा है।जिला प्रशासन ये सुनिश्चित करे कि सभी प्रखंडों में बालू उचित दर पे मिले साथ ही साथ जिले में चेकिंग अभियान चलाया जाए।जिस में लोगो कि गाडियों को पकड़ा जाता है 5 ,6 घंटे के बाद उसको एक कागज दिया जाता है जिसमे डीटीओ ऑफिस लातेहार में चालान कटवा के आने को कहा जाता है इस बीच में थाने एवम डीटीओ ऑफिस के बाहर दलालों का एक गैंग पैसा लेकर गाड़ी छुड़वाने को सक्रिय हो जाता है।

# योग कक्षा और प्राकृतिक चिकित्सा का आयोजन



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सदर प्रखंड के भक्सों नदी के तट पर योग कक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें योगिंग जॉगिंग सूर्य नमस्कार आसन प्राणायाम किया गया। प्राचीन ऋषि मुनियों द्वारा प्राकृतिक चिकित्सा मिट्टी स्नान किया गया। हाथों का एक्यूप्रेशर करने के लिए तालिया बजाते हुए भजन का आयोजन किया गया। तत्पश्चात महादेव मंदिर में सभी योग साधकों द्वारा पूजा अर्चना की गई। उसके बाद चूड़ा दही और गुड़ के साथ-साथ मौसमी फल आम का जलपान का आयोजन किया गया। योग कक्षा एवं प्राकृतिक चिकित्सा का आयोजन पतंजलि स्वदेशी वितरक एवं आरोग्य केंद्र ब्लॉक मोड़ लोहरदगा के द्वारा किया गया। जिसके मुख्य संचालक संजय कुमार माधुर के साथ सहयोग शिक्षक अजय कुमार ,पतंजलि योग समिति के उपाध्यक्ष वासुदेव महतो ,दुखहरण साहू ,शंभू शर्मा नवीन पाठक ,हीरा साहू, राजेंद्र सोनी, उपेंद्र प्रसाद साहू ,बजरंग दल से प्रदीप कुमार साहू, शिबू कुमार साहू ,दिनेश कुमार ,श्याम कुमार सिंह हरि ओम प्रजापति ,सुभाष चंद्र महतो, रामलाल के साथ-साथ अनेक लोगों ने योग कक्षा एवं प्राकृतिक चिकित्सा मिट्टी स्नान का लाभ लिया।

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो गंभीर



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड मुख्यालय के नगड़ी ढलान के समीप सड़क दुर्घटना में एक की मौत वह दो गंभीर रूप से घायल है घायलों को स्थानीय लोगों के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए गुमला रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार एक मोटरसाइकिल में दो युवक नशे में धूत तेज रफ्तार में घाघरा से बिशुनपुर की ओर जा रहे थे वहीं विपरीत दिशा से एक मोटरसाइकिल में तीन लोग सवार होकर आ रहे थे। जिससे आमने-सामने भिड़ंत हुई। घटना के बाद एक अज्ञात युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई वहीं दो गंभीर रूप से घायल है। घायल में सिसई बरगांव पतिटोली निवासी लगभग 45 वर्षीय जगन्नाथ उरांव व एक अज्ञात युवक है दोनों को इलाज के बाद रेफर किया गया है। घटना के बाद घाघरा थाना को इसकी सूचना दी गई। जिसके बाद एसआई मनीष कुमार घटनास्थल पहुंच शव को बरामद कर थाना ले आए हैं वहीं दुर्घटनाग्रस्त वाहन को भी जप्त कर थाना लाया गया है। समाचार लिखे जाने तक मृतक व एक घायल युवक का नाम पता नहीं चल सका था।

# प्रकृति का संतुलन बनाये रखने के लिए पौधरोपण बेहद जरूरी : भूषण बाड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमडेगा।** लायंस क्लब व एवरग्रीन वैलनेस सेंटर के द्वारा ग्रेटर सिमडेगा नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंडोर स्टेडियम में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने पौधारोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आज प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधे बेहद जरूरी हैं। पौधे लगाने से जहां पर्यावरण संरक्षित होता है, वहीं लोगों को शुद्ध आक्सीजन भी मिलती है। इसलिए हमें समय-समय पर पौधे रोप कर उनकी देखभाल भी करनी चाहिए। उन्?होंने कहा कि पेड़-पौधे जहां हमारी प्रकृति को हरा भरा बनाते हैं वहीं वातावरण को भी शुद्ध बनाए



रखते हैं। कि अगर पेड़-पौधे नहीं रहेंगे तो पृथ्वी में असंतुलन बढ़ जाएगा। इसलिए हमें अपने जीवन में पौधे लगाना चाहिए।

मौके पर एवरग्रीन वैलनेस केंद्र के संचालक सरफराज अहमद ने पौधरोपण करते हुए लोगों को पर्यावरण संरक्षण वृक्षारोपण वह इसका बचाव पर जोर दिया उन्होंने कहा कि वर्षों का अस्तित्व पर मानव व जीव का अस्तित्व निर्भर है यदि वृक्ष खत्म हो गए तो मनुष्य का अस्तित्व मिट जाएगा ताज आई आंकड़े के अनुसार वृक्षों की कमी होने के कारण ही गर्मी का तापमान तक बढ़ा है जो कि मानव के अस्तित्व को खत्म करने का मुख्य कारण है ।क्लब के डायरेक्टर नरेंद्र अग्रवाल ने भी पर्यावरण में संतुलन बनाए रखने में जंगल एवं वृक्षों के योगदान की जानकारी देते हुए सभी लोगों से कम से कम एक-एक पेड़ लगाने की अपील की।

जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन में संजीवनी के समान है। पेड़-पौधे नहीं रहेंगे तो हम सब व्यक्ति भी चैन से नहीं रह सकते हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पेड़ लगाने का संकल्प जरूर लेना चाहिए ताकि बढ़ते प्रदूषण से राहत मिल सके। मौके पर प्रमुख सुशीला देवी, विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, 20सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, हरिशचंद्र भ्रगत, सुजीत चौधरी मोहम्मद परवेज नगर अध्यक्ष अरशद हुसैन (अक्षण), शकील अहमद, शीतल एक्का, निरोज बड़ा, तिलका रमन, अरविंद लुगुन, जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन,नगर प्रभारी शशि गुड़िया, उप प्रमुख सिलबेस्टर बघवार सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

# भिखारिएट काथलिक महिला संघ की 29वीं आमसभा का आयोजन



**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कोनबीर पल्ली में दो दिवसीय कोनबीर नवाटोली भिखारिएट काथलिक महिला संघ का 29 वीं आमसभा का आयोजन शनिवार और रविवार को किया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ अतिथियों द्वारा संत पापा का झंडोतोलन एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। स्वागत भाषण गुमला धर्मप्रांतीय सलाहकार एलिस एक्का द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पहले दिन नई कमिटी का गठन, बाइबल पाठ, पारंपरिक रूप से धार्मिक नाच, झांकी, आदिवासी नाच,आधुनिक नाच, झांकी कलीसिया में महिलाएं, माता मरियम की शोभायात्रा, पवित्र संस्कार,भिखारिएट रिपोर्ट आदि कार्यक्रम आयोजित किये गये। आमसभा के पहले दिन कलीसिया में महिलाएं अतीत की ताकत, भविष्य की आशा विषय पर सिस्टर कल्याणी टेटे द्वारा भाषण दिया गया। आमसभा को दूसरे दिन दीप प्रज्वलन एवं संत मोनिका की तस्वीर पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया। दूसरे दिन मुख्य अतिथि फादर सेवेस्टियन एक्का द्वारा वर्तमान परिवेश में आदिवासी सामाजिकता पर चिंतन विषय पर अपने विचारों को रखा गया। इसके साथ ही गुमला धर्मप्रान्त के विक्टर जेनरल एमानुएल कुजुर, पूर्व विक्टर जेनरल सिप्रियन कुल्लू, जिला परिषद सदस्य सह सभानेत्री बसंती डूंगडुंग, कांग्रेस के प्रदेश सचिव रोशन बरवा,डीन फादर अगस्तुस कुजुर,सिस्टर इमलिया , सभापति याकूब बाड़ा, सुजीत टेटे समेत अनेक अतिथियों ने अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम में दलमादी, रामपुर, अघरमा, तुरबुगा, केमताटोली, कोनबीर नवाटोली पल्ली के संचालिका सिस्टर, फादर समेत हजारों महिलायें उपस्थित थे।

# तेल की मशीन में साड़ी फंसने से महिला की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** थाना क्षेत्र के बनारी में एक्सपेलर मशीन से सरसों का तेल निकालते वक्त एक महिला 50 वर्षीय मारशीला लकड़ा का साड़ी फंस गया जिससे उसकी देखते ही देखते दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है कि उक्त महिला लातेहार जिला अंतर्गत सिरसी के अइगू गांव से आधा दर्जन अन्य लोगों के साथ सरसों का तेल निकलवाने बनारी स्थित गुप्ता तेल एक्सपेलर पहुंची थी। तब अन्य लोगों का तेल निकालने का काम संचालक द्वारा किया जा रहा था तभी सरसों का वजन करने के दौरान महिला का साड़ी एस्पेलर मशीन का लाइन सापट में फस गया साड़ी का खिंचाव होने के कारण उसका गला पूरी तरह से दब गया जिससे मौके पर ही उक्त महिला की दर्दनाक मौत हो गई। इधर घटना की सूचना मिलते ही बिशुनपुर थाना प्रभारी राकेश



कुमार सिंह अपनी टीम के साथ घटनास्थल पहुंचकर शव को कब्जे में करते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर गुमला भेज दिया।

एक्सपेलर संचालक छिपादोहर निवासी नरेंद्र प्रसाद ने सरसों तेल के कारोबार के लिए पिछले दो सालों से बनारी में रहकर क्षेत्र के लोगों का सरसों का तेल निकलने का काम कर रहे हैं उन्होंने बताया कि उक्त महिला आई और गलती से स्पेलर का लाइन सापट की ओर चली गई और उसका साड़ी फस गया जिससे यह हादसा हुआ है। मैं सप्ताह के मार्केट के दो दिन ही अपना दुकान चलाता हूं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सरसों के एक्सपेलर में मैं तेल निकालने का काम किया जा रहा था तभी उक्त महिला अपने द्वारा ले गए सरसों का वजन करने के लिए एक्सपेलर का लाइन सपोर्ट की ओर चली गई सपाट में उसका साड़ी फस गया और देखते ही देखते उसके दर्दनाक मौत हो गयी।

# गुमला उपायुक्त ने रॉक गार्डन का किया निरीक्षण, डीपीआर बनाने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** लगता है रॉक गार्डन के दिन बहुरने वाले हैं। अब उपायुक्त की नजर दुनदुरिया में बने रॉक गार्डन पर पड़ गई है। शहरी क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर जिला पर्यटन, कला- संस्कृति, खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग द्वारा विभिन्न पर्यटन स्थलों के निर्माण एवं मर्रमती का कार्य प्रारंभ करने हेतु योजना तैयार की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को जिले के शहरी क्षेत्र में स्थित रॉक गार्डन को भी पर्यटन क्षेत्र एवं पर्यटकों के आकर्षण केंद्र के रूप में परिवर्तित करने के लिए उपायुक्त ने उक्त क्षेत्र का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने जिला खेल पदाधिकारी एवं नगर परिषद प्रशासक को रॉक गार्डन के मरम्मती करने से संबंधित



डीपीआर तैयार करने की बात कही। उक्त क्षेत्र में पर्यटकों के आकर्षण के लिए नए तकनीकों का उपयोग करते हुए पर्यटकों के लिए मनोरंजन के केंद्र के रूप में निर्माण करने हेतु योजनाओं पर चर्चा हुई। रॉक गार्डन में डार्क रूम, थ्री डी रूम , वीआर जैसे कई तकनीकी मनोरंजक गतिविधियों को सुरुआत करने को लेकर भी योजनाएं बनाई गयी। उपायुक्त ने उक्त क्षेत्र में बच्चों के मनोरंजन के लिए भी झूले इत्यादि के निर्माण करने की बात कही। इसके साथ ही सुरक्षा के दृष्टिकोण से सोलर लाइट की व्यवस्था सीसीटीवी कैमरा इत्यादि लगाने पर भी चर्चा हुई। उपायुक्त ने सभी योजनाओं एवं उक्त क्षेत्र के विकास को लेकर संबंधित अधिकारियों को डीपीआर तैयार करने का निर्देश दिया जिसे राज्य सरकार को भेजी जाएगी। इस दौरान मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, जिला खेल पदाधिकारी, नगर परिषद प्रशासक सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें ।

# ग्रामीणों ने सरकारी और परती जमीन पर अतिक्रमण हटा कर रास्ता देने की मांग की



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सिसई थाना क्षेत्र अंतर्गत नागफेनी रापु टोली के ग्रामीणों ने गांव में सरकारी व परती जमीन पर कुछ लोगों के द्वारा अवैध अतिक्रमण को लेकर पूर्व में गुमला उपयुक्त और अंचलाधिकारी सिसई को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की थी। इसके बाद अतिक्रमण करने वालों को तीन बार नोटिस भी दिया गया। लेकिन अतिक्रमण नहीं हटाया गया। जिसके के बाद प्रशासन की ओर से जेसीबी लगाकर अतिक्रमण हटाने की बात कही गई थी। लेकिन चार माह बीतने के बाद भी इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसको लेकर ग्रामीणों ने पुन: मामले को लेकर उपायुक्त से मिलने की बात कही। ग्रामीणों ने बताया हम लोगों के कई घरों तक एम्बुलेंस भी नहीं पहुंच पाता है। मरीजों या शव को खटिया में ढोकर रास्ते तक ले जाना पड़ता है।

# अवैध बालू भंडारण मामले में दो पर प्राथमिकी दर्ज

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला के लांजी में बालू के अवैध भंडारण मामले में खनन निरीक्षक नीरज कुमार ने लांजी नवाटोली के रुपचंद साहु और अशोक बड़ाईक के खिलाफ गुमला थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। मिली जानकारी के अनुसार अवैध खनन एवं परिवहन की जांच के लिए अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में टास्क फोर्स का गठन किया गया और अंचल अधिकारी एवं खनन विभाग के अधिकारी की टीम ने सोमवार को लांजी क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चार स्थानों में कुल चार लाख 60 हजार घनफीट बालू का भंडारण किया गया। तीन स्थान पर एक-एक लाख घनफीट और एक स्थान पर 60 हजार घनफीट का भंडारण पाया गया। राष्ट्रीय संपति का क्षरण और राजस्व चोरी मामले में खान एवं खनिज विकास अधिनियम के तहत गुमला थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया गया।

# 19 लाभुकों के बीच बकरी का वितरण



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** पशुपालन विभाग द्वारा घाघरा ब्लॉक परिसर में सोमवार को 19 लाभुकों के बीच बकरी बकरा यूनिट का वितरण प्रखंड प्रमुख सविता देवी, पशुपालन पदाधिकारी डॉ सीमा एक्का ने संयुक्त रूप से किया। इस क्रम में नवडीहा, बदरी, बेलगड़ा, देवाकी पंचायत अंतर्गत 19 लाभुकों के बीच प्रत्येक यूनिट एक बकरा चार बकरी बाटा गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि सरकार द्वारा अनुदान पर मिले बकरी पालन का समुचित आप सभी लाभ उठाएं और अपने आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाएं। पशुपालन प्रभारी डॉक्टर सीमा एक्का ने बताया कि 10 प्रतिशत अनुदान पर झारखंड सरकार द्वारा किसानों को अपने आर्थिक स्थिति मजबूत बनाने को लेकर बकरी बकरा यूनिट दिया जा रहा है। ताकि वह आर्थिक रूप से मजबूत बन सके। पशुपालन के क्षेत्र में भी लोग बेहतर कर अपनी आय का साधन को बढ़ा रहे हैं। मौके पर भिंसरिया देवी, लीलावती देवी, मलकी देवी, तेतरी देवी सहित कई लाभुक उपस्थित थे।

# भाकपा माले ने चैनपुर प्रखंड कमेटी का किया गठन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** भाकपा माले ने नई कमिटी का गठन करते हुए रामावतार साहू को पार्टी का प्रखंड प्रभारी बनाया। वहीं गणसु महतो को अध्यक्ष चुना गया। साथ ही 12सदस्यीय कमिटी तैयार किया गया। जिसमें गणसू महतो, बिनोद उरांव, बासुदेव उरांव, सोनामती देवी, सीता देवी, सहबीर उरांव, रोशन पन्ना, सांति ओरेन, मालती देवी, शोभा देवी, रूनी देवी, वीरेंद्र उरांव को सदस्य चुना गया। भाकपा माले के जिला सचिव गजेंद्र सिंह के नेतृत्व में सात सदस्यीय टीम सुषमा देवी, सदस्यीय जिसमें महेंद्र जंक्शन उरांव, रामावतार साहू, दर्शन उरांव, देवलाल लोहरा, विद्यासागर खेस का तीन दिन का लगातार चैनपुर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों का दौरा के बाद बरडीह पंचायत के केरागनी गांव में खुला समेलन का आयोजन किया गया। जिसमें केरागानी, कुइयो,ऊपर कुईयो,गढ़ा कूइयो, चप्पा झारियो, मरवा, उरूं, रोरेड, कोचागानी गांव के 300 महिला पुरूष उपस्थिति थे।सभी ने राशन, पानी, बिजली सहित जनसमस्याओं को लेकर संघर्ष करने का संकल्प लिया।

# डाला टेंपो के पलटने से 13 लोग घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** कामडारा थाना क्षेत्र अंतर्गत बेतर केरा गांव के समीप डाला टेंपो के पलटने से टेंपो में सवार 13 लोग घायल हो गए। जबकि गंभीर रूप से घायल साले गुद्ध निवासी 28 वर्षीय लालू साहू को रेफरल अस्पताल बसिया में इलाज के उपरांत सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक साले गुड्डू गांव से 13 लोग कुरकुरा बाजार गए थे। वापसी के क्रम में बेतर केरा गांव के समीप तेज रफ्तार के कारण डाला टेंपो पलट गया। लोगों ने बताया टेंपो में पांच बोरा आलू लोड था और सभी लोग खड़े होकर अपने घर लौट रहे थे। वहीं अन्य घायलों का बसिया रेफरल अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं सदर अस्पताल में इलाज रत लालू साहू की स्थिति नाजुक बनी हुई है। गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उसे रिम्स रांची रेफर कर दिया है। घटना सोमवार की अपराह्न 4:00 बजे की है।

# चिकित्सा दिवस पर योग परिवार ने चिकित्सकों को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** योग परिवार ने चिकित्सक दिवस पर बिरसा मुण्डा एग्रो पार्क के आनंदमयी भवन मे एक कार्यक्रम का अयोजन किया। योग परिवार के अध्यक्ष अशोक कुमार जयसवाल की अध्यता मे अयोजित इस कार्यक्रम में चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गुमला के प्रसिद्ध डाक्टर हेमंत कुमार बतौर मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता उपस्थित थे। उन्होंने सदस्यों के बीच कई प्रकार की गभीर बिमारियों के सम्बन्ध मे जानकारी ,बचाव और इसके उपचार के संबंध मे विस्तृत जानकारी दी। डा. हेमंत ने कहा कि डाक्टरी एक ऐसा पेशा है जिस पर आम जनता-जनार्दन का भरोसा होता है। हमने अपने जीवन का अधिकांश समय गुमला को एक डॉक्टर के रुप मे दिया है। आप जानते है कि हाल के दिनो मे



कोरोना ने आम जनजीवन को कैसे हताश और निराश किया था। किसी भी बिमारी के प्रति जागरूक और सजग रहना है डाक्टर हेमंत ने लगभग आघे घन्टे तक क ई गभीर बिमारियौ के साथ साथ उपस्थित योग परिवार के महिला सदस्यो तथा पुरुष सदस्यगण के द्वारा उठाए गए बिमारियो के सम्बन्ध मे भी समय देकर जानकारी दिया। इस अवसर पर अध्यक्ष अशोक कुमार जयसवाल और सदस्य योगेन्द्र साहु ने आज के मुख्य अतिथि को बुके देकर सम्मानित किया गया। अशोक कुमार जयसवाल ने कहा कि डाक्टर हेमंत कुमार के द्वारा बताए गए बातो के प्रति जागरूक होकर पालन किजिये और संकल्प लिजिए कि हम गुमला के लोगो को नशा पान ताम्बाकु गुटका सिगरेट नही सेवन करने का सदे संदेश देगे और सुबह-सुबह अपने शरीर और मन को ठीक रखने हेतु ब्याम और योगा से जुडेगे। मौके पर अशोक कुमार जायसवाल, योगेंद्र प्रसाद साहू, ओमप्रकाश साहू, संजय साहू, रणधीर वर्मा , सुरेश सोहदा, रतन, शिवकुमार लाल, शशि किरण जयसवाल ,सरिता देवी, रविंदर कौर, एवं राजलक्ष्मी आनंद उपस्थित थे।

# संत इग्नासियुस उच्च विद्यालय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता चैंपियन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिले में चल रहे सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता 2024 के जूनियर बालक वर्ग अंडर 17 में संत इग्नासियुस उच्च विद्यालय, गुमला की टीम ने प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय, आदर घाघरा को हरा कर जिला चैम्पियन का खिताब अपने नाम कर लिया। वहीं जूनियर बालिका वर्ग अंडर-17 में संत पात्रिक उच्च विद्यालय, गुमला की टीम, संत पीयूष उच्च विद्यालय, कामडारा की टीम को पराजित कर जिला चैम्पियन घोषित की गयी।




बता दें कि सोमवार को जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता 2024 का समापन संत इग्नासियुस उच्च विद्यालय, गुमला में हुआ है। जिसमें जूनियर बालक एवं बालिका अंडर-17 एवं सब जूनियर अंडर-15 बालक में जिला के विद्यालय की टीमे विजेता हुई । सब जूनियर वर्ग अंडर-15 बालक में संत इग्नासियुस विद्यालय, गुमला की टीम विजेता रही एवं बरवे चैनपुर उच्च विद्यालय, की टीम उप विजेता रही। समापन समारोह में विजेता टीम के सदस्यों को पुरस्कार का वितरण जिला शिक्षा पदाधिकारी, गुमला नूर आलम खान, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, पीयूष कुमार, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी आदित्य राज एवं सूरज कुमार श्रीवास्तव एवं लेखा पदाधिकारी एसएस माधुरी मिंज, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी प्रियाश्री भगत द्वारा किया गया। समारोह में जिले के संकुल साधन सेवी एवं प्रखंड साधन भी उपस्थित थे।

# धर्मेंद्र गंझू के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तिहार

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने कोर्ट से निर्गत आदेश पर की कार्रवाई चंदवा थाना क्षेत्र मंडआ गांव स्थित धर्मेंद्र गंझू उर्फ सुलेदर गंझू आर्म्स एक्ट के फरार आरोपी के घर एसआई कामू पासवान के द्वारा न्यायालय द्वारा निर्गत इश्तिहार चिपका कर निर्धारित समय पर न्यायालय में उपस्थित होने की बात कही गई है। थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि धर्मेंद्र उर्फ सुरेंद्र गंझू माओवादी के रीजनल कमांडर रविंद्र गंझू टीम का सदस्य है पुलिस उसे पिछले 5 सालों से पकड़ने के लिए प्रयासरत है परंतु वह पकड़ में नहीं आ रहा है।

# गला घोंट कर जान से मारने के प्रयास को लेकर पीड़िता के पिता ने कार्रवाई की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रायडीह।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय रायडीह में सातवीं कक्षा की छात्रा संतोषी कुमारी को दुपट्टा से गला घोंट कर जान से करने का प्रयास को लेकर पीड़िता के पिता रामधनी सिंह ने रायडीह थाना को आवेदन सौंप कर कार्रवाई की मांग की है। थाना को दिए आवेदन में दशरथ सिंह ने बताया मैं अपनी 13 वर्षीय बेटी संतोषी कुमारी को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय रायडीह में पढ़ाई करा रहा हूं। जो की सातवीं कक्षा की छात्रा है। पढ़ाई के दौरान 29 जून को मेरी बेटी क्लास में पढ़ाई कर रही थी। उसी समय तीन लड़की गई और क्लास से उसे बाहर बुलाई। बाहर आने के बाद मेरी बेटी को तीनों लड़की छोटी कुमारी, आरती खाखा और एक अन्य जिसको मेरी बेटी नहीं पहचान पाई। इन तीनों ने कमरे में ले जाकर दुपट्टा से गला को जोर से बांध दिया और बेड में धकेल कर तीनों लड़की अपने क्लास चली गई। जब मेरी बेटी का दम घुटने लगा तो वह चिल्लाने लगी। और दुपट्टा हटाने लगी जिससे उसके मुंह से खून की उल्टी होने लगा। लेकिन दुपट्टा गला में जोर से बंधे होने के कारण आवाज नहीं निकल पा रहा था। किसी तरह वह चिल्लाई। तभी गार्ड आवाज सुनकर दौड़कर गई तो देखी की संतोषी का गला में दुपट्टा बांधकर बेड में लिटाया गया है। तुरंत गला से दुपट्टा को हटाकर उसकी जान बचाई और उपचार के लिए उप स्वास्थ्य केंद्र रायडीह में भर्ती कराया गया। लेकिन स्थिति नाजुक होने कारण तत्काल बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां मेरी बेटी का इलाज चल रहा है।

# भूमि के अभाव में सोलर पार्क का नहीं हो पा रहा निर्माण : वीडी राम

## सोलर पार्क के लिए पलामू और गढ़वा में 100-100 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने की अपील

आजाद सिपाही संवाददाता


पलामू सांसद वीडी राम।

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल (वीडी) राम ने नियम 377 के तहत झारखंड में विकास कार्यो के लिए भूमि उपलब्ध नहीं होने के कारण केंद्र सरकार द्वारा दो वर्ष पहले पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पलामू और गढ़वा जिलों में 20-20 मेगावाट का सोलर पार्क बनाने की स्वीकृत योजना का निर्माण नहीं होने से संबंधित अति महत्वपूर्ण मामले संसद में उठाया। सांसद ने कहा कि झारखंड का 33 प्रतिशत भू-भाग वनों से अच्छादित है। फलस्वरूप विकास कार्यो के लिए भूमि की उपलब्धता नगण्य है। अधिकांश भूमि 1930 के सर्वे के अनुसार जंगल या झाड़ी के रूप में चिन्हित हैं। 100 वर्ष पहले के सर्वे के आधार पर वह भूमि आज भी जंगल-झाड़ से अच्छादित दिखाई जा रही है। पर उक्त जमीन पर वर्तमान में एक भी पेड़ नहीं है। विकास की योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए वैसी भूमि के लिए भी वन अनापत्ति की सारी प्रक्रिया अपनानी होती है। करीब दो वर्ष पहले केंद्र सरकार के ऊर्जा मंत्रालय ने पलामू एवं गढ़वा जिलों में 20-20 मेगावाट का सोलर पार्क बनाने की स्वीकृति दी थी। उसके लिए 100-100 एकड़ भूमि की आवश्कता बतायी थी। पर जिला प्रशासन ने जिस भूमि को चिन्हित किया वह जंगल-झाड़ वाली भूमि निकल गयी। जिस कारण सोलर पार्क बनाने की योजना अधर में लटक गयी है। सांसद ने कहा कि आपके माध्यम से केन्द्र सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से अनुरोध है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश को संषोधित करने के लिए भारत सरकार पुनर्विचार याचिका दाखिल करने पर विचार करें या वन अधिनियम 1980 के प्रावधानों में परिवर्तन कर ऐसी जमीन जिसकी प्रकृति बदल गयी है उसे जंगल झाड़ की परिधि से बाहर निकाल दें। इस बीच राज्य सरकार को यह सलाह निर्गत किया जाय कि वही वन अनापत्ति की सारी प्रक्रिया पूरी कर 100-100 एकड़ पलामू जिला एवं गढ़वा जिला में उपलब्ध करायें, ताकि वहां पर सोलर पार्क स्थापित हो सके।

# डॉक्टर्स भगवान के रूप हैं: अरुणा शंकर

**प्रथम महापौर ने डॉक्टर्स डे के अवसर पर कई चिकित्सकों को किया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने डॉक्टर्स डे के अवसर पर शहर के वरिष्ठ डॉ आरआरपी सिंहा, डॉ अरुण शुक्ला, डॉ विश्वनाथ ओझा, डॉ विजय सिंह, डॉ आरएन सिंह, डॉ उर्मिला श्रीवास्तव, डॉ एसएस होरो, डॉ राहुल अग्रवाल, डॉ नेहा अग्रवाल, डॉ प्रसून कुमार, डॉ अनवर निजाम, डॉ राहत निजाम, डॉ स्नेह लता त्रिपाठी आदि चिकित्सकों को उनके क्लीनिक में जाकर बुके देकर अभिवादन किया। अरुणा शंकर ने कहा कि डॉक्टर्स भगवान के रूप होते हैं। वह हमारी जान बचाने के साथ ही हमें स्वस्थ रखने में सहयोगी भी होते हैं। मैं खासकर मेदिनीनगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में सेवा दे रहे डॉक्टरों को नमन करती हूं जो इतनी महंगी पढ़ाई पढ़ने के बाद चाहते तो बड़े शहरों में रहकर यहां से ज्यादा ख्याति पा सकते हैं, लेकिन आज हम सभी के बीच मेट्रोपॉलिटन की जिंदगी छोड़कर हमारे शहर में अपनी सेवा दे रहे हैं। जो हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है। मैं महिला गायनो डॉक्टर्स को विशेष अभिनंदन करती हूं जिनके कुशल प्रयास से हम संसार में सही सलामत जन्म लेते हैं। मैं आज डॉक्टरर्स डे में प्रमंडल के सभी डॉक्टरों का दिल से अभिनंदन करती हूं। उन्हें सम्मानित कर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रही।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## वेतनमान की मांग को लेकर सहायक अध्यापकों ने निकाला मशाल जुलूस



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा की हुसैनाबाद प्रखंड इकाई की ओर से प्रदेश कमेटी संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर रविवार की शाम अनुमंडलीय अध्यक्ष पप्पू पटेल व आंकलन सफल सहायक अध्यापक के संयुक्त अध्यक्षता में मशाल जुलूस निकाला गया। जिसका नेतृत्व प्रखंड सचिव बैद्यनाथ पासवान, उपाध्यक्ष रामप्रवेश राम, मीडिया प्रभारी अनिल पासवान और महामंत्री संतोष पासवान ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय प्रांगण से किया गया। मशाल जुलूस शहर के अंबेडकर चौक होते हुए जयप्रकाश चौक पर पहुंच कर समाप्त हुआ। अपने संबोधन में सहायक अध्यापक संघ के अध्यक्ष अभिषेक शर्मा व अनुमंडलीय अध्यक्ष पप्पू पटेल ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वादा किया था कि राज्य में झामुमो की सरकार बनते ही सहायक अध्यापक को तीन महीने के अंदर वेतनमान दे दिया जायेगा। लेकिन आज तक वह वादा पूरा नहीं हो पाया है। सरकार अगर हमारी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक पूरा नहीं करती है तो 8 जुलाई को पलामू डीसी को मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र सौंपा जाएगा। इसके बाद भी मांगे पूरी नहीं हुई तो 20 जुलाई से मुख्यमंत्री आवास का अनिश्चितकालीन घेराव किया जाएगा।

## भाजपा नेता विनोद सिंह की पहल पर उत्तर कोयल नहर में छोड़ा गया पानी, हर्ष



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** भाजपा के वरीय नेता विनोद कुमार सिंह की पहल पर मोहम्मदगंज स्थित भीम बराज से उत्तर कोयल नहर में पानी छोड़ दिया गया है। भाजपा नेता ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में बताया कि कार्यपालक अभियंता से सार्थक बातचीत के बाद उत्तर कोयल मुख्य नहर में पानी छोड़ा गया है। कहा कि आद्रा नक्षत्र में भी बारिश नहीं होने के कारण किसान अबतक धान का बिचड़ा नहीं लगा सके हैं। अब नहर में पानी आने से कम से कम नहर कमान क्षेत्र के किसान धान का बिचड़ा लगा सकेंगे और पम्प के सहारे लगाए गए बिचड़े को सूखने से बचा सकेंगें। बताया कि उत्तर कोयल नहर में 500 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। दो-तीन दिनों के बाद पानी की मात्रा और बढ़ाई जाएगी। नहर का पानी अभी पंसा होते हुए शिघ्र ही हुसैनाबाद प्रखंड में प्रवेश कर जाएगा।

# प्रेमिका नर्स ने ही की थी डॉक्टर अनुज यादव की हत्या, गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**एक साथ किराये के मकान में रहते थे डॉक्टर और नर्स**

डॉक्टर अनुज कुमार यादव और आरोपी नर्स छतरपुर थाना क्षेत्र के बारा में एक किराए के मकान में रह रहे थे। दोनों शादीशुदा थे और एक दूसरे को पति-पत्नी बताकर छतरपुर में रह रहे थे। हत्या की आरोपी नर्स पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली है। हत्या के बाद से वह फरार थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि डॉक्टर का शव फर्श पर पड़ा हुआ था और गाल में गमछा लपेटा हुआ है। पुलिस को पूरी घटना संदिग्ध लगी, जिसके बाद अनुसंधान शुरू किया तो पता लगा कि डॉक्टर की हत्या की गई है।

**छतरपुर/पलामू।** डॉक्टर की हत्या की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। जांच में खुलासा हुआ है कि डॉक्टर की हत्या उसकी प्रेमिका ने ही की है, जो पेशे से नर्स है। पुलिस ने आरोपित नर्स को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक डॉक्टर और नर्स विवाहित थे। बावजूद इसके दोनों एक-दूसरे से प्रेम करते थे। दोनों एक साथ छतरपुर में रहा करते थे। डॉक्टर की हत्या करने के बाद नर्स वहां से भाग गई थी। पर पुलिस ने आरोपी नर्स को पकड़ लिया। पुलिस ने पूरे मामले में छानबीन की तो कई चौंकाने वाली बात सामने आई है। पुलिस की मानें तो डॉ अनुज कुमार यादव नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के ललगड़ा का रहने वाला था। पुलिस ने बताया कि आरोपी नर्स को मेदिनीनगर इलाके से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस आगे की जांच कर रही है। प्रेम प्रसंग में घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## टेलर के धक्के से बुजुर्ग की मौत, विरोध में सड़क जाम

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** गढ़वा-पड़वा मुख्य पथ स्थित एनएच 75 पर पिपरा गांव के पास रविवार की रात टेलर के धक्के से एक वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गयी। उसकी पहचान रामजी भुइयां (60) के रूप में हुई है। वह पिपरा गांव का रहने वाले थे। पता चला है कि वे रविवार की रात नौ बजे एनएच 75 पर सड़क किनारे खड़े थे। तभी ओवरटेक करने के चक्कर में तेज रफ्तार टेलर ने धक्का मार दिया। जिससे घटना स्थल पर ही रामजी की मौत हो गयी। उधर, घटना से नाराज ग्रामीणों ने शव को बीच सड़क पर रखकर एनएच 75 को जाम कर दिया। हालांकि विश्रामपुर थाना व नौवगढ़ ओपी पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों को समझाबुझा जाम हटवा दिया।

## चार गांव के ग्रामीणों की बैठक, विधायक से ताल पंचायत में शामिल होने की मांग की



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी प्रखंड के केकरगढ़ पंचायत के जांजू, पोरसम, ठेकही एवं जोतांग गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने सोमवार की दोपहर पांकी-बालूमाथ मुख्य पथ के झुमेला महुआ में बैठक की। इस दौरान चारों गांव को केकरगढ़ पंचायत से हटाकर ताल पंचायत में जोड़ने की मांग विधायक कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता समेत प्रखंड एवं जिले के अधिकारियों से की है। बैठक में मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि चार गांव के लोगों को मुख्य सड़क से होकर केकरगढ़ पंचायत सचिवालय जाने में लगभग 25 से 30 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। वहीं, विधायक ने ग्रामीणों से कहा कि आप लोगों की मांग जायज है, इस पर जिला के आला अधिकारी के बात करूंगा। मौके पर राजेंद्र यादव, व्यास यादव, कर्मजीत सिंह, दशु सिंह आदि उपस्थित थे।

# सफलता का कोई संक्षिप्त रास्ता नहीं होता है : प्राचार्य एके सिंह

**ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में 11वीं के विद्यार्थियों के लिए स्वागत समारोह का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों के लिए स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्राचार्य डॉ एके सिंह ने किया। सर्वप्रथम कक्षा 12वीं की पूजा भारती एवं तनु सिंह द्वारा संयुक्त रुप से नृत्य पेश किया गया। 12वीं का छात्रा सिमरन राज ने 'अंग्रेजी' में भाषण दिया। जिसके बाद एंजल गुप्ता, जिया तिवारी व श्रुति रानी ने सुंदर गीत की प्रस्तुति दी। वहीं. 11वीं के विद्यार्थियों ने खुद को शिक्षकों व विद्यालय परिवार से परिचित कराया। इसी क्रम में वरिष्ठ छात्रों द्वारा आयोजित खेल प्रतियोगिता का कनिष्ठ छात्रों ने लुफ्त उठाया। वहीं, शिक्षकों ने 11वीं के विद्यार्थियों को शुभकामनाएं गी। शिक्षक दिलीप मिश्रा, बबलू प्रजापति, शिक्षिका तनुश्री एवं रागिनी ने सफलता सूत्र व कर्म प्रधानता और शैक्षिक महत्व जैसे महत्वपूर्ण संदर्भों के माध्यम से छात्रों को जीवन के रहस्य बताए। अंत में प्राचार्य ने स्वामी विवेकानंद के जीवन सिद्धांतों को अपनाने की आवश्यता पर बल दिया। कहा कि देश की युवाशक्ति जैसे भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, सुभाषचंद्र बोस और स्वामी विवेकानन्द के मार्ग का अनुसरण कर हम अपने कर्तव्य पथ को प्रशस्त करें। सफलता का कोई संक्षिप्त रास्ता नहीं है। वर्तमान समय में 95 प्रतिशत से अधिक परीक्षा परिणाम लाने का आपका ध्येय होना चाहिए। सफल कार्यक्रम के लिए उन्होंने 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों की प्रशंसा की। वहीं, छात्रा पूजा एवं तनु प्रिया ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच संचालन पूजा भारती और तनु प्रिया ने संयुक्त रुप से किया।

## विख्यात भोजपुरी ब्यास कैलाश दूबे का निधन

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रसिद्ध भोजपुरी ब्यास सह सेवानिवृत रेलकर्मी कैलाश दूबे का निधन हो गया। वे कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। रविवार को उनकी तबियत ज्यादा बिगड़ गई। परिजन उन्हें गढ़वा परमेश्वरी अस्पताल ले गये जहां इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। सोमवार को विश्रामपुर थाना क्षेत्र के गौरा गांव के शमशान घाट पर उनका दाह संस्कार किया गया। मुखाग्णी उनके नाती मृत्युंजय दूबे ने दी। बताते चलें कि कैलाश दूबे पत्रकार ब्रजेश दुबे के चचेरे चाचा थे।

## सेवानिवृत्ति पर डीसी के आदेशपाल को दी गयी विदाई



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त कार्यालय पलामू के आदेशपाल नंदलाल प्रसाद गुप्ता को उनके सेवानिवृत्ति पर आज विदाई दी गयी ।समाहरणालय के सभागार में आयोजित विदाई समारोह में उपायुक्त शशि रंजन ने नंदलाल प्रसाद गुप्ता के उज्जवल भविष्य की कामना की ।उनकी सेवानिवृत्ति पर बधाई देते हुए कहा कि श्री गुप्ता ने 16 साल से अधिक ईमानदारी पूर्वक अपने कार्य-दायित्वों का निर्वहन किया ।इस दौरान करीब एक वर्ष श्री गुप्ता मेरे साथ कार्य किये ।हंसी-खुशी सफर को पूरा किया ।लगन और उत्साह के साथ कार्यों को पूरा किया ।उन्होंने भरोसा किया किया कि उनके अनुभव का लाभ कार्यालय के अन्य कर्मियों को मिलता रहे ।उन्होंने कहा कि रिटायरमेंट के बाद बहुत सारी यादें रह जाती हैं ।हमारे जिंदगी में कहीं न कहीं ऑफिस समाहित हो जातीं हैं ।यहां से इनका एक नया पड़ाव प्रारंभ होगा ।उपायुक्त श्री रंजन ने उनके बेहतर सेवाकाल व आगामी भविष्य में उनके बेहतर स्वास्थ्य लाभ की कामना की ।वहीं श्री गुप्ता ने अपने सेवाकाल में सहयोग करने को लेकर सभी को धन्यवाद दिया ।इस अवसर पर जिले के विभिन्न पदाधिकारी समेत बड़ी संख्या में लिपिक व अनुवेसक उपस्थित रहे ।ज्ञातव्य है कि उपायुक्त

# स्पोर्ट्स



विकेटकिपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को रॉयल चैलेंजर्स बेगलुरू ने अपना बैटिंग कोच और मेंटर नियुक्त किया है। इस बारे में सोशल मीडिया पोस्ट में आरसीबी की ओर से उक्त जानकारी दी गयी है।

# दिनेश कार्तिक बने आरसीबी के बैटिंग कोच और मेंटर

## आरसीबी फ्रेंचाइजी ने एलान किया, कार्तिक ने इसी साल लिया था संन्यास



**नई दिल्ली (आजाद सिपाही)।** विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने अपना बैटिंग कोच और मेंटर नियुक्त किया है। इस बारे में एक सोशल मीडिया पोस्ट में आरसीबी की ओर से जानकारी दी गई। कार्तिक ने क्रिकेट के हर फॉर्मेट के साथ इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) से संन्यास लेने का आधिकारिक ऐलान इसी साल एक जून को किया था। वहीं, आरसीबी ने अपने पोस्ट में लिखा, हमारे कीपर का हर मायने में स्वागत है, दिनेश कार्तिक, एक नए अवतार में आरसीबी में वापस। डीके आरसीबी मेंस टीम के बैटिंग कोच और मेंटर होंगे। आप क्रिकेट से इस शख्स को निकाल सकते हैं, लेकिन शख्स से क्रिकेट को नहीं। उन्हें ढेर सारा प्यार दें, 12वें मैन आर्मी।

### 2 आइसीसी ट्रॉफी जीतीं

दिनेश कार्तिक भारत के साथ 2 आइसीसी ट्रॉफी जीत चुके है। इसमें 2007 टी-20 वर्ल्ड कप और 2013 चैंपियंस ट्रॉफी शामिल है। कार्तिक ने भारत के लिए 26 टेस्ट, 94 वनडे और 60 टी-20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले हैं। कार्तिक ने आइसीसी ट्रॉफी के साथ ही साल 2010 और 2018 में भारत के साथ एशिया कप भी जीता है। कार्तिक ने साल 2022 में भारत के लिए बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 वर्ल्ड कप में अपना आखिरी इंटरनेशनल मुकाबला खेला था।.

### एक आइपीएल ट्रॉफी जीती

कार्तिक अब तक सभी आइपीएल सीजन खेलने वाले कुछ खिलाड़ियों में शामिल हैं। उन्होंने इस लीग में 257 मैच खेले और 26.32 की औसत से 4,842 रन बनाए। कार्तिक ने आरसीबी के अलावा कोलकाता नाइट राइडर्स, मुंबई इंडियंस, दिल्ली डेयरडेविल्स, गुजरात लायंस और किंग्स इलेवन पंजाब के लिए भी खेला। उन्होंने इकलौती आइपीएल ट्रॉफी साल 2013 में मुंबई इंडियंस में रहते जीती थी।

### जन्मदिन पर किया था संन्यास का एलान

दिनेश कार्तिक इसी साल एक जून को ही 39 साल के हुए हैं, इस मौके पर उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए सन्यास की घोषमा की थी उन्होंने रिटायरमेंट नोट के साथ एक वीडियो भी शेयर किया। इस वीडियो में कार्तिक के करियर के अहम पलों की फोटोज शामिल हैं।

## आइसीसी ने टी-20 वर्ल्डकप की टीम ऑफ द टूर्नामेंट चुनी

**रोहित शर्मा, हार्दिक पंड्या और बुमराह समेत भारत के 6 खिलाड़ी शामिल, कोहली को नहीं मिली जगह**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आइसीसी ने टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए टीम ऑफ द टूर्नामेंट की घोषणा कर दी है। टाइटल जीतने वाली भारतीय टीम के छह खिलाड़ियों को इस टीम में आइसीसी ने जगह दी है। स्टार बैटर विराट कोहली को इस टीम में जगह नहीं मिली है। वहीं, रनरअप रही साउथ अफ्रीका टीम का कोई भी खिलाड़ी टॉप 11 में जगह नहीं बना सका है। एनरिक नॉर्त्या को 12वां प्लेयर चुना गया है।

# दीपक अग्रवाल बने झारखंड स्क्वैश रैकेट एसोसिएशन के नये अध्यक्ष

## स्क्वैश रैकेट एसोसिएशन की वार्षिक बैठक में नयी टीम घोषित




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड स्क्वैश रैकेट एसोसिएशन की विशेष वार्षिक बैठक सोमवार को स्थानीय होटल में हुई। जिसमें झारखंड स्क्वैश रैकेट एसोसिएशन वर्ष 2024-27 के लिए कार्यकारणी सदस्यों की घोषणा की गई। चुनाव पदाधिकारी झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष शिवेंदु दूबे ने नई टीम की घोषणा करते हुए बधाई और शुभकामनाएं दी। स्क्वैश रैकेट एसोसिएशन का नया अध्यक्ष दीपक कुमार अग्रवाल (रांची) को बना.। गया है। इसके अलावा संगठन के उपाध्यक्ष स्मिता आनंद (गोड्डा), सीडी सिंह (रामगढ़) और आशीष झा (देवघर), महासचिव वरुण कुमार (दुमका), कोषाध्यक्ष विपुल कुमार (सिमडेगा), संयुक्त सचिव सरोज कुमार यादव (जामताड़ा), आशीष बनर्जी (रांची), कार्यकारणी सदस्यों में एनएन मल्लिक (जमशेदपुर), अभिषेक कुमार पांडेय (धनबाद), मुकेश कुमार (गिरिडीह), अमित पाठक (हजारीबाग) को चुना गया है। बैठक में सीए सौरभ टेकरीवाल को ऑडिटर बनाया गया। बैठक में दो महीने के अंदर अन्य जिलों में भी नई कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही जिस जिले में स्क्वैश कोर्ट बने हुए है, वहां पर गतिविधियों को बढ़ाने एवं जहां नहीं बनी है वहां बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सीईओ वरुण कुमार ने एसोसिएशन की गतिविधियों की जानकारी सदस्यों को दी। वहीं, नए अध्यक्ष ने कहा कि एसोसिएशन का काम कागज पर नहीं, बल्कि धरातल पर दिखेगा। एसोसिशन को मिलजुल कर आगे बढ़ाएंगे। बैठक में एसोसिएशन के सचिव स्वर्गीय डॉ बीके मिश्रा के निधन पर मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इसके अलावा रांची की आध्या बुधिया को पाकिस्तान के इस्लामाबाद में एशियाई जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप गर्ल्स अंडर-13 में गोल्ड मिलने पर बधाई दी गई। आध्या के रांची आने के बाद उन्हें सम्मानित करने का भी निर्णय लिया गया। इस बैठक में रांची, जमशेदपुर, देवघर, दुमका, साहेबगंज सहित लगभग 19 जिलो के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

**कार्रवाई:** हत्याकांड की गुत्थी का पुलिस ने किया उद्भेदन, आरोपितों के पास से बंदूक, कारतूस व दो बाइक बरामद

# लूटपाट का विरोध करने पर हुई थी हत्या, पांच गिरफ्तार

**आरोपित ने कहा- क्रोधवश चल गयी थी गोली, हत्या करने का नहीं था कोई इरादा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**


पकड़े गये आरोपितों की जानकारी देते पुलिस के आला अधिकारी।

**धनबाद।** जिले के लॉ कॉलेज ग्राउंड के पास विगत दिनों अमरदीप भगत नामक एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। जिसकी गुत्थी सुलझाते हुए पुलिस ने कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान आकाश राम, प्रेमडोम उर्फ सोना, सन्नी मंडल, मुकेश कुमार और बिट्टू कुमार उर्फ टकलू के रूप में हुई है। इनके पास से हत्याकांड में इस्तेमाल की गई पिस्टल, दो जिंदा कारतूस और दो बाइक जब्त की गयी है। इसकी जानकारी एसएसपी एचपी जनार्दनन ने दी। वे सोमवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपितों ने खुलासा किया है कि अमरदीप भगत से छिनताई करने की कोशिश कर रहे थे। तब उसने इसका विरोध किया। इससे नाराज होकर प्रेम डोम उर्फ सोना ने पिस्टल निकाल कर अमरदीप को गोली मार दी थी। उनकी गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर धनबाद के विभिन्न क्षेत्रों में छापामारी की गई। सबसे पहले आकाश राम को देशी कट्टे के साथ गिरफ्तार किया गया। उससे सख्ती से पूछताछ करने पर उसने अपने साथियों प्रेम डोम, सन्नी मंडल, मुकेश और बिट्टू का नाम बताया, जिनकों गिरफ्तार किया गया। एसएसपी की मानें तो पकड़े गए आरोपितों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। वहीं, अमरदीप भगत से छीनी गयी पर्स, मोबाइल फोन और सोने की अंगूठी भी बरामद कर ली गयी है। उधर, छापामारी दल में पुलिस उपाधीक्षक (विधि व्यवस्था) दीपक कुमार, रामनारायण ठाकुर, वकार हुसैन, मनोज पांडे, सोनू कुमार, राकेश कुमार राम, संतोष कुमार रवि, साधन कुमार, सुमन सौरभ, पिंकू कुमार और धर्मराज कुमार शामिल थे।

## फ्लैट में संचालित साइबर ठग गिरोह का भंडाफोड़, नौ गिरफ्तार

**फर्जी तरीके से वेबसाइट बनाकर ऑनलाइन गेमिंग खिलाने के नाम पर किया करते थे ठगी**

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के नावाडीह स्थित सन ब्राईट अपार्टमेट के प्रथम तल्ले पर स्थित एक फ्लैट में संचालित साइबर ठग गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने कुल नौ साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से दर्जनों मोबाईल फोन, केडिट-डेबिट कार्ड, पासबुक और पांच लैपटॉप सहित कई अन्य सामान बरामद किया गया। उक्त फ्लैट सोमनाथ सिंह नामक व्यक्ति का बताया जा रहा है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान पवन कुमार, विनोद पाल, विकास कुमार, विनीत कुमार पांडे, सुजल कुमार, बालाजी, मुकुल कुमार, बिट्टू कुमार और दुर्गा राणा के रूप में की गयी है। इसकी जानकारी धनबाद के एसएसपी एचपी जर्नादनन ने दी। वे सोमवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि नावाडीह स्थित सन ब्राईट अपार्टमेट में साइबर ठगी के गिरोह द्वारा आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दिए जाने की मिली गुप्त सूचना पर पुलिस उपाधीक्षक (साईबर अपराध रोकथाम) के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। जिसने योजनाबद्ध तरीके से छापामारी कर उक्त अपार्टमेंट के प्रथम तल्ले पर स्थित फ्लैट से नौ लोगों को गिरफ्तार किया। एसएसपी की मानें तो प्रारंभिक पूछताछ में पकड़े गए आरोपितों ने बताया कि उनके द्वारा बनाये गये 'रेडी बुक' नामक वेबसाईट के जरिये लोगों को वाट्सऐप के माध्यम से जुड़कर ऑनलाईन गेमिंग के नाम पर अलग-अलग फर्जी बैंक खातों में पैसे जमा करा लेते थे। जिसके बदले उन्हें डिजिटल क्वाईन उपलब्ध कराकर ऑनलाईन गेम खिलाने के नाम पर ठगी की जाती थी। इसके अलावा ग्राहक को केडिट-डेबिट कार्ड बंद होने का झांसा देकर उनसे कार्ड का विवरण लेने के बाद ठगी की जाती थी। पुलिस ने पकड़े गए सभी ठगों से पूछताछ कर इनके गिरोह में शामिल अन्य लोगों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। वहीं, छापामारी दल में पुलिस उपाधीक्षक संजीव कुमार, पुलिस निरीक्षक प्रमोद पांडे, साइबर थाना प्रभारी ब्रजकिशोर सिंह, गौरव कुमार, पंकज कुमार, राहुल झा, अनिल, अंबुज बाउरी और दीपक पासवान शामिल थे।

## इनमोसा का बीसीसीएल मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** सुपरवाइजरी स्टाफ की विभिन्न मांगों को लेकर इनमोसा के बैनर तले बीसीसीएल मुख्यालय कोयला भवन के समक्ष सोमवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। इनमोसा के उपमहामंत्री कुश सिंह ने कहा कि सुपरवाइजरी स्टाफ के चार्ज अलाउंस में बढ़ोतरी, सेंट्रल अस्पताल में माइनिंग सरदार व ओवरमैन को केबिन की सुविधा मुहैया कराने व कोल इंडिया की सभी समितियों में इनमोसा को शामिल करने की मांग लंबे समय से किया जा रहा है। पर इस पर सकारात्मक पहल नहीं हो रही है। इसी कारण इनमोसा ने आंदोलन का निर्णय लिया है। प्रवक्ता ने कहा कि बीसीसीएल हमारी मांगों को जल्द नहीं मानती तो इससे भी उग्र आंदोलन होगा।


**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी**
**(जिला योजना)**

**अति अल्पकालीन पुर्ननिविदा**

विशेष केन्द्रीय सहायता मद अन्तर्गत एंटी-क्राईम चेकिंग तथा विधि-व्यवस्था डियूटी संधारण के लिए बैरिकेड के क्रय एवं आपूर्त्ति हेतु मानक स्तर के कम्पनियों/प्रमाणित बिक्रेताओं/उनके अधिकृत बिक्रेताओं से शर्त्तों के अनुरूप मुहरबंद अति अल्पकालीन पुर्ननिविदा आमंत्रित की जाती है। बैरिकेड का Specification निम्नवत् है :-

| SL No. | Name of Item | Specification |
|---|---|---|
| 1 | Sliding Barricades | Iron Material, Size- 4X6, Yellow Colour coated, Reflective Sticker on Pipes, Printed with "District Administration, Khunti & Khunti Police along with Road Safety Slogan/Message |

इच्छुक कम्पनियां/प्रमाणित बिक्रेताएं/उनके अधिकृत बिक्रेताएं **दिनांक 12.07.2024 के अपराह्न 01:00 बजे तक** निम्नांकित शर्त्तों के अनुरूप अपना मुहरबंद निविदा एवं विस्तृत विवरणी जिला योजना कार्यालय, विकास भवन, खूँटी में जमा कर सकते हैं, निर्धारित तिथि एवं समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। प्राप्त निविदाओं को **दिनांक 12.07.2024 के अपराह्न 03:30 बजे** जिला क्रय समिति के समक्ष खोला जायेगा।

पुर्ननिविदा की अन्य शर्त्तें समाहरणालय, खूँटी के वेबसाईट https://www.khunti.nic.in से डाऊनलोड किया जा सकता है अथवा जिला योजना कार्यालय, खूँटी से प्राप्त किया जा सकता है।

**PR 328344 Planning and Development(24-25)#D**

ह0/
उपायुक्त, खूँटी


## महत्वपूर्ण न्यूज

### धनबाद विधायक राज सिन्हा ने पीसीसी पथ निर्माण करा कर लोगों को किया समर्पित




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** विधायक राज सिन्हा ने सोमवार को बैंक मोड़ मंडल अंतर्गत मटकुरिया बस्ती में आंगनबाडी केंद्र से कपिल गोस्वामी के घर तक 300 फीट पीसीसी पथ निर्माण कराकर जनसेवा में समर्पित किया। इस अवसर पर विधायक ने ग्रामीणों के बच्चों को अपने हाथों से मिठाई बांटी। साथ ही भाजपा द्वार चलाये जा रहें 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत दर्जनों वृक्षारोपण भी किया। मौके पर बैंक मोड़ मण्डल अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह सोनू, जिला महामंत्री रवि सिन्हा, नीरज सिन्हा, बृजमोहन प्रसाद, रोहित विश्वकर्मा, प्रेम श्रीवास्तव, सुनीता देवी, छबिला देवी, अनीता देवी, गीता देवी, कंचन देवी, मीरा देवी आदि उपस्थित थे।

### बीसीसीएल के सीएमडी समीरण दत्ता ने 150 युवक-युवतियों को बांटे नियुक्ति पत्र



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल की ओर से सोमवार को कोलकाता परमीत फाऊंडेशन के साथ मिलकर साझा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया था। जिसमें प्रशिक्षण के बाद 101 युवतियों और 49 युवकों को रोजगार मुहैया कराया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम 960 घंटे का था। जिसके बाद रतन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, एसबी एक्सप्रेस कार्गो लिमिटेड, वाईब्रेंट इन्फोकॉम प्राइवेट लिमिटेड, आरोहा आविष्कार, कई फाइनेंशियल ग्रुप में युवाओं ने रोजगार प्राप्त किया। सीएमडी समीरन दत्ता ने कहा कि आज खुशी का समय है। प्रशिक्षण कार्यक्रम को पूरा करने वाले 100 फीसदी लोगों को रोजगार मुहैया कराया गया है। यह सारे बच्चे हमारे धनबाद के ही है। सीएसआर के तहत ट्रेनिंग मद में 41 लाख 74 हजार रुपये खर्च किया गया है। सीएमडी ने कहा कि अभी तीन ट्रेनिंग सेंटर चल रहा है। आने वाले दिनों में इसे 10 गुना किया जाएगा, ताकि यहां के लोगों को ज्यादा से ज्यादा इसका फायदा मिल सके। हमारा उद्देश्य है कि यह बच्चे सिर्फ राज्य ही नहीं पूरे देश में अपना नाम रोशन करें। वहीं बीसीसीएल के निदेशक पर्सनल मुरली कृष्ण रमैया ने कहा कि इस कार्यक्रम की सफलता से काफी खुश हूं। बताया कि पूर्व में भी इस तरह के कई कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं, जिसमें हजारों बच्चों को इसका लाभ मिल चुका है। वहीं, चीफ जनरल मैनेजर पर्सनल और सीएसआर विद्युत शाह ने कहा कि रविंद्र नाथ टैगोर ने कहा था एक पुरुष को नौकरी मिलता है तो उसका विकास होता है। मगर एक महिला को नौकरी मिलती है तो पूरे परिवार का विकास होता है। परमीत फाउंडेशन के चीफ पेट्रोन प्रसनजीत कुंडू ने कहा कि बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता, निदेशक पर्सनल मुरली कृष्ण रमैया, जीएम सीएसआर विद्युत शाह का युवकों को नौकरी दिलाने की इस सफलता में उनका काफी योगदान है। उम्मीद हैं आगे भी वह इस तरह हम लोगों को सहयोग करते रहेंगे।

### रोटरी क्लब ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन



**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** रोटरी क्लब ऑफ गिरिडीह की ओर से सोमवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन निवर्तमान जिला गवर्नर शिव प्रकाश बगड़िया ने किया। इस दौरान कुल 40 लोगों ने रक्तदान किया। रोटरी की ओर से डॉक्टर डे एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट डे पर शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ मो आजाद, डॉ राम रतन केडिया, डॉ शशि भूषण चौधरी, डॉ मीता साव, डॉ विकास माथुर, डॉ विनय गुप्ता, डॉ सौहेल अख्तर, डॉ विकास लाल एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट प्रभाष कुमार दत्ता, सीए संजय शर्मा, सीए विकास बगड़िया को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में गिरिडीह रोटरी क्लब के नए अध्यक्ष रवि चूड़ीवाला, सचिव मयंक राजगढ़िया, रक्तदान शिविर के संयोजक डॉ तारक नाथ देव, अमित अग्रवाल, मनीष वर्णवाल आदि की भूमिका सराहनीय रही।

# नावाडीह के गुंजरडीह डकैतीकांड का खुलासा, पांच डकैत गिरफ्तार

**27 जून की रात को महिला के घर में धावा बोल कर डकैती की घटना को दिया था अंजाम**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बोकारो।** नावाडीह थाना क्षेत्र के गुंजरडीह में विगत दिनों हुई डकैतीकांड का उद्भेदन करते हुए पांच डकैतों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसकी जानकारी बोकारो के पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश ने दी। वे सोमवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि डकैतीकांड के बाद मामले के उद्भेदन के लिए एसआइटी का गठन किया गया था। जांच टीम ने गुंजारडीह गांव में हुई डकैती का खुलासा करते हुए पांच डकैतों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से लूटे गए सामान और दो बाइक भी बरामद की गई हैं। उन्होंने बताया कि तकनीकि शाखा के सहयोग से नावाडीह थाना क्षेत्र के बिरनी और गुंजरडीह गांव में छापामारी की गयी, जहां से तीन डकैतों गुड्डु रवानी, मिथुन कुमार महतो और संजय कुमार कोड़ा उर्फ संजय मोदी, अमर कुमार चौहान और दुलार चंद्र कुमार को गिरफ्तार किया गया। तीनों रामगढ़ जिले के नयी सराय अंतर्गत अरगड्डा गांव के रहने वाले हैं। इनके पास से घटना में इस्तेमाल बाइक, मंगलसूत्र और पैसों का बंटवारा वाले जगह पर गुल्लक का टूटा अवशेष बरामद किया गया। पकड़े गये आरोपितों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। बतातें चलें कि विगत 27 जून की रात में नावाडीह थाना क्षेत्र के गुजरडीह गांव स्थित शांति देवी के घर में अज्ञात डकैतों ने धावा बोल कर घटना को अंजाम दिया था। इसके बाद शांति देवी के लिखित आवेदन पर नावाडीह थाना में मामला दर्ज किया गया था। छापामारी दल में शामिल बेरमो एसडीपीओ बीएन सिंह, बेरमो इंस्पेक्टर नवल किशोर सिंह, नावाडीह थाना प्रभारी रवि कुमार, थाना प्रभारी, पेंक नारायणपुर थाना प्रभारी अनिल लिण्डा, पुअनि बिपिन चंद्र महतो कुमार, पुअनि मिथिलेश, हवलदार बिहारी महतो, नरेंद्र कुमार सिंह, कौशलेन्द्र कुमार, सोहराब अंसारी और लखी नारायण लोहरा शामिल थे।

## बैंक दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बैंक दिवस पर सेक्टर चार स्थित एसबीआइ क्षेत्रीय व्यवसायिक कार्यालय प्रांगण में सोमवार को बोकारो जनरल अस्पताल के तत्वाधान में रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। जिसमें एसबीआइ के कर्मचारियों ने 20 यूनिट रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का उद्देश्य थैलेसिमीया के मरीजों को रक्त मुहैया कराना, खून की कमी से लोगों की जान न जाए, इसलिए लोगों के बीच जागरूकता फैलाना है। बीजीएच के एडिशनल मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि रक्तदान करने से दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे का संयोग कम होता है। उन्होंने कहा कि 18 साल से 60 साल के तक कोई भी स्वस्थ व्यक्ति स्वेच्छा से साल में तीन बार रक्तदान कर सकता है। इससे शरीर के किसी अंग में कमजोरी नहीं आती है।


**DIRECTORATE OF AGRICULTURE, JHARKHAND, RANCHI**
**Krishi Bhawan, Kanke Road, Ranchi-834008**

**Short Notice –Request for Proposal(RFP)**

**RFP Reference no.-Agri/02/2024-25 Dated: 28.06.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Request for proposal for Design, Development, Implementation and Maintenance of MIS Online Platform for all the activities under Kisan Samriddhi Yojana using Blockchain Technology |
| 2 | Time of Completion | 30 Days |
| 3 | RFP Documents Cost | Rs. 10000 (Rupees Ten T housand only) |
| 4 | EMD Amount | Rs. 3,00,000/- (Rupees Three Lakh only) |
| 5 | Date of Publication of RFP on website | 28/06/2024 (06:00 PM) |
| 6 | RFP Downloading Start Date | 28/06/2024 (06:00 PM) |
| 7 | Date and Time of Pre-Bid meeting | 04/07/2024 (03:00 PM) |
| 8 | Online RFP Submission Period | 06/07/2024 (05:00 PM) to 13/07/2024 (02:00PM) |
| 9 | RFP Opening Date and place | 15/07/2024 (03:00 PM) Directorate of Agriculture, Krishi Bhawan, 1st Floor Kanke Road, Ranchi - 834008. |
| 10 | Name & Address of the RFP Inviting Authority | Director Agriculture, Directorate of Agriculture, Krishi Bhawan 1st Floor Kanke Road, Ranchi - 834008. |
| 12 | Contact no. of procurement officer | 8210977085 / 8083661082 |
| 13 | Helpline no. of procurement cell | 0651-2233549 |

**Further details can be seen on website-http://jharkhandtenders.gov.in**

PR 328276 (Agriculture) 24-25 (D)

Sd/-
Director Agriculture,
Jharkhand, Ranchi.


# अदालत की ओर से भेजे गये समन का अतिशीघ्र तामिला हो: न्यायाधीश

## राष्ट्रीय लोक अदालत में पुलिस की भूमिका अहम : रश्मि

**आजाद सिपाही संवाददाता**







**तेनुघाट।** देश की सर्वोच्च न्यायालय, झारखंड उच्च न्यायालय एवं बोकारो के प्रधान जिला जज के निर्देश पर सोमवार को तेनुघाट व्यवहार न्यायालय परिसर में पुलिस पदाधिकारी के साथ बैठक की गयी। जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए अनुमंडल के पुलिस प्रशासन के साथ हुई बैठक की अगुवाई कर रहे व्यवहार न्यायालय के जिला जज प्रथम अनील कुमार ने कई निर्देश दिया। कहा कि 13 जुलाई को लगने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जो भी नोटिस भेजा जाए, उस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित व्यक्ति तक पहुंचाया जाए, ताकि अधिक से अधिक मामले का राष्ट्रीय लोक अदालत में निष्पादन संभव हो सके। बैठक में उपस्थित बैंक अधिवक्ता सहित अन्य विभाग के पदाधिकारियों को राष्ट्रीय लोक अदालत के निष्पादन में सहयोग करने को लेकर कई निर्देश दिया गया। वहीं, कुटुंब न्यायालय प्रेम नाथ पांडेय ने बताया कि लोक अदालत की सफलता के लिए सभी का सहयोग बहुत जरूरी है। वहीं नए कानून के अनुसार काम करने के बारे मे भी बताया। जिला जज द्वितीय सूर्य मणि त्रिपाठी ने बताया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए बिजली विभाग के अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन होने के लिए सभी को नोटिस भेजा जा रहा है। कहा कि जो भी नोटिस थाना में पहुंचे, उसे उस व्यक्ति तक पहुंचाया जाए, ताकि वह अपना मामला न्यायालय में आकर निष्पादन करा सके। एसीजेएम मनोज कुमार प्रजापति ने भी नोटिस तामील कराने को लेकर कई निर्देश दिये। बैठक में मौजूद पुलिस पदाधिकारी ने न्यायिक पदाधिकारियों को यह आश्वासन दिया कि जितने भी नोटिस थाना में पहुंचेंगे, सभी का तमिल होगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन करवाने में वे भी न्यायालय का पूरी तरह सहयोग करेंगे। उधर, मंच संचालन कर रहे एसडीजेएम सह अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति के सचिव रश्मि अग्रवाल ने बताया कि पिछले बार भी राष्ट्रीय लोक अदालत में पुलिस प्रशासन का काफी सहयोग मिला था। जिससे कई मामलों का निष्पादन किया जा सका था। उम्मीद है इस बार भी हमें पुलिस प्रशासन का पूरा सहयोग मिलेगा। जिससे हम अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन करवा सकेंगे। उन्होंने नए कानून को लेकर भी पुलिस पदाधिकारियों को जानकारी दी। बैठक में सब जज द्वितीय राजेश रंजन कुमार, मुंसिफ शिवराज मिश्रा, वरीय अधिवक्ता सुभाष कटरियार, शैलेश चंद्र, जीवन सागर, कल्याणी आदि ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। मौके पर पुलिस प्रशासन की ओर से अजीत कुमार, अशोक कुमार, शैलेंद्र कुमार सिंह, शशि शेखर कुमार, जितेंद्र कुमार, श्री निवास सिंह, मनीष कुमार, सुमन कुमारी, जीतेश कुमार, रजी अहमद, अर्जुन राम आदि मौजूद थे।


**उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा**
**(आपूर्ति शाखा)**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखंड राँची के पत्रांक 1876 दिनांक-16-05-2016 द्वारा मुख्यमंत्री दाल-भात योजना के अंतर्गत केन्द्रों पर चावल, चना एवं सोयाबीन बड़ी की आपूर्ति करने हेतु निविदा के द्वारा आपूर्तिकर्त्ता का चयन करने का निदेश है। वित्तीय वर्ष 2024-25 अंतर्गत माह अगस्त, 2024 से मार्च, 2025 तक की अवधि में कोडरमा जिला में अवस्थित कोडरमा शहरी क्षेत्रों के लिए 03 केन्द्रों, प्रखंड स्तर पर 06 केन्द्रों इस प्रकार कुल 09 केन्द्रों पर लाभुकों को दाल-भात के साथ चना/सोयाबीन बड़ी देने का प्रावधान है।

सभी मुख्यमंत्री दाल-भात केन्द्र पर कार्यालय के द्वारा निर्धारित मात्रा के अनुसार चावल प्रति व्यक्ति 200ग्राम की दर से शहरी क्षेत्र में 80 किलोग्राम, नगर पंचायत क्षेत्र में चावल 60 किलोग्राम एवं ग्रामीण क्षेत्र में चावल 40 किलोग्राम प्रतिदिन एवं 12.5 ग्राम के दर से शहरी क्षेत्र में प्रति केन्द्र 5 Kg नगर पंचायत क्षेत्र में 3.5 Kg एवं ग्रामीण क्षेत्र में 2.5 Kg प्रतिदिन के हिसाब से चना/सोयाबीन बड़ी आपूर्ति करने हेतु इच्छुक एवं निम्नांकित अहर्ता रखने वाले विक्रेताओं/आपूर्तिकर्ता से दिनांक 16-07-2024 को 01:00 बजे अपराह्न तक निविदा आमंत्रित किया जाता है। (**लाभुकों की उपस्थिति के अनुसार चावल, चना/सोयाबीन बड़ी की मात्रा घटाया भी जा सकता है**) साथ हीं निविदा उसी दिन 03:00 बजे अपराह्न में खोला जायेगा, जिसमें निविदादाता या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है। निविदा की तकनीकी बीड़ एवं वित्तीय बीड के लिए अहर्ताएँ koderma.nic.in पर या कार्यालय के सूचना पट् पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त,
कोडरमा

**PR 328238 Food Public Distribution and Consumer Affairs(24-25)#D**



आज़ादी का अमृत महोत्सव
स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर
स्वच्छ सर्वेक्षण 2024

**कार्यालय, नगर पंचायत, बुण्डू (राँची)**
पता- ब्लॉक रोड, बुण्डू, पिन - 835204
**Email Id- nagarpanchayatbundu@gmail.com**

पत्रांक - दिनांक -

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वन, पार्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा अधिसूचित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (संशोधन) नियम 2021 के नियम 4 (2) के द्वारा 1 जुलाई 2022 से पोलीस्टाइरीन और विस्तारित पोलीस्टाइरीन वस्तुओं सहित निम्नलिखित एकल प्रयोग-प्लास्टिक (Single Use Plastic) वस्तुओं की विनिर्माण, आयात, भण्डारण, वितरण, बिक्री और उपयोग को प्रतिबंधित किया गया है

क. प्लास्टिक स्टिक युक्त ईयरबड्स, गुब्बारों के लिए प्लास्टिक की डंडिया, प्लास्टिक के झंडे, कैंडीस्टिक, आईस्क्रीम की डंडिया, पोलीस्टाईरीन (थर्मोकोल) की सजावटी सामग्री ।

ख. प्लेटें, कप, गिलास, कांटे-चम्मच, चाकू, स्ट्रॉ, ट्रे जैसे कटलरी, मिठाई के डिब्बों के इर्द-गिर्द फेंकने या पैक करने वाली फिल्में, निमंत्रण कार्ड और सिगरेट पैकेट, 100 माईक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक या पीवीसी बैनर, स्टिकर ।

ज्ञातव्य हो कि प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (संशोधन) नियम 2021 के प्रावधान के अन्तर्गत 30 सितम्बर 2021 से 75 microns से कम thickness एवं 31 दिसम्बर 2022 से 120 microns से कम thickness के प्लास्टिक कैरीबैग के विनिर्माण, आयात, भण्डारण,वितरण, ब्रिकी एवं उपयोग को प्रतिबंधित किया गया है ।

अतः सूचित किया जाता है कि प्लास्टिक के स्थान पर जूट, कागज व कपड़े के थैलों या अन्य Bio-degradable विकल्पों का उपयोग करें। थर्मोकोल से बने थाली एवं प्लेट में भोजन करने से कैंसर जैसे विविध असाध्य बीमारियों के होने की प्रबल संभावना रहती है, इसलिए इसके स्थान पर साल वृक्ष आदि के पत्तो से निर्मित पत्तल एवं प्लेट का उपयोग किया जाय तथा सरकार की प्लास्टिक मुक्त मुहिम में सहयोग करें । उपरोक्त प्रतिबंधित सामग्री के विनिर्माण, आयात, भण्डारण, वितरण, ब्रिकी या उपयोग करते हुए पाये जाने पर उपयोग कर्ता, दुकानदार एवं अन्य व्यापारी वर्ग के विरूद्ध प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (संशोधन) नियम 2021 तथा नगरपालिका अधिनियम 2011 की सुसंगत धाराओं के तहत आर्थिक दंड के साथ-साथ विधि सम्मत कड़ी कार्रवाई की जाएगी ।


प्रशासक
नगर पंचायत, बुण्डू

PR 328319 Urban Development(24-25)D

# एम्स भुवनेश्वर के बाल चिकित्सा विभाग को मिला रीथिंक इंडिया आरोग्य भूषण पुरस्कार

- नवोन्मेषी ब्रोंकोस्कोपिक हस्तक्षेप प्रक्रिया ख्याति दिलाती है
- एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक डॉ आशुतोष विश्वास ने टीम को बधाई दी

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** एम्स भुवनेश्वर के बाल रोग विभाग की बाल चिकित्सा पल्मोनोलॉजी और आईसीयू टीम को रीथिंक इंडिया द्वारा प्रतिष्ठित डॉ केशव बलिराम हेडगेवार आरोग्य भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। विभाग की ओर से प्रो (डॉ) रश्मी रंजन दास एवं अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ कृष्ण मोहन गुल्ला ने विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, नयी दिल्ली में आयोजित एक विशेष समारोह में पुरस्कार प्राप्त किया।

एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक डॉ आशुतोष विश्वास ने पुरस्कार के लिए टीम को बधाई दी और विभाग को ऐसी नवीन प्रक्रियाओं को जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया। यह पुरस्कार टीम की नवोन्मेषी ब्रोंकोस्कोपिक हस्तक्षेप प्रक्रिया के परिणामस्वरूप प्रदान किया गया। कम आक्रामक लचीली ब्रोंकोस्कोपी का उपयोग करते हुए, उन्होंने 22 जनवरी 2024 को एक 9 वर्षीय बच्चे के फेफड़ों के बायें निचले लोब ब्रोन्कस पार्श्व खंड से 4 सेमी लंबी सिलाई सुई को सफलतापूर्वक हटा दिया। इस प्रक्रिया ने लड़के को फेफड़ों की एक बड़ी सर्जरी से बचा लिया। तेज विदेशी शरीर को हटा दें।

गौरतलब है कि विभाग राज्य और आसपास के क्षेत्रों में उन्नत बाल चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रहा है और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्टता की अपनी यात्रा जारी रखे हुए है। रीथिंक इंडिया एक एक्शन-कम-एडवोकेसी मंच है, जो समर्पित एम्सोनियन और आईआईटियन के एक समूह द्वारा संचालित है, जिसका उद्देश्य सर्वांगीण राष्ट्रीय उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है।

# गुलमोहर अस्पताल में फिजियोथेरेपी विभाग के नये परिसर का उद्घाटन

- डॉ अंचल कुमार, डॉ रचना ए कुमार और डॉ कपिलदेव बानरा ने संयुक्त रूप से किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** डॉक्टर डे के अवसर पर सोमवार को गुलमोहर अस्पताल में फिजियोथेरेपी विभाग के नये परिसर का उद्घाटन किया गया। डॉ अंचल कुमार, डॉ रचना ए कुमार और डॉ कपिलदेव बानरा ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। यह नया परिसर फिजियोथेरेपी के नये और अत्याधुनिक उपकरणों से लैस है। अब यहां हड्डी, नस और स्पोर्ट्स इंजुरी से संबंधित जटिल से जटिल रोगों का इलाज फिजियोथेरेपी पद्धति से किया जायेगा। इसके अलावा जन्मजात बीमारी, पुराने से पुराने जोड़ों का दर्द, हड्डी टूटने के बाद अंगों की विकृति का इलाज, कमर और गर्दन दर्द के साथ-साथ लिंगामेंट का रिहैब्लीटेशन और लकवाग्रस्त व्यक्तियों का फिजियोथेरेपी एवं पुनर्वास फिजियोथेरेपिस्ट डॉ राजीव रंजन एवं उनके नौ सदस्यों की टीम द्वारा किया जायेगा। साथ ही स्पेशलिस्ट फिजियोथेरेपिस्ट भी कंसलटेंट के रूप में गुलमोहर फिजियोथेरेपी विभाग में अपना योगदान देते रहेंगे। इस मौके पर डॉ वरुण, डॉ धर्मेंद्र, डॉ संतोष, डॉ सुप्रिया, मनोज कुमार, मुनचुन सिंह, सुधीर कुमार, दीपक कुमार, पूनम सरकार और कमलेश कुमार आदि उपस्थित थे।

# सम अस्पताल के सितालापल्ली परिसर में सर्जनों ने सफलतापूर्वक जटिल सर्जरी की

आजाद सिपाही संवाददाता




**बरहामपुर।** इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और एसयूएम हॉस्पिटल के सीतालापल्ली परिसर में सर्जनों ने एक मोटे मरीज की रीढ़ की हड्डी की जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक की है। मरीज, जो रीढ़ की हड्डी की गंभीर समस्याओं से पीड़ित था और साथ ही हृदय और नेफ्रोलॉजिकल स्थितियों से पीड़ित था, ने सर्जिकल टीम के लिए एक अनोखी चुनौती पेश की, जिसमें न्यूरोसर्जरी, कार्डियोलॉजी और नेफ्रोलॉजी के विशेषज्ञ शामिल थे।

टीम के सदस्यों ने एक ही सत्र में 130 किलोग्राम वजन वाले मरीज पर दो सुप्रा मेजर स्पाइन सर्जरी करने के लिए निर्बाध रूप से सहयोग किया, जिसमें सर्वाइकल लैमिनेक्टॉमी, लम्बर लैमिनेक्टॉमी और पोस्ट स्पाइनल फिक्सेशन शामिल था। सर्जरी, जिसमें रोगी की सहवर्ती स्थिति से जुड़े जोखिमों को कम करने के लिए उन्नत सर्जिकल कौशल के साथ-साथ सावधानीपूर्वक पेरीऑपरेटिव प्रबंधन की आवश्यकता होती है, आइएमएस और एसयूएम अस्पताल, भुवनेश्वर के न्यूरोसर्जन डॉ सूर्यप्रताप सिंह तोमर और डॉ रंजीत पात्रा द्वारा संचालित किया गया था। मरीज अच्छी तरह से ठीक हो रहा था और गतिशीलता और दर्द में कमी में महत्वपूर्ण सुधार दिखा रहा था, जो चुनौतीपूर्ण मामलों को लेने और जटिल मामलों के सफल उपचार को सुनिश्चित करने की अस्पताल की क्षमता को रेखांकित करता था।

आइएमएस और एसयूएम अस्पताल का सीतलापल्ली परिसर, जिसका उद्घाटन पांच महीने से भी कम समय पहले हुआ था, जटिल चिकित्सा मुद्दों का सामना कर रहे दक्षिण ओड़िशा के मरीजों के लिए आशा की किरण बनकर उभरा है। अस्पताल के सूत्रों ने कहा कि इस मामले का सफल प्रबंधन पीड़ित मरीजों को राहत प्रदान करने के लिए चिकित्सा विज्ञान की सीमाओं को आगे बढ़ाने की अस्पताल की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

आइएमएस और एसयूएम अस्पताल ओड़िशा में एक अग्रणी बहु-विशेषता स्वास्थ्य सेवा प्रदाता है जो अपनी अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीक और अत्यधिक कुशल चिकित्सा पेशेवरों के लिए जाना जाता है, जिसका मिशन जटिल और उच्च जोखिम वाले मामलों के इलाज के लिए चिकित्सा विज्ञान में नवीनतम प्रगति का लाभ उठाते हुए व्यापक और दयालु देखभाल प्रदान करना है।

# लोगों को अपनी समस्याओं के लिए जिला अधिकारियों से संपर्क करना चाहिए : मोहन माझी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन माझी ने आज यानी 1 जुलाई से भुवनेश्वर के यूनिट-5 इलाके में मुख्यमंत्री शिकायत प्रकोष्ठ में जन शिकायतों की सुनवाई शुरू की। इस अवसर पर उन्होंने कहा, लोगों की समस्याओं को सुनना और उनका समाधान करना राज्य सरकार का कर्तव्य है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि, जमीनी स्तर से शिकायत निवारण की व्यवस्था है, लेकिन इसे और मजबूत करने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने दुख जताते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों से लोगों की समस्याओं के समाधान में दिक्कतें आ रही हैं। हालांकि शिकायतों की सुनवाई फिर से शुरू हो गयी है। सरकार ने लोगों से सीधे शिकायतें सुनना शुरू कर दिया है और वे सकारात्मक समाधान की उम्मीद कर सकते हैं। बहुत से लोग न्याय से वंचित थे। साढ़े चार करोड़ ओड़िया अब सरकार पर भरोसा कर सकते हैं। अगर सरकार शिकायतों को नहीं सुनती है, तो लोगों का भविष्य अंधकारमय हो जायेगा, ऐसा सीएम ने कहा। लोग दर-दर भटकते रहे, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया। शिकायतकर्ताओं से बात करके उनकी शिकायतें सुनी गयी हैं और उनका पंजीकरण किया गया है। समाधान निकलेगा और सामाजिक न्याय पाने के लिए शिकायतों का निवारण महत्वपूर्ण है। सभी विभागों के अधिकारियों और जिलाधिकारियों को हर जगह लोगों की शिकायतें सुनने के निर्देश दिए गये हैं। कहा कि जिला स्तर पर शिकायत निवारण को और मजबूत बनाया जाना चाहिए। रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि शिकायतों के लिए पंजीकरण सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक खुला रहेगा। इस संबंध में जानकारी ओड़िशा सरकार के सामान्य प्रशासन सचिव सुरेंद्र कुमार ने दी। यह देखा गया कि हजारों लोग भुवनेश्वर में यूनिट-5 में सीएम मोहन माझी के सीएम शिकायत निवारण प्रकोष्ठ के लिए निर्धारित आधिकारिक स्थान पर एकत्र हुए थे।

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act - 06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
BDSU
Admission Open : 2024-25
B.TECH CSE | CSE (AI) | CE | EEE
CSE (CYBER SECURITY)
4 Yrs Regular Eligibility : 10+2 / I.Sc
DIPLOMA CSE | EEE | CE
ME | EE
3 Yrs Regular Eligibility : 10th Pass
OTHER PROGRAMES : B. Pharm | D.Pharm | BCA
MCA | BBA | MBA | B.Lib.I.Sc | M.Lib.M.Sc | ITI
Programes Run & Managed by Vananchal Educational & Welfare Trust
B.D.S. | B.H.M.S | B.Sc. Nursing | GNM | ANM | B.Sc. (Medical) | B.Sc. MLT
B.Ed. | D.EL.Ed | M.D. | M.D.S. | M.Sc. (Medical) | PARAMEDICAL
BDSU : FARATHIYA, GARHWA-822114, JHARKHAND
9661462506, 6206297213, 9934688493
bdsu.ac.in | vananchaltrust.org

## ओड़िशा के मुख्य सचिव मनोज आहूजा ने पहली बैठक की अध्यक्षता की, स्थिति का जायजा लिया

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** मुख्य सचिव मनोज आहूजा ने सोमवार को लोक सेवा भवन में सभी एसीएस, प्रमुख सचिवों, सचिवों के साथ पहली बैठक की अध्यक्षता की। रिपोर्ट्स के मुताबिक, एसीएस और जिला कलेक्टरों (डीसी) ने उन्हें सभी विभागों और उनके कामकाज के बारे में जानकारी दी। आईएएस मनोज आहूजा ने रविवार को ओड़िशा के मुख्य सचिव का पदभार संभाल लिया और प्रदीप जेना सेवानिवृत्त हो गये। खबरों के मुताबिक, नवनियुक्त मुख्य सचिव मनोज आहूजा आज ओड़िशा पहुंचे। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी मनोज आहूजा को राज्य सरकार ने शुक्रवार को ओड़िशा का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया था।

# रेलवे सुरक्षा आयुक्त को दो नवनिर्मित रेल लाइन पर ट्रेन यातायात संचालन के लिए अधिकृत किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**सालेगांव।** बुढ़ापंक तीसरी और चौथी लाइन रेलवे परियोजना के ढेंकनाल-हिंडोल रोड रेलवे खंड में 40.934 किलोमीटर की नयी ब्रॉड गेज रेल लाइन और कोट्टावलसा-किरंदुल रेल लाइन परियोजना के दंतेवाड़ा-कमलूर रेलवे खंड में 12.353 किलोमीटर की नयी रेल लाइन बिछाई गयी है। पूरा किया गया और चालू किया गया। रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) ने जून 2024 के अंतिम सप्ताह में इन नयी बिछाई गयी रेल लाइन का निरीक्षण किया और रेलवे खंड को चालू करने के लिए अपनी मंजूरी दे दी। सीआरएस ने नये बिछाए गये रेलवे ट्रैक, सिग्नलिंग सिस्टम, पुलों के सुरक्षा मापदंडों का निरीक्षण किया और दोनों परियोजनाओं के नए बिछाए गये रेल लाइन खंडों को ट्रेन परिचालन के लिए उपयुक्त घोषित किया। निरीक्षण के दौरान ईस्ट कोस्ट रेलवे के वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों की एक टीम ने सीआरएस की सहायता की। कुल मिलाकर, सालेगांव-बुढ़ापंक रेल लाइन परियोजना में 170 किलोमीटर में से 86.4 किलोमीटर तीसरी और चौथी लाइन का काम शुरू हो चुका है।

इसी प्रकार, कोट्टावलसा-किरंदुल रेल लाइन परियोजना में 445.598 किलोमीटर में से 302.55 किलोमीटर दोहरीकरण कार्य शुरू किया गया है। ईस्ट कोस्ट रेलवे क्षेत्र में रेलवे बुनियादी ढांचे के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और परियोजना को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए समर्पित रूप से काम कर रहा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव इन क्षेत्रों में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की प्रगति की लगातार निगरानी कर रहे हैं और मंत्रालय ने चल रही रेल लाइन परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने के लिए पूरा समर्थन दिया है। ईस्ट कोस्ट रेलवे के महाप्रबंधक परमेश्वर फंकवाल भी चल रही रेलवे परियोजनाओं की स्थिति की निगरानी कर रहे हैं और संबंधित अधिकारियों को काम में तेजी लाने और रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर शेष हिस्से को पूरा करने का निर्देश दिया है।

Jaspuria B.Ed.College
Recognized by NCTE & Affiliated by Ranchi University ,JAC Ranchi
Address- Bisa,Getalsud,Angara,Ranchi-835103 (Jharkhand)
Email Id- jaspuriabedcollege@gmail.com
Ph:-7004989939,6388633957

APPOINTMENT

Applications are invited for the post of Asst. Professor in the Department of B.Ed.

1. Perspective 1
2. Physical Education. 1
3. Performing. Arts. 1
4. Pedagogy Subject 4
(Hindi-1, Science-1, Social Science-2)

Note- Eligibility Criteria for all the above posts shall be as per NCTE Norms & regulations, Reservation policy as per state Govt. norms, Please mail resumes at email: jaspuriabedcollege@gmail.com within 7 days. Only short listed candidates will be called for interview.
Website - www.jaspuriabedcollege.org
Sd. /-
President

DAS MUSICAL STORES
DAS RUBBER STAMP
Wholesale & Ratails
Dealers of all Musical Instruments
Mob.: 9835164815/ 8825354800/7250933033
MAIN ROAD, RANCHI, OPP. HANUMAN MANDIR
KOKAR , H.B. ROAD, OPP. R.L.S.Y. SCHOOL , RANCHI

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# नयागढ़ में तेंदुए की खाल जब्त, एक शिकारी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**ओड़िशा।** एसटीएफ की एक टीम ने नयागढ़ वन प्रभाग के अधिकारियों की मदद से छापेमारी की। शाम को खमरसाही पीएस दासपल्ला जिला नयागढ़ के पास एनएच-57 के किनारे वन्यजीव अपराधियों द्वारा वन्यजीव उत्पादों के लेन-देन और कब्जे के संबंध में छापेमारी की गयी। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि एक वन्यजीव अपराधी बैकुंठ उर्फ बैरागी बेहरा, 44 वर्ष, पुत्र कृष्ण चंद्र बेहरा, सोरदा पीएस, नुआगांव जिला, नयागढ़, वर्तमान में हरिदाबादी पीएस, दासपल्ला जिला, नयागढ़ को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक तेंदुए की खाल के साथ अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गयी। आरोपी व्यक्ति तेंदुए की खाल रखने के समर्थन में कोई सबूत पेश नहीं कर सका। नवीनतम रिपोर्टों के अनुसार उसे पकड़ लिया गया है और उसे जेएमएफसी, दासपल्ला जिला नयागढ़ की अदालत में भेजा जा रहा है। इस संबंध में एसटीएफ पीएस केस संख्या 19 दिनांक 30.06.2024 यू/एस 379/411 आईपीसी आर/डब्ल्यू। वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 51 के तहत पंजीकृत किया गया था। त्वचा को जैविक परीक्षण के लिए निदेशक डब्ल्यूआईआई, देहरादून को भेजा जायेगा। इस संबंध में जांच चल रही है।

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट-भुतपूर्व वारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**